खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

www.shahtimesnews.com

मुरादाबाद, गुरुवार 10 अप्रैल 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 240 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 11 शव्वाल 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

तापमान: अधिकतम :34°C न्यूनतम: 21°C

सेंसेक्स 73,847.15 निफ्टी 22,399.15

सोना 91,025 चांदी 93,000



ट्रम्प ने दवाओं पर टैरिफ लगाने का किया ऐलान
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



मैक्सवेल पर लगा मैच फीस का 25% जुर्माना
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

फ्रांस से 26 राफेल लड़ाकू विमान खरीदेगा भारत

63 हजार करोड़ की डील को सरकार की मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। नौसेना को अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों से लैस करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सरकार ने फ्रांस से 63 हजार करोड़ रुपये की लागत से 26 मरीन राफेल लड़ाकू विमान की खरीद को मंजूरी दे दी है। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि सरकार ने मंगलवार को इन विमानों की खरीद को मंजूरी दी।

इन लड़ाकू विमानों के मिलने के बाद नौसेना की मारक क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी। अभी वायुसेना के बेड़े में 36 राफेल लड़ाकू विमान हैं। सरकार से सरकार के बीच होने वाली इस खरीद को नौसेना के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस सौदे को लेकर भारत और फ्रांस के बीच करीब दो वर्ष से बात चल रही थी। सूत्रों ने बताया कि इस अनुबंध पर जल्द ही हस्ताक्षर होने की संभावना है और विमानों की आपूर्ति में चार से पांच वर्ष का समय लग सकता है। अनुबंध के पैकेज में

नौसेना की मारक क्षमता में कई गुना होगा इजाफा

विमानों का रख रखाव, प्रशिक्षण और कलपुर्जों का देश में ही निर्माण भी शामिल है। कुल 26 विमानों में से 22 एक सीट वाले और चार दो सीट वाले होंगे। चार-पांच वर्ष बाद जब इन विमानों को नौसेना के बेड़े में शामिल किया जाएगा, तो इनकी तैनाती स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर की जाएगी। अभी भारतीय नौसेना के पास मिग-29 के लड़ाकू विमानों का बेड़ा है।

सिंचाई को नया तंत्र होगा विकसित

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 1600 करोड़ रुपये के परिव्यय से वर्ष 2025-26 की अवधि के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की उप-योजना के तौर पर कमांड क्षेत्र विकास और जल प्रबंधन के आधुनिकीकरण को मंजूरी दी है। बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य मौजूदा नहरों या अन्य स्रोतों से निश्चित क्षेत्रों में सिंचाई जल की आपूर्ति के लिए सिंचाई जल आपूर्ति तंत्र का आधुनिकीकरण करना है। इससे खेतों तक सिंचाई का नई तंत्र विकसित होगा।

तिरुपति काटपाड़ी रेलखंड के दोहरीकरण को कैबिनेट की मंजूरी

नई दिल्ली। सरकार ने आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में काटपाड़ी से तिरुपति तक 104 किलोमीटर की रेल लाइन के दोहरीकरण किए जाने को बुधवार को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बुधवार को यहां हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बैठक में आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में तिरुपति-पाकला- काटपाड़ी एकल रेलवे लाइन खंड के दोहरीकरण करने की मंजूरी दी गई। श्री वैष्णव ने कहा कि बढ़ी हुई लाइन क्षमता से गतिशीलता में सुधार होगा, भारतीय रेलवे के लिए बढ़ी हुई दक्षता और सेवा विश्वसनीयता प्रदान होगी।

ममता सख्त: बंगाल में लागू नहीं होगा वक्फ कानून

- बोलीं- गोली मार दो पर धर्म के नाम पर बंटवारा मंजूर नहीं
- बीजेपी ने कहा: फर्जी हिंदू

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि नया वक्फ कानून पश्चिम बंगाल में लागू नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक पश्चिम बंगाल में ममता दीदी है, मुस्लिम समुदाय की संपत्ति की रक्षा करेगी।

ममता कोलकाता में जैन समाज के कार्यक्रम में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कुछ लोग पूछते हैं कि मैं हर धर्म के स्थानों पर क्यों जाती हूं। मैं पूरी जिंदगी जाऊंगी। चाहे कोई गोली मार दे, मुझे एकता से अलग नहीं किया जा सकता। बंगाल में धर्म के नाम पर बंटवारा नहीं होगा। जियो और जीने दो यही हमारा रास्ता है। इस बयान पर भाजपा नेता और पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि ममता फर्जी हिंदू हैं, अपनी भाषा और आचरण से उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है। मुर्शिदाबाद में हिंदुओं की दुकानों पर तोड़फोड़ की गई, पुलिस पर हमला किया गया। फिर भी ममता चुप हैं।

राम रहीम को मिला 21 दिन का फरलो जेल से रिहा

चंडीगढ़। साध्वी यौन शोषण एवं पत्रकार रामचंदर छत्रपति की हत्या के मामले में 20 वर्ष की कैद की सजा भुगत रहे सिरसा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम को बुधवार को 21 दिन के फरलो पर रोहतक की सुनारिया जेल से रिहा कर दिया गया। हरियाणा सरकार ने पिछले सात वर्षों में 14वीं बार डेरा प्रमुख का पैरोल/फरलो मंजूर किया है, जिसमें से अधिकांश किसी न किसी चुनाव के आसपास किए गए हैं। पिछली बार दिल्ली विधानसभा चुनाव से एक सप्ताह पहले राम रहीम को 30 दिन के पैरोल पर रिहा किया गया था। उससे पहले पिछले साल लोकसभा चुनाव, हरियाणा विधानसभा चुनाव के मौकों समेत राम रहीम को पैरोल/फरलो पर जेल से रिहा किया गया था।

त्रिपुरा के लिए छह और एकलव्य विद्यालयों को मंजूरी

अगरतला। जनजातीय कल्याण मंत्रालय ने त्रिपुरा के लिए छह नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) को मंजूरी दी है। राज्य के जनजातीय मामलों के मंत्री विकाश देव वर्मा ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी। मीडिया से बात करते हुए देव वर्मा ने कहा कि राज्य के ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने के लिए सोमवार को दिल्ली में जनजातीय कल्याण मंत्रालय के सचिव विभु नायर के साथ हुई एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद नए ईएमआरएस की स्थापना को मंजूरी दी गई।

बैसाखी व खालसा दिवस मनाने 253 श्रद्धालु पाक रवाना

नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी से 253 श्रद्धालुओं के जत्थे को बैसाखी और खालसा दिवस मनाने के लिए पाकिस्तान रवाना किया। गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब से अरदास करने के बाद जत्था रवाना किया गया। यह पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों के दर्शन करने के बाद वापस लौटेगा। इस अवसर पर दिल्ली समिति सलाहकार परमजीत सिंह चढ़ोक ने सभी श्रद्धालुओं का सम्मान किया। समिति के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और महासचिव जगदीप सिंह काहलो भी मौजूद रहे।

भारत अमेरिकी शुल्क के प्रभावों पर कर रहा अध्ययन

नई दिल्ली। भारत ने बुधवार को कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में अमेरिकी शुल्क को लेकर निर्यातकों और अन्य सभी पक्षकारों से इससे पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन कर रहा है और इसी के आधार पर द्विपक्षीय व्यापार समझौते को निष्कर्ष पर पहुंचाना चाहता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में अमेरिकी शुल्क को लेकर कुछ सवालों के जवाब में कहा कि अमेरिका की शुल्क लगाने संबंधी घोषणा के बाद एक विस्तृत प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई है।

तहव्वुर राणा अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित

26/11 हमले में मुख्य साजिशकर्ता है तहव्वुर

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमेरिका से स्पेशल फ्लाइट रवाना, देर रात तक लैंड होगी, एनआईए अपनी कस्टडी में रखेगी

नई दिल्ली। मुंबई में 26/11 के आतंकवादी हमले के मुख्य साजिशकर्ता पाकिस्तानी तहव्वुर राणा को न्यायिक प्रक्रिया के तहत कार्यवाही के लिए अमेरिका से प्रत्यर्पित कर बुधवार को भारत के लिए रवाना किया गया।

अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार राणा को एक विशेष विमान से भारत के लिए रवाना कर दिया गया है। राणा को लेकर आ रहे विमान के भारतीय समयानुसार बुधवार देर रात यहां पहुंचने की संभावना है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि उसका विमान भारत में कहां उतारा जाएगा और राणा को किस स्थान पर रखा जाएगा। इससे पहले अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने तहव्वुर राणा की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उसने खुद को भारतीय अधिकारियों को सौंपे जाने का विरोध किया था। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स की अदालत ने इस याचिका को खारिज कर दिया था। इसके बाद उसे भारत की एनआईएको सौंपने का रास्ता साफ हो गया था। राणा ने प्रत्यर्पण की कार्रवाई के विरुद्ध 13 फरवरी को दायर याचिका में कहा था कि उसके खिलाफ अमेरिका में सभी अपीलों पर अदालती कार्यवाही पूरी होने तक उसे भारत को न सौंपा जाए। उसने तर्क दिया कि उसे भारत को प्रत्यर्पित किया जाना अमेरिकी कानून और संयुक्त राष्ट्र की यातना विरोधी संधि का उल्लंघन है। राणा का कहना था कि उसे भारत में यातनाएं दी जा सकती हैं। अमेरिकी शीर्ष अदालत द्वारा सोमवार को भारत को उसके प्रत्यर्पण के खिलाफ उसकी याचिका को खारिज कर दिए जाने के बाद उसे भारत भेजे जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। प्रत्यर्पण प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत से एक मल्टी-एजेंसी टीम अमेरिका गई थी और उसने अमेरिकी अधिकारियों के साथ सभी कागजी कार्रवाई और कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने में मदद की। रिपोर्टों के अनुसार, 64 वर्षीय पाकिस्तानी-कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा, पाकिस्तान स्थित इस्लामी आतंकी समूह, लश्कर-ए- तैयबा से जुड़ा था। राणा लॉस एंजिल्स में अमेरिकी मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में 14 साल तक कैद रहा। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार 2023 में भारत को उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दी थी, लेकिन उसने शीर्ष अदालत में बार-बार प्रत्यर्पण रोकने के लिए याचिकाएं दायर कीं थीं, पर उसे आखिरकार सफलता नहीं मिली।

बैंकों से मिलने वाला कर्ज होगा सस्ता!

RBI ने दूसरी बार रेपो रेट घटाकर 6% किया, लोन सस्ते होने से EMI होगी कम

मुंबई, वार्ता

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने महंगाई के जोखिम के कम होने और आर्थिक गतिविधियों को सुस्ती से उबारकर तीव्र गति देने के उद्देश्य से बुधवार को नीतिगत दरों में लगातार दूसरी बार 0.25 प्रतिशत की कटौती करने का निर्णय लिया, जिससे घर, कार और अन्य तरह के ऋण की किस्तों में कमी आने की उम्मीद लगाए लोगों को बड़ी राहत मिली है।

एमपीसी ने फरवरी 2025 की बैठक में भी नीतिगत दरों में एक चौथाई प्रतिशत की कटौती की थी। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति की चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक तीन दिवसीय बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की गई और सुस्त अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए अपनी मौद्रिक नीति के रुख को 'तटस्थ' से 'समायोज्य' में बदल दिया है। वर्तमान और विकसित हो रही व्यापक आर्थिक स्थिति का आकलन करने के बाद एमपीसी ने सर्वसम्मति से रेपो दर को तत्काल प्रभाव से 25 आधार अंक घटाकर 6 प्रतिशत करने के लिए मतदान किया। इससे चल निधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के तहत स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) दर 5.75 प्रतिशत और सीमांत स्थाई सुविधा (एमएसएफ) दर और बैंक दर 6.25 प्रतिशत पर समायोजित हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई के लिए मध्यम अवधि के लक्ष्य को चार प्रतिशत के भीतर रखने के उद्देश्य के अनुरूप है, जबकि विकास को समर्थन प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि

किस्तों में कमी आने की उम्मीद लगाए लोगों को मिली बड़ी राहत

जनवरी-फरवरी 2025 के दौरान मुख्य मुद्रास्फीति में कमी आई। खाद्य मुद्रास्फीति में तीव्र सुधार के बाद खाद्य मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण निर्णायक रूप से सकारात्मक हो गया है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति चार प्रतिशत रहने का अनुमान है।

अब एनपीसीआई करेगा यूपीआई लेनदेन की सीमा में बदलाव

मुंबई। आरबीआई ने एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के लगातार बढ़ते उपयोग को ध्यान में रखते हुए लेनदेन की सीमा को अधिक लचीला बनाने की दिशा में आज एक बड़ा कदम उठाया और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) को यूपीआई के जरिये होने वाले लेनदेन की सीमा को बदलने का अधिकार दे दिया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि एनपीसीआई को अधिकार दिया गया है कि वह बैंकों और अन्य हितधारकों से परामर्श कर नई परिस्थितियों के अनुसार यूपीआई लेनदेन सीमाओं में संशोधन कर सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में यूपीआई पर व्यक्ति से व्यक्ति (पी2पी) और व्यक्ति से व्यापारी (पी2एम) लेनदेन की अधिकतम सीमा एक लाख रुपये है। हालांकि कुछ विशेष पी2एम मामलों में यह सीमा दो लाख रुपये और पांच लाख रुपये तक जाती है।

सोने के जेवर पर ऋण देने के नियम सबके लिए होंगे समान

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोने के आभूषणों और गहनों के बदले दिए जाने वाले ऋणों को लेकर मौजूदा नियमों की समीक्षा करते हुए नए मसौदा दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि सोने के आभूषणों और गहनों के बदले दिए जाने वाले ऋणों को लेकर मौजूदा नियमों की समीक्षा की गई और नए मसौदा दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन ऋणों का उपयोग आम तौर पर उपभोग और आय सृजन दोनों उद्देश्यों के लिए किया जाता है। श्री मल्होत्रा ने बताया कि इस क्षेत्र में अब तक विभिन्न प्रकार के विनियमित संस्थानों (आरई) जैसे बैंक, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) और सहकारी संस्थानों के लिए अलग-अलग नियम लागू होते थे। इससे नियमों में असंगति देखी जा रही थी। अब इन सभी संस्थाओं के लिए नीति और व्यापक नियम लाने का निर्णय लिया गया है। गवर्नर ने बताया कि इसके तहत विभिन्न प्रकार की वित्तीय संस्थाओं के लिए एकसमान नियामकीय ढांचा तैयार किया जाएगा। प्रत्येक संस्था की जोखिम वहन करने की क्षमता को ध्यान में रखते हुए नियम बनाए जाएंगे।

बिहार में बिजली गिरने से 10 लोगों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

- दिल्ली में 15 साल बाद अप्रैल में पारा 40 डिग्री के पार पहुंचा

नई दिल्ली। देशभर में भीषण गर्मी के बीच बिहार में बिजली गिरने से 3 जिलों में 10 लोगों की मौत हो गई है। बुधवार को 4 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट और 27 जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है।

असम और बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का क्षेत्र के कारण बिहार तक नमी युक्त हवाएं आ रही हैं, जिनसे उत्तर-पूर्व के इलाकों में मौसम बदला है। इधर, देश के उत्तरी-पश्चिमी राज्यों में अप्रैल के पहले हफ्ते से ही लू का असर तेज होता जा रहा है। राजस्थान, दिल्ली, मध्य प्रदेश, गुजरात, हरियाणा और पंजाब के कई हिस्से हीटवेव की चपेट में हैं। मध्य प्रदेश के 30 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। दिल्ली में 15 साल बाद अप्रैल में तापमान 40 डिग्री के पार गया है। कई इलाकों में हीटवेव के हालात हैं।

भारत की प्रगति से दूसरों की प्रगति के रास्ते खुलते हैं

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कहा : भारत के प्रति दुनिया का विश्वास आज और मजबूत हुआ

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत परस्पर सहयोग के दर्शन के साथ कार्य करता है और अपने विकास के साथ दूसरों के विकास के द्वार भी खोलता है। इसी कारण भारत के प्रति दुनिया का विश्वास आज और मजबूत हुआ है।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत कि यह विशेषता है कि इस देश की प्रगति से दूसरों की भी प्रगति के रास्ते खुलते हैं। वह राजधानी में जैन धर्मावलम्बियों के 'नवकार महामंत्र दिवस' को संबोधित कर रहे थे। विज्ञान भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने जैन धर्म की शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन का संचालन करने में सुंदरता की व्याख्या करते हुए पानी की बचत, और स्वच्छता जैसे नौ संकल्प कराए। नवकार महामंत्र दिवस आध्यात्मिक सद्भाव और नैतिक चेतना का एक महत्वपूर्ण उत्सव है। इसमें जैन धर्म में सबसे अधिक पूजनीय और सार्वभौमिक मंत्र- नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप के माध्यम से लोगों की एकजुटता की प्रार्थना की जाती है। उन्होंने कहा कि आज भारत पर दुनिया का विश्वास और भी गहरा हो रहा है। हमारे प्रयास, हमारे परिणाम, अपने आप में अब प्रेरणा बन रहे हैं। वैश्विक संस्थाएं भारत की ओर देख रही हैं। उन्होंने कहा कि क्योंकि भारत आगे बढ़ा है। और जब हम आगे बढ़ते हैं, ये भारत की विशेषता है, जब भारत आगे बढ़ता है, तो दूसरों के लिए रास्ते खुलते हैं। यही तो जैन धर्म की भावना है। 'परस्परोपग्रह जीवानाम!' के दर्शन का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जीवन आपसी सहयोग से ही चलता है।

चालू वित्त वर्ष में भारत की विकास दर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान: एडीबी

नई दिल्ली। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने उच्च घरेलू मांग, बढ़ती ग्रामीण आय, एक मजबूत सेवा क्षेत्र और नरम मुद्रास्फीति के बल पर उपभोक्ता विश्वास बढ़ाने से चालू वित्त वर्ष में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का बुधवार को अनुमान जताया। एडीबी द्वारा बुधवार को जारी एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) अप्रैल 2025 के अनुसार, अनुकूल मौद्रिक और राजकोषीय नीतियों से विकास की गति को बनाए रखने की उम्मीद है और अगले वित्त वर्ष में जीडीपी में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। भारत के लिए एडीबी के कंट्री डायरेक्टर मियो ओका ने कहा कि भारत वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद लचीला विकास दिखा रहा है, जो भारत सरकार के बुनियादी ढांचे के विकास और रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित करने से प्रेरित है।

विश्व को 'टैरिफ युद्ध' की तरफ धकेलता अमेरिका

अबूबकर शिब्ली

भारत सहित कई देशों पर भारी भरकम टैरिफ थोपे जाने से वैश्विक व्यापार श्रृंखला के बाधित होने का खतरा मंडराया

सहारनपुर। वैश्वीकरण के दौर में अमेरिका द्वारा भारत सहित कई देशों पर भारी भरकम टैरिफ थोपे जाने से वैश्विक व्यापार श्रृंखला के बाधित होने का खतरा मंडराने लगा है।

अर्थशास्त्री अमेरिका के इस कदम को संरक्षणवाद को बढ़ावा देने वाला करार दे रहे हैं। जो विश्व को एक नए व्यापार युद्ध में धकेल देने की क्षमता रखता है। जबकि अमेरिकी अधिकारियों ने इसे दीर्घकाल में विश्व अर्थव्यवस्था के लिए सुखद परिणाम देने वाला प्रयास बताया है। इन सबके बीच अमेरिका के इस कदम का विशेष तौर पर भारत पर क्या प्रभाव पड़ेगा, अर्थशास्त्री इसका विश्लेषण करने में जुटे हैं। बीती 3 अप्रैल को अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने चीन, यूरोपीय आयोग, ताइवान, जापान, भारत सहित अनेक मजबूत अर्थव्यवस्था वाले देशों पर टैरिफ लागू करने की घोषणा की थी। इसमें भारत पर 26 फीसदी का टैरिफ लगाया गया है, जो भारत की निर्यात अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी बाधा उत्पन्न कर सकता है। क्योंकि आर्थिक जानकारों का मानना है कि ट्रंप

के 'टैरिफ अटैक' का पूरी दुनिया पर प्रभाव पड़ सकता है और भारत भी इसका अपवाद नहीं है। हालांकि सुखद पहलू यह है कि भारत पर इसका प्रभाव व्यापक नहीं बल्कि सीमित व अल्पकालिक होगा। क्योंकि भारत एक निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था न होकर आयात आधारित अर्थव्यवस्था है। भारत के पास स्वयं का बाजार उपलब्ध है। जो पर्याप्त मांग उत्पन्न करने के लिए सक्षम है। बस सरकार को मांग सृजित करने के लिए प्रोत्साहन उपाय करने होंगे। गोल्डमैन सैक्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के टैरिफ का भारत की जीडीपी पर 0.1% से 0.6% तक असर पड़ सकता है। साथ की भारत की घरेलू गतिविधियों को बढ़ाने के लिए भी इसका असर सीमित होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रंप के टैरिफ से ग्लोबल मार्केट में उथल-पुथल के बीच भारत द्वारा निर्यातित सामान के मूल्यों में वृद्धि हो सकती है। जिससे घरेलू बाजार को महंगाई का झटका मिल सकता है। इससे आर्थिक विकास की गति तो धीमी होगी ही, साथ ही संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्र इससे प्रभावित हो सकते हैं। भारतीय शेयर बाजार फिलहाल काफी नीचे चल रहा है। लेकिन ट्रंप के टैरिफ की वजह से इसके और भी नीचे जाने की संभावना जताई जा रही है। टैरिफ की घोषणा के बाद से ही सेंसेक्स और निफ्टी दम तोड़ता दिख रहा -शेष पृष्ठ दो पर

इजरायली हमले में फलस्तीनी पत्रकार की जलकर मौत

गाजा, वार्ता

- आग की लपटों से घिरे चीखते रहे मंसूर
- जंग में अब तक 170 मीडियाकर्मी मारे गए

दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में इजरायल के हवाई हमले में एक फलस्तीनी पत्रकार अहमद मंसूर की जलने से मौत हो गई। इस हमले में कुल दो पत्रकार मारे गए, जबकि 8 घायल हुए। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में फलस्तीन टुडे के रिपोर्टर मंसूर आग की लपटों के बीच चीखते और छटपटाते नजर आए।

लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन वो नाकाम रहे। पत्रकार अहमद मंसूर को बचाने के लिए लोगों ने पानी छिड़ककर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन यह नाकाफी साबित हुई। इजरायली सेना ने हमले की पुष्टि करते हुए दावा किया कि उसने पत्रकार हसन एल्स्लेएह को निशाना बनाया था। हसन पर आरोप है कि वह 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हुए हमलों में शामिल था। हमले में एल्स्लेएह घायल हो गया।

नूरपुर में प्रोपर्टी डीलरों में जबरदस्त खूनी संघर्ष

कोर्ट में मामला विचाराधीन

शाह टाइम्स संवाददाता

नूरपुर। जमीनी विवाद को लेकर दो प्रोपर्टी डीलरों में खून संघर्ष होने से नगर में सनसनी फैल गई। क्षेत्र में इस तरह के कई विवाद चल रहे है। लेकिन इस तरह के विवाद कभी भी माहौल खराब कर सकते है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पूर्व नगर पालिका प्रत्याशी डॉ. फुरकान अंसारी के छोटे भाई अकरम अंसारी का जमीन को लेकर नगर के प्रोपर्टी डीलर से विवाद चल रहा है। दोनों पक्षों का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। उसी को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में आपस में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान अकरम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। गंभीर रूप से घायल अकरम अंसारी को नाजुक हालत देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। जहां पर उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

मालूम हो कि क्षेत्र में कई जमीनी विवाद चल रहे है। जमीनी विवाद को लेकर कभी भी खूनी संघर्ष हो सकता है। पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी इस तरह के मामलों में ठोस कार्यवाही नहीं करते हैं।

भाजपा का सक्रिय सदस्यता सम्मेलन

नूरपुर। विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर परी गार्डन में सक्रिय सदस्यता सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सक्रिय सदस्यता सम्मेलन में विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह ने अंत्योदय के पथ पर आगे बढ़ते हुये राष्ट्र निर्माण, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ पार्टी के सिद्धांतों पर चलने, सबका साथ सबका विकास के प्रण को लेकर राष्ट्र को मजबूत करने का संकल्प पूर्ण करेंगे। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अद्वितीय नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र निर्माण गरीब कल्याण, सांस्कृतिक धरोहर व महिलाओं के सम्मान का अद्भुत पर्याय बनकर 'विक. सित भारत' के निर्माण में ऐतिहासिक योगदान दे रहे है। इस मौके पर नगर पालि. का अध्यक्ष डॉ. एमपी सिंह, निशांत कर्णवाल, पुष्पेंद्र शेखावत, धर्मेंद्र जोशी, अंकित जोशी, जुगन चौधरी, पूर्व मंत्री महावीर सिंह, ब्लॉक प्रमुख आकाश चौहान, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश चौधरी, प्रेमपाल सिंह, सचिन चौधरी, सरदार हरभजन सिंह आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

पुलिस ने 24 घंटे में ढूंढ निकाला बाइक चोर

निशानदेही पर चोरी की बाइक बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

नहटौर। पुलिस ने करीब एक दर्जन सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद 24 घंटे में बाईक चुराने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर चोरी हुई बाईक भी बरामद कर ली। आरोपी युवक का चालान कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला दरबार सादात निवासी सैय्यद अहमद कादरी ने अपने भाई शाहवर कादरी की बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। सोमवार की दोपहर को एक युवक बाइक को चुरा कर ले गया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने जब जांच पड़ताल शुरू की तो घर के बाहर लगे एक सीसीटीवी फुटेज में एक युवक बाइक चुराता हुआ नजर आया। पुलिस ने इस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर रास्तों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए। पुलिस ने करीब एक दर्जन सीसीटीवी फुटेज खंगाले आरोपी युवक नहटौर नूरपुर बाईपास अमीनाबाद मार्ग तक आता हुआ दिखाई दिया। सिपाही राजदीप व शरद पंवार ने सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से जब उसकी पहचान करने की कोशिश की तो आरोपी युवक नहटौर क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी प्रशांत उर्फ कनिष्क पुत्र धर्मपाल हाल निवासी ग्राम जयरामपुर स्योहारा निकला। पुलिस ने उसे नहटौर धामपुर मार्ग पर गांगन नदी के पुल पर स्थित सिंचाई विभाग के बंगले के पास कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी हुई बाइक भी बरामद कर ली। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर 24 घंटे में आरोपी युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गया। कोतवाल धीरज सोलंकी का कहना है कि आरोपी का चालान कर दिया है।

कपिल कुमार का असिस्टेंट कमांडेट के पद पर चयन, परिजनों मे हर्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। जैतरा निवासी कपिल कुमार राजपूत 27 वर्ष का आईटीबीपी में असिस्टेंट कमांडेट के पद पर चयन हुआ है। उनके पिता किशन कुमार ने बताया कि वह नूरपुर डाकघर में पोस्टमास्टर के पद पर तैनात हैं। बेटे की प्रारंभिक शिक्षा सेंट मैरी स्कूल धामपुर से हुई। हिमाचल के राष्ट्रीय सैन्य स्कूल से इंटरमीडिएट के बाद उन्होंने बीटेक किया।

कपिल ने सेंट्रल आर्मड पुलिस फोर्स परीक्षा में आल इंडिया 29वीं रैंक हासिल कर परिजनों ओर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। फिलहाल उत्तराखंड के मसूरी में आईटीबीपी एकेडमी में उनकी ट्रेनिंग पूरी हो चुकी है। कपिल की माता सुनीता देवी गृहणी है। उनके पिता भी असम राईफल्स में तैनात रह चुके है। कपिल की सफलता पर उनके परिजनों और रिश्तेदारों में खुशी का वातावरण बना है। उनके घर बधाई देने आने वाले लोगों का ताँता लगा हे। इस अवसर पर राज बहादुर सिंह, ईश्वर दयाल, ओमेन्द्र चौहान, शालिनी चौहान आदि में हर्ष का माहौल है।

डीएम ने ली रेडक्रास सोसायटी की बैठक

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भारतीय रेडक्रास सोसायटी की समिति की बैठक आयोजित हुई।

उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी एक महत्वपूर्ण समाजसेवी संस्था है, जिसे क्रियाशील रह कर जनहित के कार्यक्रमों का आयोजन कर जनसामान्य को अपनी सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में रेडक्रॉस सोसायटी को पूरी तरह क्रियाशील रहें और आमजन को अपनी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए समर्पित और सेवा भाव के साथ कार्य करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर स्वास्थ्य कैंपो का आयोजन करें तथा प्राथमिक चिकित्सा से संबंधित उनको प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर उन्होंने निर्देश दिए की रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य स्कूलों में जाकर बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करें और विशेष रूप से महिला स्वास्थ्य के प्रति उनको आवश्यक जानकारी भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि उनके द्वारा विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के समीक्षा के अवसर पर वहां भी मेडिकल हैल्थ कैंपों का आयोजन करें और आमजन को चिकित्सा सुविधा के अलावा अचानक हार्ट अटैक आदि की परिस्थिति में की जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा एवं सुरक्षा के उपायों की भी जानकारी उपलब्ध कराएं ताकि जान बचाई जा सके।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए योगेंद्र पाल सिंह ने बताया कि रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा जेल सहित जिले के विभिन्न शहरों में सामान्य एवं स्वास्थ्य चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण, निशुल्क दावाओं का वितरण भी किया गया। इसके अलावा आई कैंपों का आयोजन कर आमजन की आंखों को चेकअप किया गया और उनको निशुल्क रूप से चश्मों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर विगत वर्ष सोसाइटी की गतिविधियों एवं आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत करते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष में की जाने वाली कार्य योजना के बारे में विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. मनोज सेन, डॉ. प्रभा रानी, उपायुक्त मनरेगा, टीकम सिंह सेंगर चेयरमैन, मीडिया प्रभारी योगेन्द्र पाल सिंह, रोबिन सिंह, भुवन चंद्र पांडे, शूरवीर सिंह, योगेश पाल संबंधित अधिकारी एवं सोसायटी के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे।

चांदपुर विकास प्रदर्शनी में अव्यवस्थाओं का बोलबाला

शाह टाइम्स संवाददाता

चांदपुर। नगर में चली विकास प्रदर्शनी के नाम पर दो-दो मेले सिर्फ आवारा किस्म के ही लड़कों के लिए उनकी मौज मस्ती का बाजार माने जा रहे है। इन मेलों में मेला देखने आने वाले लोगों के लिए किसी प्रकार की कोई खास सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। अब मेले में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की कोई वारदात हो जाए उसकी गारंटी भी ठेकेदारों के पास नहीं है।

उधर मेलों में होटल व खेल खिलौनों की दुकानों पर कोई आग. जनी की घटना हो जाए तो किसी प्रकार की आग बुझाने वाला यंत्र नहीं लगवाए गए साथ ही मेले में झूलों और मौत के कुआं आदि पर किसी भी दुर्घटना को देखते हुए कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से अभी आमजन में मेलों में अव्यवस्था सता रही है। मेले में कब कोई वारदात हो जाये इसकी कोई गारंटी नहीं है। जनता की माने तो मेला ठेकेदार का व्यवहार भी किसी आमजन के साथ अच्छा नहीं है। जानकार बताते है कि मेला ठेकेदार अपनी अभद्रता के चलते अपने अव्यवहारिक होने के कारण बड़ी हवेली भी जा चुका है। मगर उसका घमण्ड न जाने किस आसमां पर चढ़ा रहता है। हालांकि हमें इससे तो कोई सरोकार नहीं बल्कि मेला देखने आने वाले बच्चों, महिलाओं व आमजन के लिए मेले में कोई खास सुरक्षा व्यवस्था नहीं दिखाई दे रही है। मेले में सिर्फ आवारा किस्म के लड़कों के ही झुण्ड घूमते दिखाई देंगे, जिनको कोई रोक टोक करे, तो वह उस पर मारपीट पर उतारू हो जाते है। कुल मिलाकर नगर में एक साथ दो मेले चलना आश्चर्यजनक तो है ही। साथ ही मेले में आने वाले लोगों के लिए क्या खास है। यह कोई बताने को तैयार नहीं है। एक मेला ठेकेदार का कहना है कि हम व्यवस्था बना रहे है।

पीड़ित महिला ने डीएम से लगाई कार्यवाही की गुहार

अफजलगढ़। गांव तुरतपुर निवासी महिला अंजू देवी पत्नी योगेश ने अफजलगढ़ क्षेत्र के गांव आसफाबाद चमन में एक कार्यक्रम के दौरान पंहुची जिलाधिकारी जसजीत कौर को शिकायती पत्र सौंपा, जिसमें उसने बताया कि मेरे पति योगेश की बीमारी के चलते चार वर्ष पूर्व निधन हो गया था। जैसे तैसे वह अपना गुजर कर रही है। किंतु ससुराल में मेरे जेठ जितेन्द्र, ब्रजेश कुमार, दोनों जेठानिया निरंतर उत्पीड़न कर रहे हैं। आरोप है कि वह अपने हिस्से की जमीन पर मिट्टी का भराव कर रहने का इंतजाम कर रही थी। जिसे इन लोगों ने रुकाव दिया है। जिस पर मैंने अपने परिजनों व आसपास के गणमान्य व्यक्तियों को ससुराल पक्ष के लोगों को समझाने हेतु बुलवाया किन्तु इस दौरान जेठ जितेन्द्र व उनकी पत्नी मीना ने डंडे से मेरे पिता जसवीर सिह के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया, जिसकी सूचना अफजलगढ़ कोतवाली को दी। किन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़िता ने कार्यवाही की मांग की है। वहीं सीओ राजेश सोलंकी का कहना है कि मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

प्राथमिक विद्यालय खुशहालपुर में वार्षिकोत्सव एवं शारदा संगोष्ठी

शाह टाइम्स संवाददाता

अफजलगढ़। प्राथमिक विद्यालय खुशहालपुर में वार्षिकोत्सव एवं शारदा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्य इमरान अहमद ने शिक्षा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान कैलास चंद व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रधान अध्यापक द्वारा विद्यालय की विकास योजना के साथ सरकार द्वारा बच्चों को दी जा रही धनराशि जूते, ड्रेस आदि संचालित की जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी से ग्राम वासियों को अवगत कराया। वहीं इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विद्यालय में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष ओमवीर सिंह ने एवं संचालन इमरान अहमद ने किया। इमरान अहमद ने बताया कि विद्यालय में विद्यालय भवन जैसे संसाधन ना होते हुए भी विद्यालय का उत्कृष्ट संचालन किया जा रहा है।

वर्ष 2023 में विद्यालय का मूल भवन जर्जर होने के कारण विभाग द्वारा ध्वस्त कराया जा चुका है। वर्तमान में केवल एक कक्षा कक्ष है जिसमें अध्यापन कार्य संचालित किया जाता है। विद्यालय स्टाफ में स्वयं के सहयोग से दो टीन शेड निर्मित कराए गए हैं, जिसके लिए सभी प्रशंसा के पात्र हैं। विभाग को भवन निर्माण हेतु सूचित किया गया है।

विद्यार्थियों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

कंपोजिट स्कूल नारायणवाला में वार्षिकोत्सव

मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

रेहड़। क्षेत्र के ग्राम नारायणवाला स्थित कंपोजिट स्कूल में विद्यालय परिवार की ओर से वार्षिकोत्सव एवं शारदा संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी प्रेम सिंह राणा की अध्यक्षता एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापिका श्रीमती करुणा सिंह चौहान व शिक्षामित्र राजपाल सिंह के संयुक्त संचालन में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी अफजलगढ़ सीपी पांडे मुख्य अतिथि के रूप में एवं एडीओ (पं.) ललित प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान बेगराज सिंह, प्रधानपति भूपेंद्र सिंह, वरिष्ठ पत्रकार एसएम असलम विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। जबकि एआरपी छत्रपाल सिंह, शि.सं. विकास कुमार, बीयूएसएफ जू.हा. गढ़वावाला के प्रबंधक मौ. दानिश एवं प्रमुख समाजसेवी/शिक्षक शैलेंद्र सिंह आदि की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करने उपरांत सरस्वती वंदना व स्वागत गीत से प्रारंभ हुए इस प्रोग्राम में इंचार्ज करुणा सिंह सहित शि.सं. दिनेश कुमार, शिक्षिका मीना कुमारी व शिक्षक मौ. ताहिर व शि.मि. राजपाल सिंह ने अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत करते हुए उन्हें शील्ड भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर कक्षा 8 उत्तीर्ण बच्चों को भावभीनी विदाई दी गई। वहीं नव प्रवेशित बच्चों का स्वागत करते हुए बच्चों को पुस्तकें वितरित की गईं। प्रोग्राम में स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रगति-पत्र/प्रशस्ति पत्र देकर व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। अपने-अपने संबोधन में वक्ताओं ने स्कूल की शिक्षा एवं व्यवस्थाओं को सराहा और बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के लिए इंचार्ज प्रधानाध्यापिका करुणा सिंह चौहान की मेहनत की प्रशंसा की।

इस मौके पर छात्र-छात्राओं समेत अनेक अभिभावक व ग्रामीण मौजूद रहे। अंत में सामूहिक भोज उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ।

एक नजर

मंडल महामंत्री पद से इस्तीफा

धामपुर। भाजपा मंडल महामंत्री ने अपने पद से त्याग पत्र दे दिया है। त्यागपत्र देने का कारण पार्टी में मान सम्मान न मिलाना बताया है। चकराजमल मंडल से महामंत्री जयवीर सिंह सिसोदिया निवासी ग्राम जैतरा ने पद से त्याग पत्र दे दिया है। जयवीर सिंह निवासी मौजमपुर जैतरा चकराजमल मंडल से महामंत्री पद पर कार्यरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता की सुनी नहीं जाती है। कार्यकर्ता के मान सम्मान को ठेस पहुँचती है। अपनी सरकार में दूसरी पार्टी के काम होते है। उन्होंने निस्वार्थ भाव से कई वर्षों तक पार्टी की सेवा की है।

एंबुलेंस चालक की कैंसर से मौत

नगीना। स्वास्थ्य विभाग की 108 एंबुलेंस के चालक राकेश सिंह (51) का कैंसर के इलाज के दौरान निधन हो गया। वे पिछले तीन साल से इस बीमारी से जूझ रहे थे। राकेश मटेरा चौहान उर्फ बेगमपुर हररे, थाना नगीना के रहने वाले थे। राकेश का इलाज बरेली के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। परिवार उन्हें जिला अस्पताल बिजनौर ले गया, जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। मृतक के छोटे भाई नितिन ने बताया कि राकेश की पांच बेटियां और एक बेटा है। चार बेटियों की शादी हो चुकी है। घर में यश और उसकी एक बहन अविवाहित हैं। पिता की बीमारी के कारण यश की ग्रेजुएशन की पढ़ाई भी बीच में ही छूट गई। राकेश के निधन से पूरे परिवार में मातम छाया हुआ है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

प्रेमिका को मिली प्यार की मंजिल

नहटौर। नहटौर क्षेत्र की एक युवती का प्रेम प्रसंग स्योहारा क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से चल रहा था। बताया जाता है कि युवक ने युवती से शादी करने से इंकार कर दिया था। लेकिन युवती अपने प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ी हुई थी और करीब 5 दिन पूर्व उसने जहर का सेवन भी कर लिया था। आनन फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद उसकी जान बच गई थी। बुधवार को यह मामला नहटौर थाने पहुंचा।प्रेमी जोड़ों के परिवार के लोग भी थाने पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों से वार्ता की।युवती ने युवक से शादी नही होने पर दोबारा से जान देने की चेतावनी दे डाली। जिस पर युवक व युवती आपस में शादी करने पर राजी हो गए। दोनों खुशी-खुशी कोर्ट मैरिज करने के लिए थाने से रवाना हो गए। कोतवाल धीरज सिंह का कहना है कि दोनों पक्षों के आपस में वार्ता हुई है, जिस पर शादी की सहमति बन गई।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

विश्व को... है। भविष्य में शेयर बाजार और भी अधिक प्रभावित हो सकता है। अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के जानकर इस बात को लेकर भी चिंतित हैं कि ट्रंप के 'टैरिफ अटैक' का भारत के रोजगार बाजार पर बड़ा असर पड़ सकता है। भारत में अमेरिकी कम्पनियां कर्मचारियों की छंटनी कर सकती हैं। सबसे ज्यादा संकट के बादल आईटी क्षेत्र, ऑटोमोबाइल और कपड़ा उद्योग पर गिरने का अंदेशा जताया जा रहा है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि ट्रंप द्वारा टैरिफ थोपे जाने के बाद भारत के पास ऐसे कौन कौन से विकल्प हैं, जिनका उपयोग करके भारत सरकार अमेरिका के टैरिफ प्रभावों की प्रतिपूर्ति कर सकती है। सबसे पहले तो आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया जैसी पहलों के माध्यम से घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित किया जा सकता है। सरकार को घरेलू बाजार में मांग उत्पन्न करने के लिए सरकारी व्यय में वृद्धि करनी चाहिए। साथ ही अमेरिका के साथ नवीन व्यापारिक समझौतों की दिशा में बात. चीत आगे बढ़ाई जा सकती है। इन सबके साथ ही भारत क्रमबद्ध रूप से अमेरिका पर निर्भरता को कम करते हुए अफ्रीका, यूरोप व दक्षिण पूर्व एशिया में निर्यात बढ़ाने की योजना भी बना सकता है। भारत को रुपये की मजबूती के लिए प्रयास करने होंगे, ताकि डॉलर पर निर्भरता को कम किया जा सके। दरअसल, संरक्षणवाद एक ऐसी आर्थिक नीति है, जिसमें सरकारें अपने घरेलू उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा से बचाने के लिए अनेक प्रकार की व्यापारिक बाधाएं लगाती हैं। जैसे: टैरिफ, कोटा, सब्सिडी आदि। इसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय व्यवसायों और नौकरियों को बढ़ावा देना, आर्थिक स्थिरता को बढ़ाना, और विदेशी कंपनियों के स्थानीय बाजार पर प्रभाव को कम करना माना जाता है।

29 घंटे बाद अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए भाकियू नेता के परिजन

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले के हथगाम क्षेत्र में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला उपाध्यक्ष समेत तीन लोगों की हत्या के 29 घंटे बाद परिजन जिला प्रशासन के अनुरोध पर शवों के अंतिम संस्कार के लिए मान गए हैं। हत्या की वारदात के बाद अखरी गांव में तनावपूर्ण शांति है।

जिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के अथक प्रयास के बाद परिजन तीनों शवों के अंतिम संस्कार के लिए राजी हो गए है। आक्रोशित किसान और परिजनों की मांग थी कि आरोपियों के एनकाउंटर और घर को बुलडोजर से ढहाया जाए। भाकियू के हजारों कार्यकर्ता घटना के 29 घंटे तक मौके पर डटे रहे। आखिरकार किसान यूनियन के वरिष्ठ नेता अनुज सिंह की मध्यस्था से परिजनों ने जिला प्रशासन द्वारा कड़ी कानूनी कार्रवाई के आश्वासन पर अंतिम संस्कार के लिए रवाना होने का निश्चय किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अखरी गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। इससे पहले डीएमरवीन्द्र सिंह और एसपी धवल जायसवाल प्रदर्शनकारी किसान और परिजनों को मनाने की कोशिश की मगर दो दौर की बातचीत का नतीजा सिफर रहा। पुलिस ने छह आरोपियों में से दो को गिरफ्तार कर लिया है।

छह चरणों में लागू होगी नोएडा की 'सेफसिटी' परियोजना

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी नोएडा की सेफ सिटी परियोजना को छह चरणों में लागू किया जाएगा। अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

परियोजना को शहर में लागू करने के लिए 208.47 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इस परियोजना के अंतर्गत नोएडा के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आई ट्रिपल सी) को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की तैयारी है। उन्होने बताया कि परियोजना पूरी होने पर शहर के सभी पुलिस थाने, सीसीटीवी सिस्टम व ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली को आई ट्रिपल सी के साथ इंटीग्रेट किया जाएगा। इसके साथ ही, इसे अत्याधुनिक पब्लिक एड्रेस सिस्टम से युक्त किया जाएगा, जो आपातकालीन स्थितियों में संदेश जारी करने का माध्यम बनेगी। प्रक्रिया पूरी होने पर नोएडा शहर की महिलाओं समेत समस्त नागरिकों की सुरक्षा प्रणाली को और प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा तैयार की गई कार्य योजना के अनुसार, सेफ सिटी प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए मुख्यत: 6 प्रमुख घटकों को प्रभावी तौर पर लागू किया जाएगा। यह सभी घटक क्रमबद्ध चरण के अनुसार लागू किए जाएंगे। इसमें अत्याधुनिक सिटी कम्यूनिकेशन नेटवर्क, इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, डाटा सेंटर, सीसीटीवी आधारित सिटी सर्विलांस सिस्टम, इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम तथा भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) प्रमुख हैं। इनमें से सभी घटकों में आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस करने की तैयारी तो है ही, साथ ही इन सबको एकीकृत कर एक विस्तृत फ्रेमवर्क तैयार किया जाएगा।

यमुना एक्सप्रेसवे पर कैंटर में मिला ड्राइवर का शव

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में स्थित यमुना एक्सप्रेसवे पर एक कैंटर गाड़ी के अंदर बुधवार को संदिग्ध अवस्था में एक ड्राइवर का शव मिला है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के पास से मिले कागजों के आधार पर उसकी पहचान कर परिवार के लोगों को भी सूचना दी है। समाचार लेकर जाने तक इस मामले में कोतवाली में पीड़ित परिवार द्वारा कोई शिकायत नहीं दी गई थी। पुलिस ने बताया कि बुधवार को सूचना मिली कि यमुना एक्सप्रेसवे पर चपरगढ़ कट के पास एक कैंटर गाड़ी खड़ी हुई है।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नही होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

टेन्डर संख्या दिनांक	11-DRM-MB-25-26 dt. 09.04.2025	12-DRM-MB-25-26 dt. 09.04.2025
कार्य का नाम	Provision of rubberized level crossing surfacing at LC No. 252-B, 260-C, 261-C, 263-C, 266-C, 271-C(T), 277-C, 281-C & 282-C on BLM-RAC section under jurisdiction of ADEN-I/HRI	Provision of rubberized level crossing surfacing at LC No. 225-C, 227-B, 229-AC, 231-B, 241-B & 248-C on AMG-BLM section under jurisdiction of ADEN-I/HRI.
टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय	08.05.2025 16:00	13.05.2025 16:00
अनुमानित लागत	2,71,72,852.20	1,81,15,234.80
धरोहर राशि	2,85,900.00	2,40,600.00
बिडिंग स्टार्ट तिथि	24.04.2025	29.04.2025
आफर की वैधता	60 दिन	60 दिन
कार्य पूर्ण करने की अवधि	09 माह	06 माह

टेन्डर नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 09.04.2025 1073/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
सम्पादक
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

तेज रफ्तार कार की टक्कर से किशोर की मौत

चलती गाड़ी में बना रहे थे रील, गुस्साएं ग्रामीणों ने लगाया जाम

शाह टाइम्स संवाददाता

कोतवाली देहात। चलती गाड़ी में रील बना रहे हैं युवकों की तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर में एक किशोर की मौत हो गई। किशोर की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने हाइवे पर जाम लगा दिया। समाचार भेजे जाने तक हाइवे पर जाम लगा है। पुलिस द्वारा रूट डायवर्ट कर दिया गया है।

ग्राम रोशनपुर प्रताप निवासी चित्रांश उर्फ सनी पुत्र मूलचंद (17 वर्ष) गांव में एक दावत में गया था। दोपहर लगभग 1:00 बजे वह दावत खाकर घर लौट रहा था। जैसे ही वह हाईवे पर पहुंचा वैसे ही कोतवाली देहात की ओर से तेज रफ्तार से आ रही ऑडी कार ने युवक को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि युवक चलती गाड़ी में रील बना रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक उछल कर 4 फिट दूर जा गिरा। युवक को गिरता देख ग्रामीण उस ओर दौड़े। जिस पर युवकों ने गाड़ी बैक करके भागने की कोशिश की। इसी कोशिश में गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। मौके से दो युवक फरार हो गए। दो युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। मौके पर पहुंची 112 एंबुलेंस से युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतवाली देहात भेजा गया, जहां से उसे गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। लगभग 4 घंटे से जाम लगा है। मौके पर का नगीना अंजनी कुमार, एसपी सिटी सिटी विनय कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी पहुंचे लेकिन ग्रामीणों ने जाम नहीं खोला। मौके पर एनएचएआई के अधिकारी आशीष शर्मा भी पहुंचे लेकिन उनके आश्वासन से ग्रामीण संतुष्ट नहीं हुए। मौके पर जाम लगा हुआ है।

एक नजर

मिर्दगान में फिजियोथेरेपी शिविर

बिजनौर। जीवन उत्साह फिजियोथेरेपी एण्ड रिहेबिलिटेशन सेन्टर की फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. साक्षी गोयल के द्वारा मौहल्ला मिर्दगान में मेरठ की चुंगी पर डॉ. शमीम अहमद व डॉ. सलमान अहमद के क्लीनिक पर नि:शुल्क शि. विर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 45 मरीजों ने जोड़ों, कमर, लकवा, गर्दन के दर्द, वरम व वृद्धावस्था की बीमारियों के लिए नि:शुल्क परामर्श प्राप्त किया। डॉ. साक्षी गोयल द्वारा आधुनिक मशीनों से ईलाज किया गया। इस शिविर के सफल आयोजन में गुलशन कुमार, वंशिका, अंजू, डॉ. शमीम अहमद व डॉ. सलमान अहमद आदि का सहयोग रहा।

पंचकर्म चिकित्सा शिविर का आयोजन

नजीबाबाद। आर्ट ऑफ लिविंग नजीबाबाद केंद्र द्वारा संचालित श्री श्री सेवा समिति की ओर से तीन दिवसीय नाड़ी परीक्षण तथा पंचकर्म चिकित्सा शिविर लाहोटी कॉलोनी स्टेशन रोड पर सफलता पूर्वक आयोजित किया गया। 7 अप्रैल से 9 अप्रैल तक लगने वाले इस शिविर में नाड़ी परीक्षण किए गए तथा रोगों के निदान हेतु पंचकर्म चिकित्सा उपलब्ध कराई गई। श्री श्री आयुर्वेद चिकित्सा शोध संस्थान, बैंगलौर से प्रशिक्षित वरिष्ठ चिकित्सक अनुज शर्मा ने अनेक लोगों का नाड़ी परीक्षण करके उन्हें परामर्श एवं दवाईयां दीं। उन्होंने बताया कि नाड़ी परीक्षण अत्यंत प्राचीन चिकित्सा प्रणाली है, जिसमें व्यक्ति के भूत और वर्तमान में होने वाली बीमारी नाड़ी परीक्षण द्वारा बताई जाती है। साथ ही निकट भविष्य में होने वाली बीमारियों का संकेत तक बता दिया जाता है। जिससे व्यक्ति अपने आहार - विहार तथा जीवन शैली में परिवर्तन कर आने वाले रोगों से अपना बचाव कर सकता है तथा स्वस्थ जीवन व्यतीत कर पाता है। पंचकर्म द्वारा जोड़ों का दर्द, मोटापा, नेत्र रोग, शुगर, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस आदि का सफल उपचार होता है। शिविर में राकेश अग्रवाल, श्रीमती मिथिलेश अग्रवाल, राजीव लाहोटी, डॉक्टर शरद महेश्वरी, डॉ. शुभा महेश्वरी, डॉक्टर मधुर प्रकाश कर्णवाल, डॉ. पूनम कर्णवाल, डॉ. एके गर्ग, श्रीमती कुमकुम गर्ग, श्रीमती दीपा मोदी, श्रीमती सविता महाजन, बिजनौर से रश्मि, मोनिका आदि अनेक नागरिकों ने पंचकर्म चिकित्सा से लाभ लिया। किरतपुर से आईं मोनिका ने महिलाओं को तथा डॉ. अनुज शर्मा ने पुरुषों को पंचकर्म चिकित्सा दी। इस शिविर के संयोजक डॉ॰इंदु लाहोटी, श्रीमती मिथिलेश अग्रवाल तथा शुभम शर्मा ने बताया कि प्रति माह यह शिविर लगा लगाया जाता है। इच्छुक व्यक्ति आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षकों से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकता है।

अखिलेश ने फुरकान का गाना रिलीज किया

नजीबाबाद। समाजवादी पार्टी के लखनऊ कार्यालय पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गगन फौजी का लिखा व प्रियम वालिया का गाया, टोनी का संगीत, कैमरामैन अनुज व सपा नेता फुरकान खान के सहयोग से बना गाना रिलीज किया। इस मौके पर मौजूद अखिलेश यादव व हजारों कार्यकर्ताओं के बीच जब उक्त गाना बजाया गया तो पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा। अखिलेश यादव ने इसके लिए गाना बनाने वाली पूरी टीम की सराहना करने के साथ इनाम भी दिया।

किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नजीबाबाद। आज तहसील परिसर में किसानों की समस्या को लेकर मंडल अध्यक्ष भूपेश चौधरी के साथ नजीबाबाद तहसील पहुंचे और उन्होंने एक आवश्यक आवश्यक बैठक करके एक ज्ञापन किसानों की समस्या हल करने के लिए दिया। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए बिजली का टाइम सही रखें, दिन में कम से कम 8 घंटे बिजली देने का प्रबंध बिजली विभाग द्वारा किया जाना चाहिए, आवारा पशु जो शहर में और गांव में घूम रहे हैं वह फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं जिससे किसानों को बहुत हानि हो रही है। इन आवारा पशुओं को सरकार रोकथाम का कार्य करें। गांव में किसानों के घरों और नलक. ूपों पर स्मार्ट मीटर ना लगाया जाए, किसानों के गांव से जो संपर्क मार्ग जुड़े हैं उनको तुरंत ठीक कराया जाए। उप जिलाधिकारी ने किसानों को समस्या हल करने का आश्वासन दिया है।

चांदपुर में किशोरी के अपहरण का प्रयास

योगी राज में भी सुरक्षित नहीं बहन-बेटियों की इज्जत

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। योगी राज में भी बहन व बेटियों की इज्जत सुरक्षित नहीं है। गुण्डे व बदमाश खुलेआम इस तरह की नापाक हरकतें कर रहे है। स्थानीय सिविल लाइन में तो शाम को बुरा हाल रहता है।

प्राप्त समाचार के अनुसार चांदपुर थाने में पांच अप्रैल को वादी ने तहरीर दी थी कि दो अभियुक्तों ने उनकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करते हुए उसके अपहरण का प्रयास किया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पोक्सो एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना के दौरान अभियोग में अभियुक्त के तौर पर कुलवंत सिंह पुत्र गोविन्द सिंह निवासी मौहल्ला आदर्श नगर, कस्बा व थाना नजीबाबाद एवं सौरभ कुमार पुत्र लल्लू सिंह निवासी ग्राम बेलड़ी, थाना नगीना का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। मुकदमे में पीड़िता के धारा 183 बीएनएस के अंतर्गत दर्ज कराए गए बयान के आधार पर धारा 351 (3) बीएनएस की वृद्धि की गई।

गौरतलब है कि जनपद में छात्राओं व युवतियों एवं खासतौर पर किशोरियों के साथ छेड़छाड़ एवं बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं। योगी राज में भी गुण्डों व बदमाशों में खौफ नहीं है। स्थानीय सिविल लाइन में शाम के समय युवकों को तेज रफ्तार बाइकें दौड़ाते हुए छात्राओं व युवतियों को कट मारते देखा जा सकता है। इनके द्वारा अश्लील फब्तियां कसी जाती हैं। जनपद मुख्यालय पर बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मी मौजूद है। साथ ही महिला थाना भी है। इसके बावजूद सड़कों पर संवेदनशील जगहों पर महिला पुलिसकर्मी न तो वर्दी में और न ही सादी वर्दी में दिखाई देती हैं। छात्राओं के स्कूलों व कॉलेजों के बाहर भी अय्याश मानसिकता के घूमते हुए देखे जा सकते हैं।

ई-रिक्शाओं के पंजीयन के लिए लगेंगे शिविर

डीलरों के द्वारा नहीं निभाई जा रही अपनी जिम्मेदारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। ई-रिक्शाओं के पंजीयन के लिए जनपद के तहसील मुख्यालयों पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ई-रिक्शा बेचने वाले डीलरों के द्वारा अपनी जिम्मेदारियां नहीं निभाई जा रही है और बिना पंजीयन के ही ई-रिक्शाएं बेची जा रही है। जिसकी वजह से समस्याएं पैदा हो रही हैं।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश में एक अप्रैल से ई-रिक्शाओं के अनाधिकृत संचालन के विरूद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन ई-रिक्शा बेचने वाले कुछ डीलरों द्वारा ई-रिक्शा बिना पंजीयन के ही वाहन स्वामियों के सुपुर्द की जा रही है। जबकि ई-रिक्शाओं का पंजीयन वाहन बेचने वाले डीलर के माध्यम से जमा किया जाता हैं। पंजीयन हेतु प्रपत्र अपलोड व निर्धारित शुल्क डीलर के माध्यम से ही जमा किया जाता हैं। 14 अक्टूबर, 2022 के पश्चात उत्तर प्रदेश में क्रय की गई ई-रिक्शा पर कर व शुल्क में शत्-प्रतिशत छूट प्रदान की गई थी।

इस संबंध में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) द्वारा ई-रिक्शा वाहन स्वामियों के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए है। जिन वाहन डीलरों द्वारा ई-रिक्शाओं का पंजीकरण व निरीक्षण नहीं कराया गया है एवं वाहन स्वामियों द्वारा बिना पंजीयन के ही उन्हें चलाया जा रहा है, उनकी सुविधा के लिए तहसील स्तर पर शिविरों के आयोजन की व्यवस्था की जा रही है। ऐसे वाहन स्वामी संबंधित वाहन डीलर से सम्पर्क कर निरीक्षण के लिए तहसील स्तर पर आयोजित शिविरों में अपना वाहन प्रस्तुत कर सकते हैं।

इस क्रम में बिजनौर तहसील परिसर में 15 अप्रैल, नगीना तहसील परिसर में 16 अप्रैल, नजीबाबाद तहसील परिसर में 17 अप्रैल, धामपुर तहसील परिसर में 19 अप्रैल व चांदपुर तहसील परिसर में 21 अप्रैल को शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अपंजीकृत ई-रिक्शाओं का पंजीयन करने हेतु यह अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। इसके बाद संचालित पाए जाने पर अपंजीकृत ई-रिक्शा को अवैध मानते हुए केवल स्क्रैप की कार्यवाही की जायेगी।

मालूम हो कि जनपद में अवैध रूप से ई-रिक्शाएं संचालित की जा रही हैं। ज्यादातर ई-रिक्शाओं का पंजीयन नहीं है। इन्हें चलाने वालों के पास न तो लाइसेंस होता है और न ही यह प्रशिक्षण प्राप्त होते हैं। इनके द्वारा किसी भी जगह ई-रिक्शा को खड़ा कर दिया जाता है। यह मुख्य बाजार में जाम की समस्या पैदा करते हैं। ई-रिक्शाओं में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाई जा रही हैं। ई-रिक्शाओं का गलत इस्तेमाल भी किया जा रहा है। इनके द्वारा दूसरी गाड़ियों में टक्कर मारी जाती है। जब कोई इसका विरोध करता है, तो चालक लड़ाई झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं। इनके द्वारा जगह-जगह संगठन बना लिए गए है। जिनकी आड़ में यह कानून हाथ में ले लेते हैं।

जिला आर्य प्रतिनिधि सभा की बैठक

बिजनौर। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा की एक आपात बैठक आर्य समाज बुखारा में जिला सभा के प्रधान रावेन्द्र पाल आर्य की अध्यक्षता और जिला मंत्री राजपाल सिंह आर्य के संचालन में सम्पन्न हुई। जिसमें बताया गया कि जिला आर्य प्रतिनिधि सभा का निर्वाचन 16 मार्च, 2025 को पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार सर्वसम्मति से सम्पन्न हो चुका है। कल्पिय व्यक्ति जिलासभा की तदर्थ समिति गठित कराने की बात कर रहे है। जो नियम विरूद्ध है, क्योंकि आर्य प्रतिनिधि सभा उ.प्र. लखनऊ की चार समान्तर समितियां बन गई थी, जिनकी वैद्यता का वाद उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। इसलिए कोई भी तदर्थ समिति नहीं बना सकते है। इनके दुष्प्रचार से कोई भी आर्य बन्धु भ्रमित न हो। आपकी चुनी हुई जिलासभा निरन्तर कार्यरत है। बैठक में चन्द्रपाल सिंह, पृथ्वी सिंह आर्य, रमेश आर्य, कुलदीप आर्य, सुबोध आर्य, योगेश शर्मा, अमित आर्य, वीरेन्द्र आर्य, सुमेन्द्र आर्य, सुरेन्द्र आर्य, गौरव आर्य, समेन्द्र सिंह आर्य, रामपाल आर्य, रावेन्द्र आर्य व राजपाल आर्य उपस्थित रहे।

ऐजाज अली हाल के समर्थन में पाशा

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा चुनाव के ब्रांड एंबेसडर रहे एमआर पाशा ने ऐतिहासिक ऐजाज अली हॉल को गिराए जाने का विरोध करते हुए कहा कि वह ऐसा किए जाने पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

प्राप्त समाचार के अनुसार एडीएम प्रशासन को ज्ञापन देते हुए उन्होंने बताया कि जनपद मुख्यालय पर पालिका कार्यालय परिसर के बराबर में एजाज अली हाल के दो मंजिला भवन का निर्माण वर्ष 1934 में किया गया था। भवन निर्माण तत्कालीन ईमानदार डीएम एजाज अली की प्रेरणा से हुआ था। तत्कालीन डीएम एजाज अली ने भवन निर्माण में 1750 रुपए का दान भी दिया था। इसके अलावा जिला बोर्ड ने भी 1000 का दान दिया था। इसके बाद प्रेरित होकर जनपद के प्रमुख समाजसेवियों व जमींदारों ने भी चंदे की रकम से एजाज अली हॉल का निर्माण कराया था। इस भवन की जमीन का जिला पंचायत के नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है। इस भवन में चंदा देने वालों के नाम दो पत्थर भी आज भी लगे हुए हैं। नगर पालिका ने इस भवन के निर्माण में कोई रकम नहीं खर्च की थी। एजाज अली हाल ऐतिहासिक निशानी है। इस भवन से जनपद के लोगों की यादें जुड़ी हैं। इस पर नगर पालिका को तोड़ने का कोई हक नहीं है। नगर पालिका ने इस भवन को मूल्यांकन समिति से बिना जांच के नीलामी कर दी गई। साथी नीलामी में मिली भगत कर कम पैसे में ठेका छोड़ा गया। इस संबंध में नीलामी निरस्त कर इस धरोहर को संजोए जाए।

राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा ने कहा कि हमारा संगठन राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन धरना प्रदर्शन तथा जनपद के समस्त रोड जाम करने पर मजबूर होगा। जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

मुख्यालय की शान को गिराए जाने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी

तेज रफ्तार बाइक ने युवक को रौंदा

शाह टाइम्स संवाददाता

स्योहारा। तेज रफ्तार बाइक सवार ने युवक को टक्कर मार दी, जिससे घायल की हालत नाजुक बनी हुई है।

अनवार हुसैन पुत्र अशफाक हुसैन निवासी मौहल्ला पटवारियान ने बताया कि ग्राम बिरामपुर में पूर्व ग्राम प्रधान इसरार के मकान के पास 3 अप्रैल को अपनी दुकान के बाहर समय सुबह 11 बजे खड़ा हुआ था। अचानक बाईक सवार गफ्फार मलिक पुत्र सद्दीक निवासी ग्राम पूरनपुर नंगला थाना नूरपुर अपनी बाईक को लापरवाही व तेज गति से चलाता हुआ ग्राम अलादीनपुर की ओर से थाना चौराहे की और जाते हुए प्रार्थी के पुत्र सालार के जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसका पुत्र बराबर में बने हुए नाले में जा गिरा। बाइक सवार के टक्कर मारने से उसके पुत्र के सिर व शरीर पर गम्भीर चोटे आई है। डॉक्टर ने सिर की हड्डी में फ्रेक्चर बताया है। सूचना मिलने पर प्रार्थी का दूसरा पुत्र रिजवान घटना स्थल पर पहुंचा और अपने भाई को इलाज के लिए निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया। प्रार्थी का घायल पुत्र उसी समय बेहोश हो गया। जहां उसे धामपुर ले जाकर सिटी स्कैन कराया। जिसमें सिर में फैक्चर होना डाक्टर द्वारा बताया गया है। चोटिल की हालत गम्भीर देखते हुए डाक्टरों ने उसे हिमालयन अस्पताल जोली ग्रांट देहरादून भेज दिया है।

समाचार लिखे जाने तक युवक सालार की हालत चिंताजनक बनी हुई थी। पीड़ित के पिता ने थाने में तहरीर देकर इंसाफ की गुहार लगाई।

दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता का भारी विरोध

सपा अध्यक्ष पर अशोभनीय टिप्पणी से भड़का गुस्सा

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के द्वारा जहरीली जुबान का इस्तेमाल करते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को लेकर की गई अशोभनीय व आपत्तिजनक टिप्पणी का भारी विरोध हो रहा है। सपाईयों का कहना है कि गंदी, जहरीली व साम्प्रदायिक भाषा का इस्तेमाल करना भाजपाईयों की पहचान बन गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के द्वारा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को लेकर अशोभनीय व आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। जिसकी वजह से सपाईयों में गुस्सा भड़क गया। सपा की महिला कार्यकर्ताओं एवं संगठन की पदाधिकारियों ने आज इस संबंध में जिलाधिकारी जसजीत कौर को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की आलोचना करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में सपा महिला सभा की जिला अध्यक्ष प्रभा चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. कुंतेश सैनी, जिला उपाध्यक्ष राधा सैनी, वरिष्ठ नेत्री श्लोक पवार, मुन्ना प्रधान, सीता रानी, विमलेश चौधरी, आदेश कुमारी सहित जिला प्रवक्ता अख्लाक पप्पू भी शामिल रहे।

दूसरी तरफ पूरे जनपद में सपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के द्वारा की गई आपत्तिजनक व अमर्यादित टिप्पणी की आलोचना की है। सपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि एक महिला मुख्यमंत्री को इस तरह की भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए था। सपाईयों का कहना है कि सभ्यता व संस्कार व्यक्ति की भाषा में दिखने चाहिए। सपाईयों ने कहा कि वह इस तरह की भाषा को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे और सपाई इतने कमजोर नहीं है कि गंदी भाषा का इस्तेमाल करने वालों को जवाब न दे सकें।

रणवीर सिंह निराला प्रवक्ता व मिथुन भारती मीडिया प्रभारी नियुक्त

नजीबाबाद। हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी अयोध्या धाम उत्तर प्रदेश के पिठाधीश्वर श्री श्री 1008 महंत राजू दास जी महाराज ने प्रदेश के संगठन महामंत्री अवधेश शर्मा की संतुति पर जनपद बिजनौर के नजीबाबाद निवासी रणवीर सिंह निराला को संगठन का जिला प्रवक्ता एवं मिथुन भारती को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। हिंदू सुरक्षा सेवा संघ संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत राजू दास महाराज जी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बहुत करीबी संतों में से एक संत हैं इसलिए संगठन को योगी आदित्यनाथ का विशेष आशीर्वाद प्राप्त है। परम पूज्य राजू दास जी के द्वारा दिए गए दायित्व के लिए रणवीर सिंह निराला में मिथुन भारती ने महंत राजू दास महाराज एवं प्रदेश संगठन महामंत्री अवधेश शर्मा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सनातन और हिंदुत्व की आवाज बुलंद करते हुए गौ रक्षा और हिंदुत्व के मुद्दे पर किसी प्रकार का समझौता नहीं करेंगे हम हमेशा हिंदुत्व के लिए रात दिन समर्पण रहेंगे। जिले की समस्त कार्यकारिणी ने दोनों को नवीन दायित्व की बधाई दी है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

सोशल मीडिया पर अवैध शस्त्र लहराना पड़ा भारी

सागर सैनी व महेश अरेस्ट, एक की तलाश जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

अफजलगढ़। सोशल मीडिया पर अवैध शस्त्र लहराना भारी पड़ गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने दो युवकों को जेल भेज दिया है तथा एक युवक का शान्ति भंग में चालान किया है। नवयुवक बेखौफ होकर सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों का प्रदर्शन कर रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के द्वारा अवैध शस्त्र व नाजायज हथियार की रोकथाम के आद. शानुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र की पंचायत सलावतनगर ग्राम झाड़पुरा के सागर सैनी पुत्र जसराम सैनी को हरेवली रोड नहर की पटरी के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है। पुलिस की पूछताछ में सागर ने बताया कि तमंचा व कारतूस महेश पुत्र नन्हे ग्राम विजय रामपुर, थाना ठाकुरद्वारा से करीब पांच हजार रुपए में खरीदा था। उससे पहले डेढ़ वर्ष पूर्व महसूद निवासी फरीदपुर हाजी थाना डिलारी से खरीदा था। पुलिस ने अवैध तमंचे के संबंध में सागर व महेश को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। महमूद नामक व्यक्ति की तलाश जारी है।

उधर सूत्रों की माने, तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के इंस्टाग्राम पर एक फोटो वायरल हुआ था। जिसपर एक युवक ने अपनी पेंट की जेब में पीछे की ओर अवैध तमंचा लगाए हुआ था। सोशल मीडिया पर शेयर होते ही युवक ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी से उक्त फोटो को हटा लिया। परंतु तब तक बहुत देर हो चुकी थी। पुलिस द्वारा पूछताछ के संबंध ग्राम झाड़पुरा के चार युवकों को गिरफ्तार कर इस कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए दो युवकों को जेल भेज दिया गया। अन्य युवक का शान्ति भंग में चालान कर दिया। जिसको लेकर चर्चा का बाजार गर्म है। उधर सीओ राजेश सोलंकी ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

उधर नवयुवक कानून की परवाह किए बिना सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों का प्रदर्शन खुलेआम कर रहे हैं। जिसको लेकर अमन चैन का खतरा बना हुआ है।

शिक्षा को माफियाओं ने बनाया कारोबार

कोर्स से लेकर जूतों तक में खा रहे कमीशन

इरशाद कुरैशी

कालागढ़। शिक्षा को माफियाओं ने अपना कारोबार बना लिया है। कोर्स से लेकर जूतों तक में कमीशन खाया जा रहा है।

क्षेत्र में संचालित ज्यादातर स्कूलों व कॉलेजों में अभिभावकों का शोषण हो रहा है। शिक्षा के मंदिरों को माफियाओं ने अपनी तिजोरी भरने का माध्यम बना लिया है। ब्लाक क्षेत्र के अंतर्गत स्कूलों में यह कारोबार खूब फल फूल रहा है। अब सेवा के भाव से नहीं पढ़ाया जाता हैं। स्कूलों को बनाकर कारोबार बना लिया गया है। इस स्थिति से निपटने के लिए सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही हैं। प्रशासन बच्चों व अभिभावकों के प्रति संवे. दनशील नहीं हैं।

पूर्व सभासद इकरार अहमद कुरैशी, राजेश कुमार, निशु आदि ने स्कूलों में लूट-खसौट के खिलाफ आवाज उठाते हुए कहा कि अफजलगढ़ ब्लाक के अंतर्गत कुछ गैर सरकारी स्कूल और बुक सेंटर संचालक मिलकर कोर्स, यूनिफॉर्म और फीस के नाम पर गरीब अभिभावकों को लूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार बेटी बचाओ व बेटी पढ़ाओ का नारा दे रही है। वहीं दूसरी ओर स्कूल संचालक अभिभावकों की जेबों पर डाका डाल रहे हैं। किताबें एमआरपी से कहीं अधिक दामों पर बेची जा रही हैं। घटिया कपड़े की यूनिफॉर्म की कीमतें आसमान छू रही है। स्कूल फीस, कोर्स, यूनिफॉर्म आदि की कीमतों में मनचाही बढ़ोत्तरी कर दी गई है। पूर्व सभासद इकरार अहमद कुरैशी ने कहा कि स्कूलों में तय पब्लिकेशन की किताबें ही लगवाकर यूनिफॉर्म आदि से मोटा कमीशन कमाया जा रहा है। यूनिफॉर्म भी चुनिंदा दुकानों पर मिल रही है। जिससे दुकानदार को मोटा लाभ और स्कूल प्रबंधन को कमीशन मिल रहा है।

स्कूल संचालकों एवं कोर्स विक्रेताओं ने लूट खसौट मचा रखी है। जिसका सीधा नुकसान उन गरीब परिवार के मां-बाप को होता है, जो लोग मजदूरी कर अपने बच्चों का पालन पोषण करने के पश्चात उन्हें पढ़ाना चाहते है। अभिभावकों को एक ही दुकान से कोर्स लेने को मजबूर किया जा रहा है। प्रशासन व शिक्षा विभाग के अधिकारी भी इन माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही नहीं कर रहे है। ज्यादातर स्कूल व कॉलेज सफेदपोश एवं प्रभावशाली माफियाओं के है। जिन से प्रशासन व शिक्षा विभाग के अधिकारी डरते हैं। वह सिर्फ दिखावे के लिए कार्रवाई करते हैं। उन्हें न तो अभिभावकों और न ही बच्चों के भविश्य की चिंता है।

आपसी भाईचारे से मनाएं त्यौहार : सीओ

थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

नजीबाबाद। आगामी त्यौहारों को लेकर थाना परिसर में शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सीओ नितेश प्रताप सिंह ने कहा कि सभी त्यौहार आपसी भाईचारे का संदेश देते है। त्यौहारों को आपस में मिलजुल कर मनाना चाहिये।

थाना परिसर में आयोजित बैठक में सीओ नितेश प्रताप सिंह ने कहा कि आगामी भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव, भगवान महावीर जयंती एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती का पर्व आपसी सहयोग सद्भाव एवं परंपरागत ढंग से मनाये। उन्होंने कहा कि आगामी पर्व त्यौहार पर किसी भी प्रकार की कोई नई परंपरा शुरू नहीं करने दी जाएगी। विगत वर्षों की भांति सक्षम अधिकारी से जुलुस, झांकी की अनुमति समय से प्राप्त कर लें ताकि कार्यक्रम को सुगम, संयमित ढंग से मनाया जा सके। उन्होंने कहा कि हमारा देश पर्व व त्यौहारों का देश है, इसमें सभी धर्म के नागरिक अपनी अपनी धार्मिक मान्यता के अनुसार अपने त्यौहार मानते हैं। हम सबको अपने पर्व मनाते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हमारे द्वारा किए गये कृत्य किसी दूसरे की भावना आहत ना हो। थाना प्रभारी जय भगवान सिंह ने कहा कि पुलिस जनता की सुरक्षा को लेकर गंभीर है किसी भी असमाजिक तत्व की सूचना तुरन्त पुलिस को दें। उन्होंने त्यौहारो को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। अपराध निरीक्षक योगेंद्र पाल सिंह ने कहा कि पर्व में हम सबको अपने परिवारों को नशे की आदत से दूर रखना चाहिए, युवा पीढ़ी को नशे से परहेज करना चाहिए। उन्होंने सभी सभ्रान्त नागरिकों से अपने-अपने परिवार के बच्चों को इसके लिए मार्गदर्शित करने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, डा. रितेश, अरविंद विश्वकर्मा, व्यापारी नेता लवी अग्रवाल, सभासद ऋषिपाल सिंह, निर्देश देवी, अच्छन अहमद, राजपाल चौहान, पंकज अग्रवाल, निशु जैन आदि मौजूद रहे।

स्कूल चलो अभियान रैली निकाली

प्राथमिक विद्यालय कुंजैटा में मनाया वार्षिक उत्सव

शाह टाइम्स संवाददाता

बढ़ापुर। प्राथमिक विद्यालय ग्राम कुंजैटा में विद्यालय का वार्षिक उत्सव मनाया गया जिसमें कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी पाने वाले कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय के शिक्षक व बच्चों ने गांव में स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई।

विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षक संकुल भूपेंद्र सिंह व विशिष्ट अतिथि एसएमसी अध्यक्ष रूप सिंह के संयुक्त रूप से फीता काटने पश्चात हुई। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर कक्षा एक से पांच तक अपनी कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी पाने वाले विद्यार्थी छात्र-छात्राओं को पुरुस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। कक्षा एक में नैना, कक्षा दो में अवनी, कक्षा तीन में अल्फिशा, कक्षा चार में अभिषेक व कक्षा पांच में कुलदीप कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा एक से पांच तक अपनी कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी पाने वाले विद्यार्थी छात्र-छात्राओं को विद्यालय की मुख्य अध्यापिका शबनम जमाल, एसएमसी अध्यक्ष रूप सिंह कश्यप, पूर्व शिक्षक संकुल भूपेंद्र सिंह, आरती वर्मा, दीपक कुमार, अनुराग दत्तयानी व दलबीर सिंह ने पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आज के बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। बच्चें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर पुरस्कार पा रहें हैं। एक दिन यह बच्चे बड़े होकर निश्चित रूप से कल देश के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे और देश और समाज सेवा में भी अपना योगदान देंगे। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अध्यापिका शबनम जमाल, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष रूप सिंह, भूपेंद्र सिंह, आरती वर्मा, शिक्षक दीपक कुमार, अनुराग दत्तयानी, कामेंद्र सिंह व मोहम्मद एहसन रजा, पूनम लता व दीप कमल आदि की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय के शिक्षक व बच्चों ने गांव में स्कूल चलो अभियान की रैली निकालकर अभिभावकों से छह वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने की अपील की। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की समाप्ति पर विद्यालय में शारदा संगोष्ठी का आयोजन भी हुआ, जिसमें विद्यालय स्टाफ, एसएमसी सदस्यों व छात्र अभिभावकों ने हिस्सा लिया।

नार्थ इंडिया का परीक्षाफल देख विद्यार्थियों के चेहरे खिले

शाह टाइम्स संवाददाता

नजीबाबाद। महात्मा ज्योतिबाफुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा घोषित परीक्षा-परिणाम के आधार पर नॉर्थ इंडिया कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन, नजीबाबाद के बीए. प्रथम सेमेस्टर में मौ. समीर ने तृतीय सेमेस्टर में हंसिका राज सिंह व मौ. सऊद अंसारी ने तथा पंचम सेमेस्टर में प्राची रंजन ने प्रथम स्थान हासिल किया।

विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम के आधार पर प्रथम सेमेस्टर में साक्षी ने दूसरा स्थान और मौ. शहबाज ने तीसरा स्थान हासिल किया। तृतीय सेमेस्टर में अरुन सिमॉन और रवीना ने संयुक्त रूप से दूसरा व राजकुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया तो वहीं पंचम सेमेस्टर में सोहन सिंह ने दूसरा व कपिल कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। शेष सभी विद्यार्थी भी अच्छे एसजीपीए के साथ उत्तीर्ण हुए हैं। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंध निद. शेक इंजी. अवनीश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल, कॉलेज प्राचार्या डॉ. नीलावती, उप प्राचार्य डॉ. नवनीत राजपूत और विभागाध्यक्ष डॉ. जसवन्त सिंह ने संयुक्त रूप से समस्त विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। प्राचार्या डॉ. नीलावती ने बताया कि बीए. विषम सेमेस्टर के बाकी सभी छात्र छात्राएं भी अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए हैं। उन्होंने इस उपलब्धि पर डॉ. जसवन्त सिंह, प्रदीप कुमार, मुकेश कुमार, डॉ. अनम खान, अमन कुमार शर्मा और यशपाल सिंह आदि प्राध्यापक प्राध्यापिकाओं को बधाई देते हुए उनकी भी महत्वपूर्ण भूमिका बताई।

शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग

स्टे के बावजूद कर रहे निर्माण कार्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। जमीनी विवाद में एसओसी बिजनौर द्वारा दिए गए स्टे के बावजूद नगर के सिरधनी रोड पर कुछ लोग लगातार निर्माण कार्य कर रहे है। इतना ही नही आरोप है कि इन लोगों ने साठगांठ से भवन का नक्शा भी पास करा लिया। जिसके विरोध में एक व्यक्ति ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों शिकायती पत्र सौंप कर कार्रवाई की मांग की है।

नगर के मौहल्ला मिर्दगान निवासी शब्बू पुत्र नाजिम ने पत्र में कहा है कि उसके के पिता के नाम एक जोत की जमीन सिरधनी रोड पर स्थित है, जिस पर उसके पिता ने न्यायालय एसओसी यहां एक वाद मौहम्मद नाजिम बनाम नासिर दायर किया हुआ है, जिस पर 15 जुलाई 2021 से आज तक यथास्थिति बनाये रखने तथा खरीद फरोख्त पर रोक लगाये जाने के आदेश पारित किये गये है, लेकिन हसीन पुत्र अजीमुददीन निवासी मोहल्ला खत्रियान विनियमित क्षेत्र, बिजनौर को गुमराह करके नक्शा पास करा लिया। जिस पर अब निर्माण कराया जा रहा है। शब्बू ने आरोप लगाया कि हसीन तथा उसके साथी मोहसिन पुत्र काला निवासी मिर्दगान, गुड्डू पुत्र नाजिम, शाहिद पुत्र भूरा निवासी खत्रियान, नौशाद निवासी खत्रियान, शब्बू पुत्र नजहर निवासी मदीना जमीन पर नक्शे के आधार पर जबरन निर्माण कर रहे है। जब उसने उन्हें रोका उन्होंने उसे गालियां देकर धमकाया। शब्बू ने इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। वहीं दूसरी और दूसरे पक्ष ने शब्बू के सभी आरोपों को नकार दिया है।

सिरधनी रोड पर बैंकट हॉल स्वामी को लूटा

पूर्व में भी हो चुकी वारदातें

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। सिरधनी रोड पर बीती रात बैंकट हॉल स्वामी से बदमाशों ने 40 हजार रुपए लूट लिए। पूर्व में भी इस मार्ग पर लूट की वारदातें हो चुकी हैं। आज तक यह लुटेरे पकड़े नहीं गए है।

प्राप्त समाचार के अनुसार चांदपुर की चुंगी के पास स्थित जीत के घेर में रहने वाले कोमन सिंह ने कृष्णा कॉलेज की बैक साइड में बैंकट हॉल बनाया है। इस बैंकट हॉल का रास्ता सिरधनी रोड से भी है। बीती रात करीब साढ़े नौ बजे कोमन सिंह बैंकट हॉल से स्कूटी से घर लौट रहा था। सिरधनी रोड पर नहर की पुलिया के पास उसे चार-पांच बदमाशों ने घेर लिया। कोमन सिंह ने विरोध किया, तो बदमाश हाथापाई पर उतर आये। बदमाशों में से एक ने कोमन सिंह की कनपटी पर तमंचा रख दिया। इस दौरान बदमाशों ने कोमन सिंह की शर्ट की जेब में रखे बीस हजार रुपए निकाल लिए। बदमाशों ने मुंह पर कपड़े बांध रखे थे। छीनाझपटी के दौरान दो-तीन बदमाशों के मुंह से कपड़े उतर गए। बदमाशों में एक-दो के फ्रेंच कट दाढ़ी थी। कोमन सिंह मौके पर अपनी स्कूटी छोड़ भाग खड़ा हुआ। उसने बैंकट हॉल पहुंचकर अपने घर फोन किया। वहां से कुछ लोग आये, तब कोमन सिंह घर पहुंचा। कोमन सिंह ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है।

गौरतलब है कि इस मार्ग पर पुलिया के समीप पूर्व में कई बार लूट की वारदातें हो चुकी हैं। पुलिया के आसपास आबादी हो जाने के बावजूद लुटेरे वारदात को अंजाम दे देते है। रात को इस मार्ग से जाना खतरे से खाली नहीं है।

वक्फ की आड़ में खेल खेलने वाले भू माफियों की जांच शुरू

एसडीएम ने दिए जांच के आदेश, लेखपाल ने पीड़ित किसानों के किए बयान दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

मंडावर। वक्फ को ढाल बनाकर करोड़ों रुपए कमाने का खेल खेलने वाले भू माफिया और उसके पुत्र के विरुद्ध अधिकारियों ने जांच प्रारंभ कर दी है। जिसमें उक्त भू माफिया द्वारा अपने पुत्र को एक मस्जिद की कमेटी बनवाकर उसके मुतवल्ली पद का दुरुपयोग करके और वक्फ बोर्ड को गुमराह कर फर्जी रिकॉर्ड दर्ज करा कर यहां के करीब 70 -75 किसानों को परेशान और ठगने के उद्देश्य से नोटिस भिजवाए गए थे। एसडीएम के आदेश पर लेखपाल ने पीड़ित किसानों के लिखित बयान दर्ज किए हैं। सभी ने उक्त भू माफिया के काले चिट्ठे खोल कर रख दिए।

ज्ञातव्य है कि दैनिक शाह टाइम्स में प्रमुखता से वक्फ को ढाल बनाकर भू माफिया ने खेला खेल की खबर प्रकशित हुई थी इस खबर का ऐसा असर हुआ है कि भू माफिया गैंग में खलबली मच गई। जबकि एसडीएम सदर अवनीश कुमार सिंह ने गंभीरता से खबर का संज्ञान लेते हुए अपने अधीनस्थ अधिकारियों को उक्त प्रकरण की जांच के आदेश दिए हैं। जिसके बाद आज हल्का लेखपाल मुकेश पाल ने नगर में पहुंच कर दर्जनभर पीड़ित किसानों के लिखित बयान दर्ज कराए।

पीड़ित किसान समद सैफी, मौहम्मद आरिफ, नसीम अहमद, इरशाद, दानिश, खुर्शीद अहमद, बबलू यशोदा, मोहम्मद रफी उर्फ शादाब, डा. सकलैन जैदी , आफताब अली एवं शबाना खातून आदि ने अपने कलमबंद बयान दर्ज कराए। जिसमें उन्होंने नोटिस भिजवाने वाले को भू माफिया, फर्जी मुतवल्ली, अवैध वसूली करने वाला डराने धमकाने वाला बताते हुए अपने बयान दर्ज कराए हैं।

जबकि मौहल्ला बाजार शंभा के रहने वाले अजीम अहमद, नईम अहमद, शन्नू अलशारी आदि ने बताया कि वे सब मौहल्ले की उस मस्जिद के इंतजामिया मेंबरान है जो मस्जिद के तमाम निजाम को बखूबी निभाते हैं । इसमें चाहे रमजान शरीफ में खत्म का पूरा इंतजाम मौहल्ले से चंदा इकठ्ठा करना हो या अन्य जिम्मेदारी के काम वे सब उनकी जानिब से होते आए हैं। इन लोगों ने ये भी बताया कि वे सभी लोग मस्जिद के क्षेत्र के रहने वाले और मस्जिद के नमाजी हैं और यहीं लोग मस्जिद के पूरे इखराजात की जिम्मेदारियां निभाते हैं। जिसमें मौहल्ले के रहने वाले लोग ही आपस में मिलकर तमाम मस्जिद के इस रजत का बंदोबस्त करते हैं, वास्तव में मस्जिद की तरफ से या मस्जिद के इमाम की तरफ से इन लोगों के अलावा अन्य कोई भी मतवाली नियुक्त नहीं किया गया है। उन्होंने बिना वजह किसानों को नोटिस जारी कराने वाले युवक को कागजी और फर्जी मुतवल्ली बताते हुए कहा कि इस मस्जिद से उसका या उसके परिवार का कोई आना जाना नहीं है। और न ही मस्जिद के लोगों की राय मशवरे से उसे बनाया गया है। इसलिए उसे सही मुतवल्ली करार नहीं दिया जा सकता है। यदि वो सही होता तो वे सब मोहल्ले वाले उसमें सदस्य जरूर होते। किंतु वो कमेटी फर्जी बनाई गई हैं और उसका मुतवल्ली भी फर्जी है। इसलिए उनकी मस्जिद का उससे कोई ताल्लुक नहीं है। बरहाल इस प्रकरण की गहनता से जांच पड़ताल शुरू हुई है और दोषी के गिरेबान तक भी जांच अधिकारी जल्दी ही पहुंच जाएंगे और दोषी पर कार्यवाही भी होना लाजिम है । जिससे भू माफिया गैंग में खलबली मची हुई है। वहीं पीड़ित किसान इस जांच में न्याय की उम्मीद लगा रहे हैं।

एकेएम कॉलेज का परीक्षाफल घोषित स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

नगीना। एकेएम इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा की गई। जिसमें प्रथम स्थान द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि विनीत कुमार गर्ग एवं प्रधानाचार्य डॉक्टर आलमगीर काजमी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ओम प्रकाश एवं संचालन मौहम्मद आसिफ शम्सी ने किया। अपनी अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान जोया, ईशा नूर, उजैर, मोनिस, अरमान, इजहान, लुबना, अरहान मलिक, अलीना नाजिया, रिमशा, आलिया, निशात, अलीशा महबूब व द्वितीय स्थान अलीशा, अलीना, उम्मे तमीम, अरहान, तूबा, फारिहा, सिदरा नाज, खतीजा, इंशा, मंतशा, अलकमा, रुश्दा, अलीशा, सादिका व तृतीय स्थान हम्जा, आईरा, उजेफा, मोहम्मद अली, अदीबा, आलिया, मदीहा, अलीना, नाहिद, फरहीन, इकरा, सानिया ने प्राप्त किया। विद्यालय में 99.2 अंक प्राप्त करके अलीशा महबूब ने विद्यालय टॉप किया।

कार्यक्रम में जूनियर स्कूल की प्रधानाचार्य जेबा परवीन, जेबा जाफरी, रहनुमा मुस्कान, नाहिद जहां, उजमा रानी, आयशा परवीन, समरीन जहां, अनम अंसारी, अनम जैदी, आशिमा परवीन, खातून आपा आदि के अतिरिक्त अभिभावक उपस्थित रहे।

आइजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक

शिकायतों के निस्तारण को गंभीरता से लें अधिकारी : डीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आइजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्यालय अध्यक्ष आइजीआरएस पोर्टल को स्वयं खोलें और उन पर उपलब्ध शिकायतों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उनका पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता से बात करें और यदि किसी कारणवश शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण किया जाना संभव न हो तो उसको उसके बारे में अवगत भी करें ताकि वह संतुष्ट हो सके। उन्होंने शिकायतों के फीड बैक डिस्पोजल पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि अधिकारीगण अपने दायित्वों को गंभीरता से लें और किसी

भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही न बरतें और पूर्ण गुणवत्ता पर मानक के अनुरूप समयबद्धता के साथ शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर निस्तारण करना सुरक्षित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और मुख्यमंत्री एवं उच्चतम अधिकारी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की समीक्षा की जाती है। अत: कोई भी अधिकारी शिकायतों के निस्तारण के कार्य को लापरवाही से न लें और स्वयं इसका संज्ञान लेते हुए गंभीरता पूर्वक उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार के शिथिलता अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आइजीआरएस सहित जो भी शिकायतें प्राप्त होती हैं, उनको स्वयं अवलोकन करते हुए उनका ससमय निस्तारण करना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना सम्भव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए और उससे बात भी की जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुन: प्रेषित न कर सकें। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता को संतुष्ट किये बिना शिकायत का निस्तारण स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि कुछ शिकायतें ऐसी होती हैं जो जिले से संबंधित न होकर मंडल स्तर तथा मुख्यालय स्तर से संबंधित होती हैं, जिस कारण उसका समयबद्धता के साथ निस्तारण न होने पर उक्त शिकायतें डिफॉल्टर श्रेणी में चली जाती है, जिससे जिले की रैंकिंग प्रभावित होती है। उक्त संबंध में उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसी शिकायतों का गम्भीरता पूर्वक निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे जिले की रैंकिंग प्रभावित न होने पाये।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि./रा. अरविंद कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोज सेन, डॉ. प्रभा रानी, वरिष्ठ कोषाधिकारी, उपयुक्त उद्योग अमित कुमार सहित ने जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

गन्ने की फसल में पायरिला कीट के प्रकोप की सम्भावना

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। किसानों को जिला कृषि अधिकारी ने जानकारी देते हुए सलाह दी कि वर्तमान समय में गन्ने की फसल में पायरिला कीट के प्रकोप की सम्भावना को दृष्टिगत रखते हुए गन्ने की फसल को पायरिला कीट के नियंत्रण एवं बचाव हेतु निम्नवत सुझाव एवं संस्तुतियां दी जा रही है। जिनका कृषक भाई अपनी गन्ने की फसल में लगने वाले पायरिला कीट पर प्रभावी नियंत्रण कर सकते है, जिससे गन्ने की फसल में होने वाली क्षति को रोका जा सकता है।

नियंत्रण व बचाव के उपाय बताए

प्रबंधन के लिए सुझाव देते हुए बताया कि लाइट ट्रैप-गन्ने के खेतों में एक ट्रैप प्रति एकड़ की दर से फसल की छाँव से 15 से.मी. ऊपर लगाए। कीटों की निगरानी और मास ट्रैपिंग के लिए लाइट ट्रैप को संध्या समय शाम छह बजे से 10 बजे तक के आसपास संचालित करें। पुरानी सूखी पत्तियों को हटाकर नष्ट करना- गन्ने की सूखी पत्तियों को हटा दें और उनको नष्ट करें। इससे कीटों और रोगों के पनपने के लिए अनुकूल परिस्थितियां कम होती हैं और फसल की स्वस्थ वृद्धि को बढ़ावा मिलता है। पायरिला के अंडों के समूहों का संग्रहण और नष्ट करना-पायरिला के अंडों के समूहों को निकाल कर नष्ट कर देना चाहिए। इससे कीटों की संख्या को नियंत्रित किया जा सकता है और भविष्य में होने वाले संक्रमण को कम किया जा सकता है। यह विधि फसल की सुरक्षा में मद्दगार होती है। नाइट्रोजन उर्वरकों का संतुलित प्रयोग-पायरिला की तेजी से वृद्धि और फैलाव को नियंत्रित करने के लिए नाइट्रोजन उर्वरकों का संतुलित उपयोग करें। नाइट्रोजन उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से पौधों में हरी-भरी वृद्धि एवं पत्तियां मुलायम व रसदार होने से पायरिला फसल की तरफ अत्याधिक आकर्षित होता है, जिससे संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए नाइट्रोजन उर्वरकों का संतुलित प्रयोग करना महत्वपूर्ण है। खेतों में सिंचाई- खेतों में समुचित सिंचाई करें जोकि पारिस्थितिकी तंत्र का सूक्ष्म जलवायु एपीरिकानिया की तेजी से वृद्धि के लिए अधिक अनुकूल है। एपीरिकानिया मेलानोलेउका के लार्वा को गन्ने के प्लांटहॉपर, पायरिला पेरपुसिला के निम्फ और वयस्क दोनों चरणों पर परजीवी के रूप में काम करने हेतु जाना जाता है।

एपीरिकानिया मेलानोलेउका पायरिला पेरपुसिला के खिलाफ जैविक कीट नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रसायनिक नियंत्रण-पायरिला कीट की रोकथाम के लिए Profenofos 40% + Cypermethrin 4% EC या Chlorpyriphos 50% + Cypermethrin 5% की 500 एम.एल. मात्र अथवा क्यूनालफॉस 25 प्रतिशत ई.सी. की 500 एम.एल. मात्र प्रति एकड़ की दर से 300-350 ली. पानी में घोलकर छिड़काव करें।

बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर (गृह विज्ञान) का परीक्षाफल घोषित

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर (गृह विज्ञान) के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फोर्मेशन टैक्नोलॉजी की छात्राओं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर (गृह विज्ञान) की छात्रा अलका ने (7.04 एस.जी.पी.ए.) प्रथम, मुस्कान परवीन ने (6.96 एस.जी.पी.ए.) द्वितीय तथा अरीबा (6.88 एस.जी.पी.ए.) प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।

कृष्णा कॉलेज के प्रबंधक मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्म रहा है।

कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा तथा गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डा. शालिनी शर्मा, सहायक प्रवक्ता श्रीमति आयशा, श्रीमति सीमा, श्रीमति ज्योति चौहान, श्रीमति प्रीति चौहान ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

अब फिर फिल्मों में नजर आएंगे अश्वनी

पहले भी कर चुके कई फिल्मों में काम

मौहम्मद हनीफ

चांदपुर। चांदपुर तहसील क्षेत्र अपनी प्रतिभाओं के लिए जाना जाता है। जहां हर वर्ग के लोग विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस क्षेत्र की एक उल्लेखनीय प्रतिभा अश्विनी प्रकाश शर्मा हैं, जो नूरपुर रोड चांदपुर के निवासी हैं। उन्होंने फिल्मों में अपने अभिनय से नगर को एक नई पहचान दिलाई है।

अश्विनी प्रकाश शर्मा एक बार फिर से फिल्म जगत में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने जा रहे हैं। इस बार हुंडल मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म कंजीएन में अश्विनी इससे पहले भी बॉलीवुड की फिल्म मुद्दा 370 और जम्मू एंड कश्मीर 2019 में काम कर चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने तमिल भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म लियो में भी काम किया है जो लोकेश कनगराज



द्वारा निर्देशित है। अश्विनी प्रकाश शर्मा ने विजय तलापति और संजय दत्त के साथ फिल्म 'लियो' में काम किया था जो 2023 में रिलीज हुई थी। अब वह अपनी आगामी फिल्म में एक क्रांतिकारी की भूमिका में नजर आएंगे। अश्वनी ने अपने करियर में कई लघु फिल्मों और सरकारी-गैर सरकारी विज्ञापनों में भी काम किया है। एक छोटे से शहर से निकलकर इस मुकाम तक पहुंचने का उनका सफर काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह मुंबई जाने का इरादा रखते हैं, तो उन्होंने कहा कि वह अपने शहर चांदपुर से ही काम करना जारी रखेंगे और जो भी अवसर मिलेगा। उसे स्वीकार करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन/ डीओपी जगविंदर सिंह (जग्गी) ने किया है। फिल्म के मुख्य कलाकारों में अतुल राजपूत, मनोज बख्शी, आरसी पाठक, निशा गुप्ता, मनीष, रुपेश मिश्रा आदि शामिल हैं। इन कलाकारों के साथ अश्विनी प्रकाश शर्मा भी अपनी भूमिका निभाएंगे। चांदपुर इनर व्हील क्लब आरोही की लीना शर्मा ने चांदपुर निवासी अश्विनी प्रकाश शर्मा के द्वारा फिल्म इंडस्ट्री में अपने चांदपुर का नाम चमकाने पर उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

एक नजर

गृह कलेश में महिला ने तेजाब पिया

स्योहारा। थाना क्षेत्र के ग्राम पित्थापुर निवासी एक महिला ने गृह कलेश से तंग आकर गुस्से में तेजाब पी लिया, जिसे गंभीर अवस्था में साम. दायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। स्वास्थ्य केंद्र से स्थिति चिंताजनक देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया परंतु उसके परिजन एक स्थानीय क्लीनिक में उसको ले आए जहां पर उसका पति व परिजन मौजूद रहे।

दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव 12 से

धामपुर। नगर के मुख्य बाजार स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर के स्वामित्व महंत डॉ. अमित गिरि महाराज व महंत आदित्य गिरी ने बताया कि हनुमान जी का जन्मदिन 12 अप्रैल व 13 अप्रैल को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा।12 अप्रैल दिन शनिवार को हनुमान जी महाराज का सिंदूरी चोला, सोने व चांदी के वर्क से प्रभु का श्रृंगार किया जाएगा। भजन कीर्तन व हनुमान चालीसा पाठ भक्तों द्वारा लगातार मंदिर में चलते रहेंगे। 1 कुंतल लड्डू का भोग लगाया जायेगा। 13 अप्रैल को दिन रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन मंदिर प्रांगण में ही किया जाएगा। सभी भक्तों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में मंदिर में पहुंचकर भगवान के दर्शन प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त करें।

अभाविप ने डाला साहू जैन कॉलेज में ताला

नजीबाबाद। नगर के साहू जैन डिग्री कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर कॉलेज में ताला लगाकर धरना-प्रदर्शन कर प्राचार्य का घेराव किया। अभाविप बिजनौर के जिला संयोजक कुनाल शर्मा के नेतृत्व में कॉलेज में प्रदर्शन किया गया। कुनाल शर्मा ने बताया कि कॉलेज प्रशासन छात्र-छात्राओं के साथ खिलवाड़ कर रहा है। कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने बताया कि उनके बीए व बीकॉम के रिजल्ट में बच्चों की अनुपस्थित दिखाई गई है। जबकि सभी छात्र-छात्राओं ने अपना अपना पेपर दिया है। इसे लेकर सभी छात्र-छात्राओं में रोष व्याप्त है। कुनाल शर्मा ने बताया कि जल्द से जल्द सभी छात्राओं की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। अगर कॉलेज प्रशासन किसी भी प्रकार की लापरवाही करता है, तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। जिस पर पूर्ण जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन होगा। उधर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बलराम ने सात दिन के अंदर समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। धरना-प्रदर्शन करने वालों में कुणाल शर्मा जिला संयोजक, तहसील संयोजक मनस्वी, नगर सह मंत्री कुश, कुनाल तालान, प्रिंस चौधरी आदि कार्यकर्ता व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

महावीर स्वामी की जयंती मनाई

धामपुर। लाला केदारनाथ बालिका विद्या मंदिर में महावीर स्वामी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर दीप प्रज्वलन प्रधानाचार्या श्रीमती आभावती के द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और स्वामी जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। आचार्या श्रीमती अपर्णा ने महावीर स्वामी जी के जीवन के विषय में छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में इशिका, रेनू, प्रियंका, मीनाक्षी, खुशबू, प्रीति, अर्चना, सरिता, अनीता, विनीता, पूर्णिमा, अलका, पारुल आदि शामिल रहीं।

जागरण में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

धामपुर। नगीना मार्ग स्थित दुर्गा विहार कॉलोनी के रामलीला मैदान पर विशाल भगवती जागरण आयोजित किया गया। जिसमें अलग-अलग स्थानों से आए माता रानी के दरबार के सेवकों एवं सेविकाओं तथा श्रद्धालु परिवारों ने भजनों और माता रानी की भेंटों के माध्यम से जगत जननी मातेश्वरी जगदंबिका भवानी के चरणों में श्रद्धा भावना प्रदर्शित की। इस दौरान धनौरा से पधारी माता रानी के दरबार की समर्पित सेविका रिया अग्रवाल ने अपने भजनों की प्रभावी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में धूम मचा दी। इसके अतिरिक्त प्रदर्शित की गई विभिन्न झांकियों को भी भरपूर प्रशंसा मिली। श्रद्धालुओं ने झांकी प्रदर्शन के दौरान जमकर फूलों की होली भी खेली। झांकियों में बुद्धि और विवेक के दाता भगवान गणेश की झांकी के अलावा भगवान शंकर और माता पार्वती, महाकाली, भगवान कृष्ण एवं राधा रानी तथा भगवान कृष्ण के बाल सखा सुदामा आदि के पावन स्वरूपों की झांकी शामिल रही। तारा रानी की कथा के बाद इस विशाल भगवती जागरण का समापन सामूहिक आरती कन्या पूजन एवं प्रसाद वितरण से किया गया।

भाजपा के स्थापना दिवस पर युवा मोर्चा ने लगाया रक्तदान शिविर

रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

स्योहारा। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर युवा मोर्चा की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक पियुष रस्तौगी ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खंड विकास कार्यालय के सभागार में आयुष्मान ब्लड बैंक द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन भाजपा के स्थापना दिवस पर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बैंक डायरेक्टर प्रियंकर राणा व ब्लाक प्रमुख उज्जवल चौहान ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नीरज राणा तथा संचालन अश्मनी विश्नोई

ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रियंकर राणा ने कहा कि रक्तदान महादान है, प्रति तीन माह में रक्तदान करना चाहिए आपके द्वारा दान किया गया रक्त किसी के जीवन को बचाता है।

इस दौरान कार्यक्रम को ब्लाक प्रमुख उज्जवल चौहान, डा. विनित देवरा, मनोज भटनागर, पियुष रस्तौगी, नीरज राणा, डा. खजान ने सम्बोधित किया। इस दौरान ब्लड देने वाले रक्तदाताओं को प्रणाम पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया। इस दौरान चंदकांत त्यागी, रितिक चौहान, उत्कर्ष अग्रवाल, प्रमोद बाल्मिकी, हरिओम गुर्जर हैरी, विकास चौहान, पारस वर्मा, साजन चौहान आदि ने रक्तदान किया है।

पुत्र से परिवार की जान की सुरक्षा की मांग

धामपुर। क्षेत्र के ग्राम जैतरा निवासी हेमराज सिंह पुत्र छतर सिंह ने अपने पुत्र वासु सिसोदिया से अपनी एवं परिवार की जान माल की सुरक्षा करने के लिए उपजिलाधिकारी से मांग की है।

हेमराज सिंह ने उपजिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनका पुत्र वासु संपत्ति के लालच में सब को जान से मारने की धमकी दे रहा है और हमला भी कर चुका है। परिवार ने घर में बंद होकर अपनी जान बचाई है। जिस पर डायल 112 द्वारा पुलिस को बुलाकर उसे गिरफ्तार कराया तो पुलिस वालों को भी और उनके सामने भी पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी है, जिसकी शिकायत पहले भी पुलिस में की जा चुकी है। जिससे डर कर अपने घर में बंद होने पर मजबूर हैं। इसलिए अब उन्होंने उपजिलाधिकारी से अपने परिवार की जान माल की सुरक्षा करने की मांग की है।

समाजसेवी ठेकेदार अय्यूब के बेटे शकील अहमद का इंतकाल

शाह टाइम्स संवाददाता

अफजलगढ़। नगर के मौहल्ला मियां जी मोखा निवासी शकील अहमद पुत्र अय्यूब ठेकेदार (45 वर्ष) का गंभीर बीमारी के चलते मंगलवार की देर रात को इंतकाल हो गया। मौहम्मद हफीज ने बताया कि उनके छोटे भाई बीमारियों से ग्रस्त थे। बीमारियों से लड़ रहे थे। अचानक मंगलवार की रात को मुरादाबाद के साईं हॉस्पिटल में उन्होंने अंतिम सांस ली। मौहम्मद हफीज ने बताया वह एक मिलनसार व्यक्ति थे। समाजसेवी व हंसमुख थे। जैसे ही मौत की खबर नगरवासियों को मिली, नगर में शोक की लहर दौड़ गई। रिश्तेदारों को मौत की सूचना मिलते ही शकील अहमद के घर पर लोगों का आना जाना शुरू हो गया। शकील अहमद भरे परिवार को इस दुनिया से अलविदा कह गए। उनके तीन बेटी है।

उनके जनाजे की नमाज आज जोहर के बाद एक बजे जामा मस्जिद में अदा की गई और स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द खाक कर दिया गया। जनाजे में शामिल पूर्व विधायक

शेख सुलेमान, चेयरपर्सन पति जावेद विकार, पूर्व चेयरपर्सन पति शेख इरशाद हुसैन, सलीम एड., हाजी मौहम्मद इदरीस, मौहम्मद हफीज, अनीस अहमद, शमीम अहमद, नफीस अहमद, मास्टर असद, मौलाना अब्दुल रहीम, फिरासत नंबरदार, अब्दुल रजाक, कमरू, सभासद दिलशाद, खलील अहमद, उबैद विसाल, नवेद विसाल, हाशिम, परवेज विकार, पत्रकार हाजी अब्दुल बारी, शरीफ अहमद, मौहम्मद आरिफ, अब्दुल मोईद आदि जनाजे में शामिल रहे।

बीजेपी के स्थापना दिवस पर वाकिब ने गिनवाई उपलब्धियां

शाह टाइम्स संवाददाता

स्योहारा। ग्राम फैजुल्लापुर निवासी भाजपा समर्थक दल अल्पसंख्यक के जिलाध्यक्ष वाकिब अली अंसारी ने भाजपा के स्थापना दिवस पर कहा कि देश में एकमात्र भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो देश को विकास की ओर ले जाने में सक्षम है।

श्री अंसारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया जिसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए और बाद में देश के प्रधानमंत्री भी बने। भाजपा ने अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की तथा भारतीय राजनीति को नए आयाम दिए। देश में विकास आधारित

राजनीति की नींव भी भाजपा ने विभिन्न राज्यों में सत्ता में आने के बाद तथा पूरे देश में भाजपा नीत राजग शासन के दौरान रखी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी उत्तर प्रदेश की जनता ने दोबारा से प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया और प्रदेश में विकास कार्यों को गति लगातार मिल रही है। स्थापना दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया और रक्तदान भी किया और एक दूसरे को बधाई देकर मुंह मीठा भी कराया है।

भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी: अशोक राणा

सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा क्षेत्र स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नगरों तथा विभिन्न ग्रामों के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा विधायक अशोक राणा ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह पार्टी के प्रति पूरी लगन, निष्ठा एवं उत्साह के साथ भूमिका रखने का संकल्प ले।

शुभम मंडप में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बताते हुए कहा कि सबसे अधिक सदस्य संख्या भी इसी पार्टी की है। विधायक अशोक राणा ने भारतीय जनसंघ तथा उसके संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी से लेकर भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान तक के

कार्यकाल तथा उसके माध्यम से अर्जित की गई उल्लेखनीय एवं गौरवशाली उपलब्धियों की बिंदुवार विस्तार से तथ्यात्मक चर्चा करते हुए कहा कि राष्ट्रवाद को महत्व देकर कार्य करने वाली इस पार्टी की प्रत्येक उपलब्धि का श्रेय उन सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं को है जो अपने पारिवारिक एवं सामाजिक दायित्वों की पूर्ति करते हुए पार्टी के प्रति भी पूरी निष्ठा लगन एवं कर्तव्य परायणता बनाए हुए हैं।

कार्यकर्ता सम्मेलन का शुभारंभ मंच पर आसीन विशिष्ट अतिथियों विकास खंड आल्हैपुर की ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान, पूर्व भाजपा विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह एवं सतीश गौतम, पूर्व चेयरमैन लीना सिंघल एवं राजू गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुभाष चौहान एवं दिनेश सैनी, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ. रश्मि शर्मा रावल, सहकारी गन्ना समिति धामपुर के सभापति रामवीर सिंह, भाजपा के धामपुर नगर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गोयल एवं नगर मंडल महामंत्री नागेश्वर दयाल गहलोत तथा अनिल कुमार शर्मा, स्योहारा नगर मंडल अध्यक्ष नीरज राणा, शेरकोट नगर मंडल अध्यक्ष विजय पाल सिंह सैनी, सरकड़ा चकराजमल मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सिसोदिया आदि ने ज्ञान दायिनी मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण और पुष्प अर्चन से किया।

सम्मेलन में सभासद संतोष राजपूत, मुकुल सैनी, सोमपाल सिंह सैनी, सोनू सैनी, हिमांशु सैनी, रवि शंकर सैनी, पूर्व सभासद पति सोनू वाल्मीकि, पूर्व नामित सभासद राकेश चौधरी एवं भूपेंद्र सैनी वरिष्ठ भाजपा नेता, उदित जैन आदि मौजूद रहे।

सम्भल। ग्राम खजरा खाकम में चिलचिलाती धूप में गेहूं की फसल काटते डीएम राजेन्द्र पैंसिया।

चिलचिलाती धूप में डीएम ने खेत में गेहूं काटे

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। जिले का चार्ज ग्रहण कर विभागों में छापमार कार्यवाही कर लापरवाहों को सबक सिखाने और समय की पाबंदी कराने से शुरू से ही चर्चित जिलाधिकारी शिक्षक के साथ किसान की भूमिका में नज़र आए। डीएम ने स्कूल में बच्चों को शिक्षा दीक्षा दी जबकि चिलचिलाती धूप में गेंहू की फसल काटकर फसल क्रॉप कटिंग का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी का यह कार्यशैली लोगों को खूब भा रही है।

बुधवार को जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया बहजोई ब्लाक के गांव खजरा खाकम स्थित बेसिक शिक्षा के दो विद्यालयों में पहुंचे। डीएम ने एक विद्यालय में बच्चों को हिंदी के पर्यायवाची शब्द पढ़ाए। शब्दों का सही उच्चारण एवं दो बार उच्चारण कर उनको कंठस्थ करने का तरीका भी समझाया। इसके अलावा दूसरे विद्यालय मे ने सफाई दुरुस्त करने तथा विद्यालय की बाउंड्री बनवाने का प्रधान को निर्देश दिया। इसके बाद जिलाधिकारी ने चिलचिलाती धूप में गेहूं की फसल काटी। प्रशासनिक सेवा के साथ शिक्षक फिर किसान की भूमिका लोगों को जमकर लुभा रही है जबकि गेंहू का कटान कर जिलाधिकारी की यह भूमिका किसानों के प्रति उनके समर्थन और कृषि कार्यो के महत्व को दर्शाती है।डीएम ने किसान रामपाल के खेत में जाकर गेहूं की फसल की क्रॉप कटिंग के कार्य का निरीक्षण किया और खुद भी गेहूं की फसल को काटा। निरीक्षण के दौरान 10-10 त्रिकोण मीटर के क्षेत्र की

○स्कूल में बच्चों को दी शिक्षा-दीक्षा

फसल को निकलवा कर उसके अनाज को क्रॉप कटिंग के मानक के अनुसार माप करवायी। 43.3 स्क्वायर मीटर में 23.300 कि.ग्रा. गेहूं निकला। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं और उनके परिश्रम का सम्मान करना हम सब का कर्तव्य क्रॉप कटिंग सभी जिलों में किए जाते हैं और इसमें रैंडम आधार पर कुछ खेतों को चुना जाता है। इसके अलावा इससे उत्पादकता का आंकलन त्रिकोणीय आकृति में खेत को काटकर उससे कितनी उत्पादकता हुई है देखी जाती है। उन्होने बताया कि इससे दो फायदे होते हैं। पहला जिले का जो औसत निकलता है उससे यहां की उत्पादकता का पता चलता है तथा उसके आंकड़े शासन को भी भेजे जाते है। दूसरा उत्पादकता यदि कम होती है तो उन किसानों को जिन्होंने फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमा करा रखा है। फसल बीमा योजना के तहत लाभ दिया जाता है। डीएमने किसानों को अधिक से अधिक फसल बीमा कराने को भी प्रेरित किया।

जींस कारखाना स्वामी के सीबीआई की रेड

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। बुधवार की सुबह सवेरे सी बी आई की जींस कारोबारी के पड़ी रेड ने हड़कम्प मचा दिया। गुपचुप आये सीबीआइ के अधिकारियों ने मीडिया कर्मियों को भटकने नहीं दिया। अंदर मकान में जींस कारोबारी से पूछताछ कर सीबीआई उसे अपने साथ ले गई। सी बी आई के अधिकारियों ने कोई जानकारी देने से साफ इंकार दिया लेकिन मामला धान व गेंहू क्रय केन्द्र में हुए बड़े घोटाले से सम्बंधित बताया जा रहा है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला लाडम सराय निवासी जींस

○धान व गेंहू क्रय केन्द्रों पर बड़ी हेराफेरी से जुड़ा मामला मीडिया कर्मियों को रखा दूर जानकारी देने से किया इंकार

कारोबारी के मकान पर सी बी आई के अधिकारियों ने छापमारी की। छापमारी के दौरान सी बी आई सीधे जींस कारोबारी के मकान पर पहुंची और अंदर से गेट को बंद कर लिया जबकि कुछ बाहर निगरानी करते रहे। सूचना पाते ही कुछ मीडिया कर्मी पहुंचे और फोटो ग्राफी की, लेकिन सीबीआई कर्मियों ने फोटो ग्राफी करने से मना कर दिया। जबकि किसी तरह की कोई जानकारी भी नहीं दी। छापामारी कर रही सीबीआई ने जींस कारखाना मालिक से पूछताछ की और करीब दो बजे वापस चली गई। उधर सूत्रों की माने तो मामला सरकारी धान और गेंहू क्रय केन्द्रों पर की गई बड़ी हेराफेरी का है। चर्चा है कि पूरा मामला सरकारी धान बेचकर उसके रुपये अलग-अलग लोगों के बैंक खातों में डलवाए गए थे। इनमें जींस कारोबारी के खाते में भी रकम आयी थी। उन रूपयों को निकाल लिया गया था। जींस कारोबारी ने यहां कुछ लोगों खाते खुलवाए थे, जिसमें करोड़ों रुपये ट्रांसफर होना बताया जा रहा है। इसी की जांच करने सीबीआई यहां आई थी। फिलहाल बताते हैं कि सीबीआई अधिकारी जींस कारोबारी को अपने साथ ले गयी। जींस कारोबारी कोई विकास सैनी बताया जा रहा है।

कौशल विकास के प्रशिक्षण के लक्ष्यों को किया जाए शीघ्र पूरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। कौशल विकास,आई टी आई एवं पॉलीटेक्निक की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के लक्ष्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्दश दिए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने जिले में संचालित पीएमकेवीवाई, पीएम विश्वकर्मा, अप्रेंटिसशिप और उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गयी। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, पीएम श्रीविद्यालय में कौशल विकास का प्रशिक्षण, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर विस्तार पूर्वक चर्चा की और सम्बंधितों को ज़रूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के निजी आई टी आई एवं पॉलिटेक्निक कालेजो की लैब का निरीक्षण करने के साथ आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को भी विस्तार पूर्वक देखाने के

○डीएम ने समीक्षा बैठक में दिए सम्बंधितों को निर्देश

निर्देश दिए। जबकि सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम के लक्ष्यों को शीघ्र पूर्ण कराने को निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गोरखानाथ भट्ट, जिला समन्वयक/प्रधानाचार्य,आई टी आई सम्भल, स्तुति गुप्ता, प्रधानाचार्य, आई टी आई चंदौसी, नरेंद्र सिंह पाल जिला कौशल प्रबंधक पवन सिंह भदौरिया एवं कासिफ अली, अमित शुक्ला आदि प्रशिक्षण प्रदाता मौजूद रहे।

डीएम ने दिए निर्देश

सम्भल। कौशल विकास,आई टी आई एवं पॉलीटेक्निक की समीक्षा बैठक में डीएम ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के लक्ष्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्दश दिए।कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम नेपीएमकेवीवाई, पीएम विश्वकर्मा, अप्रेंटिसशिप की प्रगति की समीक्षा की।

लक्ष्य से अधिक आठ करोड़ से अधिक की वसूली, पालिका को मिलेगा नगरोदय ववैश्विक सुविधाओं को धन लाभ

कर करेत्तर की वसूली में नगर पालिका परिषद ने बनाया कीर्तिमान

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। स्वच्छता में शासन से सम्मान मिलने के बाद नगर पालिका परिषद ने एक और कीर्तिमान स्थापित किया है। वित्तीय वर्ष में लक्ष्य से अधिक 8 करोड़ कर करेत्तर की वसूली में एक नया रिकार्ड कायम किया है।

○ईओ डा. मणि भूषण तिवारी के नेतृत्व पालिका निरंतर रच रही इतिहास

अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद किसी न किसी मामले को लेकर एक अलग ही मकाम बनाता जा रहा है। नगर विकास मंत्री के हाथों प्रदेश भर की नगर पालिकों में प्रथम स्थन पाकर सम्मानित हो चुक पालिका ई ओ डा. मणि भूषण तिवारी के नेतृत्व में चली कर करेत्तर की वसूली में नया कीर्तिमान बनाया है। वित्तीय वर्ष में की गई वसूली में पालिका ने 6 लाख 54 लाख की वसूली के लक्ष्य को पारदिया हैं नगर पालिका परिषद ने 08 करोड़ 75 लाख रूपये के पार वसूली की है।जो कि गत वर्ष (2023-24) के कर करेत्तर वसूली 06 करोड़ 54 लाख 38 हजार के सापेक्ष 133.80 प्रतिशत की वृद्धि है जो अब तक की सर्वाधिक वसूली है। बता दें कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की कुल 08 करोड़ 75 लाख रूपये वसूली में से लगभग 04 करोड़ वसूली कर में हुई है, तथा वहीं 04 करोड़ 75 लाख रूपये वसूली करेत्तर में हुई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की कुल वसूली में लाख 40 हजार सरकारी भवनों से रुप में प्राप्त हुई है तथा वहीं गैर सरकारी भवनों से आरसी की वसूली लगभग 25 लाख रूपये हुई है। कुल मिलाकर वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवासीय-अनावासीय भवनों को मिलाकर लगभग 28,000 भवनों से कर की वसूली की गई जो अब तक सर्वाधिक है। लगभग 56 वित्तीय वर्ष की इस उपलब्धि का सबसे बड़ा फायदा पालिका को मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना से मिलेगा। इस योजना के तहत जो मानक निर्धारित किये गये हैं उसे पालिका ने प्राप्त कर लिया है। मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना में नगरों के आधारभूत संरचनाओं एवं अन्य वैश्विक सुविधाओं हेतु धन उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना में शामिल होने से पालिका को भी इन सभी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

सम्भल। मरकजी मदरसा अमजलउलूम में जायरीन हज को प्रशिक्षण देते।

भाजपा सरकार में हो रहा है सभी का विकास: राजू

बबराला। नगर के लोहिया कान्वेट स्कूल के सभागार में भाजपा के सक्रिय सदस्यता सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें पार्टी की मजबूती पर बल दिया गया। बुधवार को सम्मेलन के मुख्य वक्त पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही रही है। जिससे पार्टी देश में ही नहीं बल्कि प्रदेशो में भी अच्छा जीत का परचम लहराकर सत्तासीन हुई है। भाजपा कार्यकर्ता भाजपा की नीतियों पर चलकर कार्य कर रहा है। भाजपा सरकार सभी वर्गों के लिए समान रूप से कार्य कर रही है।

बबराला। सिविल जज जू. डि. के स्थानांतरण पर विदाई देते अधिवक्ता।

हज ज़ायरीनों की सहायता को तरबियती कैम्प

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। मरकजी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम, तेल मण्डी सम्भल में हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों की सहायता के लिए तरबियत कैम्प लगाया गया, जिसमें कारी वसी अशरफ ने लगभग 250 हाजियों को स्क्रीन के जरिए हज के अरकान बताए। हज में एहराम कैसे बाँधा जाएगा, कहाँ से तवाफ करना है, कितने चक्कर लगाने हैं आदि सभी बातें बतायीं। मदीना शरीफ में बड़े अदब के साथ पेश आना है, हुजूर नबी ए करीम की बारगाह में आवाज जरा सा भी ऊँची नहीं होनी चाहिए। वहां हर बात खयाल रखना है। जिला हज ट्रेनर अब्दुल खालिक ने नियम, कानून बताते हुए कहा कि इस बार हज कमेटी हाजियों की सहूलियत के लिए काफी ज्यादा और अच्छे इंतेजाम

○स्क्रीन के ज़रिये हज के अराकानों का दिया गया प्रशिक्षण

कर रही है, हज यात्रियों के लिए वैक्सीन का आयोजन किया जाएगा, यात्री टाइम से मदरसा पहुंचें। हाजी नदीम और तकी अशरफ एडवोकेट ने वैक्सीन के रजिस्ट्रेशन फार्म भरे। इस मौके पर कारी तनजीम अशरफ, मुफ्ती आलम नूरी, मुफ्ती राशिद सकाफी, मौलाना शमशाद, कारी शाहिद, कारी सरताज, कारी सलमान, आदि मौजूद रहे।

सदभावना मंच के राष्ट्रीय संगठन संरक्षक डा. इंद्रेश ने पूर्व पालिकाध्यक्ष को ईदी देकर दिया आर्शीवाद

त्रिदिवसीय अभ्यास वर्ग की नुसरत संग बनी रणनीति

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। भारतीय सद्भावना मंच के तत्वावधान में होने वाले त्रिदिवसीय अभ्यास वर्ग की तैयारियां तेज हो गयी हैं। अभ्यास वर्ग की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में भाग लेने पहुंचे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संग राष्ट्रीय संगठन के संरक्षक एवं मार्ग दर्शक डा. इंद्रेश संग रणनीति बनायी और तैयारियों को दिशा निर्देश दिए।

आरएसएस के आनुषांगिक संगठन भारतीय सदभावना मंच की और से 25 अप्रैल को अभ्यास वर्ग का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। 27 अप्रैल तक होने वाले अभ्यास वर्ग की सफलता को तैयारियां जोरो-शोरों के साथ की जा रही है। गाजियाबाद के मराठवाड़ा कॉलेज में की जा रही तैयारियों को लेकर हुई बैठक में नगर पालिका परिरूाद के पूर्व अध्यक्ष हाजी नुसरत इलाही पहुंचे। बैठक में डा. इंद्रेश ने पूर्व पालिकाध्यक्ष को कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी और इसे सफल बनाने के लिए तैयारियां करने के निर्देश दिए। मंच की बैठक में भाग लेकर आय पूर्व पालिकाध्यक्ष ने बताया कि मंच की राष्ट्रीय अध्यक्षा साध्वी माँ कल्पना अरुंधति ने बताया कि अभ्यास वर्ग में देश भर से लगभग 400 सदस्य भाग लेंगे ।उसकी तैयारियों के लिये पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भारतीय सद्भावना मंच के संरक्षक देवर्षि डा. इंद्रेश कुमार की बैठक में भाग लिया है। जिसमे अभ्यास वर्ग का मंच के लिए महत्व एवं कार्य योजना अनुशासित व्यवस्था के बारे में जानकारी दी तथा देश भर से आने वाले संयोजन टीम को प्रोत्साहित किया। इससे पहले डा. अर्जुन मूँदडा ने सभी सदस्यगणों के साथ पंजीयन, आवास, भोजन, यातायात, प्रिंटिंग, स्टेशनरी, सोश्यल मीडिया, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मेडिकल आदि के साथ संयोजन हेतु विस्तृत चर्चा की। बैठक में जिसमें आकाश डोडवानी, अनुराग चौहान गाजियाबाद टीम ने आवास, पंजीयन, प्रिंटिंग एवं स्थानीय व्यवस्था को जिम्मेदार सौंपी। इस अवसर पर भारतीय सद्भावना मंच गो प्रकोष्ठ के उत्तर प्रदेश के संयोजक एवं संभल नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन हाजी नुसरत इलाही को डा. इंद्रेश कुमार जी ने ईदी देकर अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर उनके साथ असरार अहमद, मोहसिन, हमजा, असलम, विश्वजीत सिंह, हिमांशु चौधरी, आदित्य चौधरी, पूनम ढौंडियाल, ज्ञानेंद्र सिंह, आदि शामिल रहे।

बार और बैंच दोनों ही न्याय के पूरक

शाह टाइम्स संवाददाता

बबराला। सिविल बार एसोसिएशन ने तहसील सभागार में सिविल जज जूनियर डिवीजन के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन किया। सिविल बार के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर विदाई दी।

सिविल जज जूनियर डिवीजन गुन्नौर विजय प्रकाश ने कहा कि बार और बैंच में जब सामंजस्य होता है। तभी न्याय सुलभ होता है, क्योंकि बार और बैंच दोनों ही न्याय के पूरक हैं। गुन्नौर में लगभग एक वर्ष का समय बहुत अच्छा रहा। वादकारियों को समुचित न्याय मिला। जिसके लिए सभी अधिवक्ताओं को धन्यवाद। नए अधिवक्ता विधि व्यवसाय में अच्छा सहयोग कर रहे हैं। आगे भी जारी रखेंगे। उन्होने गुन्नौर बार की प्रशंसा की। उपजिलाधिकारी गुन्नौर दीपक चौधरी ने कहा कि गुन्नौर के अधिवक्ताओं ने तहसील के अधिकारियों से मधुर सम्बन्ध हैं। इस अवसर पर सीओ दीपक तिवारी, सिविल बार अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह यादव, महासचिव मोहित यादव, बार वेलफेयर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष वीरेश यादव, भानु प्रकाश यादव, विजय सिंह, मुनेंद्र यादव, रागिब उल्ला, योगेंद्र शर्मा, हेमंत दीक्षित, राम रहीस यादव, भगवान सिंह यादव आदि उपस्थित रहे।

बढ़ी कीमतों से जनमानस में रोष, रसोई का बजट गड़बढ़ाया

गैस की बढ़ी कीमतें वापस ले सरकार

शाह टाइम्स संवाददाता

बबराला। गैस सिलेंडर कीमतों में की गई वृद्धि ने आम जनमानस पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है जबकि गृहणी की रसोई गढ़बढ़ा गयी है। एक साथ इतनी वृद्धि करने पर लोगो में रोष है।

रसोई गैस और पैट्रोल पर बढ़ी कीमत ने लोगों को हतप्रब्ध कर दिया है। लोगों का कहना है कि गैस सिलेंडरों की बढ़ी हुई कीमतों को इतना ज़्यादा बढ़ाना पूणर्त: गलत है। इस मेंहगाई के दौर में एक साथ इतनी वृद्धि करने का फैसला जनमानस के साथ अन्याय है। लोगो ने गैस की बढ़ी हुई कीमतों को वापस लेने की मांग की है। उनका कहना है कि एक साथ पचास रूपये गैस सिलेंडरों की पर बढ़ोत्तरी की है। ऐंसा पहले कभी भी नहीं हुआ। इससे रसोई का बजट गड़बढ़ा गया है। सरकार इसे वापस कराने का कार्य करे। इन कम्पनियों पर ऐंसी वृद्धि करने पर रोक लगाई जाये। अबजबकि आगामी त्यौहार व शादियों पर गैस सिलेंडरों की आवश्यकता होगी और इसी समय यह दाम आसमान छू रहे हैं। वर्तमान मे बढ़ती कीमत से शादी वाले भी परेशान होंगे। मांग करने वालों में प्रेम पाल सिंह, आनन्द प्रकाश, किशनपाल, श्योराज सिंह, सुनील कुमार, योगेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।

सम्बंध-विच्छेद

मेरा पुत्र तसलीम गलत संगत में पड़ गया था। आये दिन घर में लड़ाई-झगड़ा व गाली-गलौंच करता रहता था। इसलिए तसलीम से दिक व परेशान होकर मैने व मेरे पति और परिवार के लोगों ने 4.08.2022 को अपने सम्बंध विच्छेद कर लिये थे। मैने व मेरे पति ने तसलीम को बेदखल कर दिया था। तब से तसीलम अपने अच्छे व बुरे का स्वयं जिम्मेदार है। मेरे व मेरे पति तथा परिवार से उसका कोई सम्बंध नहीं रहा है। न ही मेरी व मेरे पति की चल व तसलीम अचल समपत्ति में कोई हक रहा है।

शाहजहाँ पत्नी अनवार हुसैन
नि. पन्नी ग्रान सराय तरीन तहसील व जिला सम्भल।

जय यादव जय माधव से गूंजा क्षेत्र

शाह टाइम्स,संवाददाता

बबराला। गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव सैमला गुन्नौर में अहीर रेजिमेंट बोर्ड का भव्य अनावरण किया गया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख आशीष कुमार उर्फ हनी यादव मुख्य अतिथि रहे और फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर अहीर रेजिमेंट के सिपाहियों और ग्रामीणों ने जोश से लबरेज होकर जय यादव, जय माधव के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भारतीय सेना में जातिगत रेजिमेंटों के ऐतिहासिक संदर्भ पर प्रकाश डालते हुए अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग को दोहराया। ब्लॉक प्रमुख हनी यादव ने कहा कि रेजांगला युद्ध (1962) में अहीर योद्वाओं ने अद्वितीय शौर्य का प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा कि इस गौरवशाली

○ गुन्नौर में अहीर रेजिमेंट बोर्ड का अनावरण

परंपरा को देखते हुए सरकार को भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट का गठन करना चाहिए। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि अगर वे अपने पूर्वजों के गौरवशाली इतिहास को जानेंगे, तो समाज और मांग दोनों को मजबूती मिलेगी। इस मौके पर अहीर रेजिमेंट के सैकडों युवाओं सहित मौजूद रहे

मामूली कहासुनी में दम्पति की लाठी-डंडे से की धुनाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। थाना नखासा क्षेत्रान्तर्गत मामूली कहासुनी में दम्पत्ति को लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। थाने पहुंच चार के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा।

○सूचना पर पहुंची डायल 112 ने घायलों को अस्पताल भिजवाया

थाना नखासा क्षेत्र के ग्राम पंचायत ततारपुर संदल निवासी जितेन्द्र सिंह पुत्र रामकुमार सगे पांच भाई हैं जिसमे की चार भाई गांव में ही रहते हैं और जितेन्द्र के बच्चे भी गांव में रहते हैं लेकिन जितेन्द्र दिल्ली में रहकर मजदूरी का काम करता है। चार अप्रैल को परिवार में चाचा की मौत हो गई थी। मौत में शामिल होने जितेन्द्र भी अपने गांव पहुंचा था। मंगलवार की शाम को परिजनों से किसी बात को लेकर पुष्पा देवी पत्नी जितेंद्र की परिजनों से कुछ कहासुनी हो गई थी। आरोपी हैं कि परिजनों द्वारा गाली-गलौज करने लगे जब मना किया तो योगेश पुत्र बिजेंद्र, अंकित, अनिल, राजेंद्र,ने घर में घुसकर लाठी-डंडे से मारपीट करनी शुरू कर दी। पत्नी को बचाने आए जितेन्द्र के भी साथ दबंगों ने जमकर लाठी डंडे से मारपीट कर पति-पत्नी को लहूलुहान कर दिया। घटना की सूचना घायल द्वारा डायल 112 को सूचना दी गई। मौके पर पुलिस पहुंची और घायलों को थाने लेकर आई। पीड़ित द्वारा चार व्यक्तियों के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई।

ई-रिक्शा चोरी कर लाते चोर को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

बबराला। पुलिस ने चोरी के ई रिक्शा सहित चालक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। बीती रात बबराला चौकी इंचार्ज विशाल शर्मा, हेड कांस्टेबल कलवा सिंह, वीरेंद्र चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव हीरापुर इटउवा पर एक ई रिक्शा चालक आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने को कहा लेकिन वह पुलिस को देखकर ई रिक्शा से कूदकर भाग निकला। पुलिस ने काफी दूर उसका पीछा करने के बाद पकड़ लिया। उससे कड़ाई पर से पूछताछ की तो उसने अपना नाम अरविंद पुत्र सुभाष गांव सौंगरा थाना जंवा जिला अलीगढ़ बताया। उससे जब पुलिस ने ई रिक्शा के कागज पूछे तो उसने बताया कि यह रिक्शा चोरी का है। इसको वह गभाना जिला अलीगढ़ से चोरी कर लाया है। पुलिस ने उसे चोरी के ई रिक्शा सहित गिरफ्तार कर लिया।गुन्नौर कोतवाल अखिलेश प्रधान ने बताया कि ई-रिक्शा चोरी के आरोप में अरविंद को न्यायालय भेजा।

○पुलिस ने किया चालान

पोषण पखवड़ा को बाल विकास परियोजना से निकाली गई रैली

सम्भल। बाल विकास परियोना में पोषण पखवाड़ा रैली का आयोजन किया गया। पोषण पखवाड़ा रैली का आयोजन कर

खंड विकास पंवासा के बाल विकास परियोजना से आयोजित रैली को खंड विकास अधिकारी ओंकार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में ब्लॉक पंवासा की सभी आंनबाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रतिभाग किया।

योगीराज में दारोगा पर पीड़ित को ही हड़काने के आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

सम्भल। इंसाफ की प्रतिमूर्ति योगी राज में परिवार संग पहुंचे युवक ने चौकी इंचार्ज पर अभद्रता करने और आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं करने के आरोप लगाए। सी ओ से शिकायत कर कार्यवाही की गुहार लगायी।

सदर कोतवाली के मौहम्मदपुर टांडा निवासी नजारुल पुत्र अजमेरी हुसैन ने सीओ कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र मे आरोप लगाया कि वह 08 मार्च की रात्रि अपने घर से परिवार की महिलाओं के साथ दावत खाने गया था। आरोप है कि वह दावत खाकर वापस हुआ तभी गांव निवासी रईस व कल्लू और उनके परिवार के कुछ युवकों ने गाड़ी को आगे पीछे से घेर लिया और पकड़ने का प्रयास कर जानलेवा हमला करने की कोशिश की। पूर्व में भी उसकी बाईक से अपने चाचा के पास हिण्डौली रोड पर जा रहा था तभी पीछे से रईस व उनके ड्राइवर फरमान ने पीछे से ऊपर गाडी चढ़ाने का प्रयास किया। जिसमें वह बाल बाल बचा जिसकी सीसीटीवी फुटेज भी है। वह कुछ समझ पाता इतने में गाड़ी में बैठी मेरे परिवार की औरतों ने शोर मचा दिया। तभी वह अपनी गाडी को वहाँ से तेज गति से लेकर आया और टांडा चौकी में मैनें घटना की जानकारी दी तो चौकी प्रभारी द्वारा उल्टा हडकाते हुए कहा कि तुझे किसी ने कोई जान से नहीं मार दिया ना तेरे कोई गोली लग गयी यह कोई अपराध नहीं हुआ है।

जनपद के 36 ग्राम प्रधानों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत होने पर डीएम ने किया सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत टीबी मुक्त पंचायत 2025 के तहत जनपद में 36 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त होने पर संबंधित ग्राम प्रधानों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत का प्रमाण पत्र एवं गांधी जी की प्रतिमा प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अनुज सिंह ने उपस्थित ग्राम प्रधानों को ग्राम पंचायतें टी बी मुक्त होने पर शुभकामनाएं दी।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पोषणयुक्त भोजन बच्चों को भी कराया जाये। लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरुक करने की आवश्यकता है। उन्होंने ग्राम प्रधानों से अपनी ग्राम पंचायत को स्वस्थ ग्राम पंचायत बनाने का आवाहन करते हुए कहा कि गांव के अंदर स्वच्छता के साथ साथ गांव के प्रवेश रास्तों की स्वच्छता को भी सुनिश्चित किया जाए। कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित किए गये ग्राम प्रधानों में ग्राम पंचायत अवनपुर के श्री मानसिहं, बाकीपुर जटनी श्रीमती अफसरी, ग्राम पंचायत सुनारी की श्रीमती तन्वी यादव, ग्राम पंचायत असदपुर की श्रीमती साईस्ता, ग्राम पंचायत मनकुआ के सत्यपाल सिंह, ग्राम मानपुर मुजफ्फरपुर के श्री अहमद अली, ग्राम महेन्द्री सिकन्दरपुर के देवेन्द्र, ग्राम पंचायत राना नगला की श्रीमती , ग्राम पंचायत विजयरामपुर की श्रीमती सरिता, ग्राम पंचायत दारापुर की श्रीमती रेखा, ग्राम पंचायत राजपुर कला के श्री सोनू कुमार, ग्राम पंचायत करना वाला जब्दी की श्रीमती केला देवी, ग्राम पंचायत नन्हूंवाला के श्री शमशाद, ग्राम पंचायत मलपुरा लक्ष्मीपुर की श्रीमती शमां परवीन, ग्राम पंचायत करना वाला खालसा के श्री सूरज वंसत, ग्राम पंचायत किशनुपर गांवडी के राम अवतार सिंह, ग्राम पंचायत भरतावाला की जगवती देवी, ग्राम पंचायत बुद्ध नगर की श्रीमती विवेका देवी, ग्राम पंचायत पट्टी चौहान के श्री वेदप्रकाश चौहान, ग्राम पंचायत असालतपुर के श्री आशीष चौधरी, ग्राम पंचायत मुनीमपुर

की श्रीमती नाजरीन, ग्राम पंचायत कूरी की श्रीमती शीतल देवी, ग्राम पंचायत ज्योडरा श्री नितिन कुमार, ग्राम पंचायत नियामतपुर की श्रीमती रीना, ग्राम पंचायत खानपुर के श्री भूरे यादव ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी जिला पंचायती राज अधिकारी वाचस्पति झा, डॉ प्रवीन श्रीवास्तव जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ संजीव बेलवाल उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी,डॉ जावेद डीपीसी, नरेश राणा, डॉ जगवीर सिंह स्टलस , मनोज पीपीम सहित समस्त ब्लॉक से आये एसटीएस एवम संबंधित अधिकारी गण व ग्राम प्रधान उपस्थित रहें।

ट्रेन की चपेट मे आने से बुजुर्ग की दर्दनाक मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

कुंदरकी। चक फाजलपुर संपर्क मार्ग पर न्यू बाईपास पुल के नीचे ट्रेन की चपेट आने से 60 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक नौसे के बेटे तालिब ने जानकारी देते हुए बताया कि। उसके पिता बकरी का चारा लेने के लिए बुधवार के समय समय करीब 8:00 बजे घर से निकले थे बताया जा रहा है कि मृतक को दोनों कानों से कम सुनाई देता था और आंखों से कम दिखता था। रेलवे ट्रैक के पास चारा लेने गए बुजुर्ग की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार की सुबह समय करीब **8:30 बजे** मुरादाबाद से चंदौसी डी आर एम स्पेशल ट्रेन जो मुरादाबाद से चंदौसी जा रही थी उसकी चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत हो गई बताया जा रहा है कि पोल नंबर 16/10 न्यू के माध्य की घटना है बताया जा रहा है कि इस स्पेशल ट्रेन से डीआरएम घूम रहे थे सूचना मिलने पर आर पी एफ, जीआरपी,व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। अभी तक के चार बेटे तालिब, मुशाहिद, नौशाद, आलीशान, पत्नी मोमिना का रो-रो कर हुआ बुराहाल। पुलिस ने सब कब्जे में ले लिया इसके बाद परिजनों ने पोस्टमार्टम करने से इनकार कर दिया पुलिस ने शव की पंचनामे की कार्यवाही के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

लड़की को भगा कर ले जाने के मामले में एक पर एफआईआर

कांठ(शाह टाइम्स) नगर निवासी का कहना था कि 7 अप्रैल को सुबह 4.30 बजे उसकी छोटी बहन राधिका को मोहल्ले का ही रहने वाला अंकित बहला फुसालाकर भगा ले गया। पीडित ने बहन को नावालिग बताते हुए कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

कार्यालय ग्राम पंचायत फैजुल्लापुर वि.ख. बनियाखेड़ा, जिला-सम्भल

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन-सूचना

ग्राम पंचायत-ग्राम पंचायत फैजुल्लापुर, वि.ख. बनियाखेड़ा, सम्भल में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, 15वाँ वित्त आयोग, मनरेगा, अन्य शासकीय मदों से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की, निर्माण सामग्री कार्य स्थल पर आपुर्ति/पूर्ण कार्य करने हेतु मोहर बंद निविदायें/कुटेशन आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं पूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन दरों सहित जमा कर सकते हैं। जोकि प्रकाशन की तिथि से 7 दिन बाद अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2 बजे खोली जायेंगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति/पूर्णकार्य ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति/पूर्ण कार्य ग्राम प्रधान/पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति/पूर्ण कार्य ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्य-स्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति /पूर्ण कार्य का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्ति कर्ता का जी.एस.टी रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. की दरों की गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की अपूर्ति/पूर्ण कार्य ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत किये जाने अनिवार्य है। सामग्री/कार्य की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नही पाये जाने की स्थिती में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र.सं.	सामग्री का नाम	मात्रा	दर
1	सीमेट	प्रति बैग	-
2	बालू रेत/लोकल रेत	प्रति घन मी.	
3	बजरफुट बालू रेत	प्रति घन मी.	
4	20 एम.एम. वजरी	प्रति घन मी.	
5	40 एम.एम. ब्रिक ब्लास्ट	प्रति घन मी.	
6	ईंट प्रथम श्रेणी एम-150 एम	प्रति हजार	
7	ईंट वालदार एम-275	प्रति हजार	
8	सी. सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 mm सफेद रंगीन/आर सीसी रोड	प्रति नग	
9	दीवार टाईल्स	प्रति वर्ग मी.	
10	फर्श टाईल्स	प्रति वर्ग मी.	
11	सरिया/डोर माईल्स	प्रति कुन्तल	
12	लोहे का जाल पाईप	प्रति कुन्तल	
13	मिट्टी दूरी सहित/काटेज मिट्टी	प्रति घन मी.	
14	लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टेम्बर/प्लाई	प्रति घन मी.	
15	बाल पेंटिंग, डेम प्रूफ बेदर मैक्ल प्रूफ पेन्ट	प्रति वर्ग मी.	
16	दीवार पुट्टी/समोशन दो कोट	प्रति वर्ग मी.	
17	सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग	
18	सैनेट्री सामग्री वाटर सप्लाई सामग्री	प्रति नग	
19	लोहे का फेन्सिंग तार	प्रति कि.ग्रा.	
20	आयरन एंगिल, टीनशैड	प्रति कि.ग्रा.	
21	भवन निर्माण/मरम्मत कार्य	घन मी./वर्ग मी.	
22	सीमेंट आइटम/सी. सी. ब्रेच/लकड़ी की बेंच/लोहे की बेच।	प्रति नग	
23	डस्टबिन/कुडा गाडी/सफाई किट ठेली/प्लास्टिक बैग आदि।	प्रति नग	
24	कीट नाशक/बिल्डिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड।	प्रति घन मी.	
25	फर्नीचर स्कूल बेच कम्पलीट/लैब सामग्री/लाइब्रेरी सामग्री	प्रति नग	
26	फर्नीचर कारखाना वाराणसी	प्रति नग	
27	हैण्डपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण/प्लम्विंग	प्रति नग/फिट	
28	समरसेविल पम्प नया/ मरम्मत उपकरण	प्रति नग/फिट	
29	आर.सी.सी पिलर हयूम पाईप	नग/बैग	
30	PVC पाइप PVC आइटम मोल्डिंग पैनल आदि।	प्रति मी./प्रति नग	
31	स्टील गाटर हिस्पेंसर/आर.ओ. शुद्ध पानी हेतु/वाटर कुलर	प्रति नग	
32	गौ आश्रय स्थल संबंधित सामग्री।	प्रति नग	
33	M.R.P. सम्बंधित सामग्री-	प्रति नग	
34	ओपनिंग जिम खेल मैदान/उपकरण	प्रति नग	
35	खडंजा आरसीसी सीसी रोड सीसी इंटरलॉकिंग रोड निर्माण	प्रति वर्ग मी.	
36	नाली/नाला निर्माण (यूटाईप क्रम नाली व एल टाईप नाली	प्रति वर्ग मी.	
37	इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/सोलर आइटम, न्यू/मरम्पत	प्रति मी./प्रति नग	
38	विभिन्न प्रजातियों के छायादार/शोभाकर टिम्बर पौधे।	प्रति नग	

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत फैजुल्लापुर
वि.ख. बनियाखेड़ा, सम्भल।

ग्राम सचिव
ग्राम पंचायत फैजुल्लापुर
वि.ख. बनियाखेड़ा, सम्भल।

कार्यालय सम्पति प्रबन्ध उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद, मुरादाबाद

पत्रांक : 593/सं.प्र.-मुरादाबाद   दिनांक 08.04.2025

सर्वसाधारण को सूचना

परिषद की जिगर विहार योजना, मुरादाबाद में स्थित स्वयं वित्त पोषित भवन संख्या-बी / 49 प्रदेशन पत्राक 862 दिनाक 01.04.1987 द्वारा श्री सतीश कुमार पुत्र श्री द्वारिकाधीश के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी ने दिनांक 22.05.1987 को इस कार्यालय से किराया-किस्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध निष्पादित कराकर दिनांक 04.06.1987 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया था तथा भवन के मूल्य के विरूद्ध पूर्ण भुगतान कर दिनांक 17.10.1987 को पट्टा विलेख निष्पादित करा लिया था। श्री सतीश कुमार की मृत्योपरान्त वारिसान के आधार पर इस कार्यालय आदेश संख्या 3578 दिनांक 19.11.2011 द्वारा श्रीमती ऊषा अग्रवाल पत्नी स्व0 श्री सतीश कुमार के पक्ष में भवन का नामान्तरण किया गया। श्रीमती ऊषा अग्रवाल द्वारा पूर्ण भुगतान करते हुए दिनांक 22.11.2011 को इस कार्यालय से फ्रहोल्ड-डीड निष्पादित कराकर दिनांक 22.12.2011 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय, मुरादाबाद में पंजीकृत करा लिया गया था। श्रीमती ऊषा अग्रवाल पत्नी स्व0 श्री सतीश कुमार द्वारा सय्यद नुसरत अली पुत्र श्री सय्यद मुनव्वर अली व श्रीमती बुशरा इकराम पत्नी सय्यद नुसरत अली के पक्ष में दिनांक 04.04.2012 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया है। सय्यद नुसरत अली पुत्र श्री सय्यद मुनव्वर अली व श्रीमती बुशरा इकराम पत्नी सय्यद नुसरत अली द्वारा श्री शेख मोहम्मद अफजल पुत्र श्री शेख जुम्मन के पक्ष में दिनांक 13.01.2014 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया है। श्री शेख मोहम्मद अफजल पुत्र श्री शेख जुम्मन द्वारा भवन का 1/2 भाग श्री हिफजुर्रहमान पुत्र श्री अब्दल रहमान के पक्ष में दिनांक 19.11.2014 एवं भवन का शेष 1/2 भाग श्रीमती समरीन रहमान पत्नी श्री हिफजुर्रहमान के पक्ष में दिनाक 20.11.2014 को विक्रय कर दिया है।

अब श्री हिफजुर्रहमान पुत्र श्री अब्दल रहमान एवं श्रीमती समरीन रहमान पत्नी श्री हिफजुर्रहमान ने अपने प्रार्थना-पत्र दिनांक शून्य के द्वारा स्वयं वित्त पोषित भवन संख्या-बी / 49, जिगर विहार योजना, मुरादाबाद को विक्रयोपरान्त अपने पक्ष में नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है।

यदि इस नामान्तरण में किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल), सेक्टर-5 मझोला योजना संख्या-4, भाग-2. मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम / आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबधी कार्यवाही की जायेगी।

आज्ञा से- सम्पत्ति प्रबन्धक

बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र आरिफ व पुत्रवधू श्रीमती शबाना को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **रिफाकत हुसैन पुत्र लियाकत हुसैन** निवासी: गली नंबर 3 वारसी नगर, जामा मस्जिद थाना मुगलपुरा, जिला मुरादाबाद।

बेदखली सूचना

हमने अपने छोटे पुत्र विशाल कश्यप व पुत्रवधू श्रीमती अंशु को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवा. रिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

महेश चंद्र पुत्र स्वर्गीय बिहारी लाल व श्रीमती उषा रानी पत्नी महेश चंद्र निवासीगण ए. के. टेलर वाली गली हनुमान नगर लाइनपार, जिला मुरादाबाद।

एक नजर

स्टाफ कम मिलने पर कुलपति ने जताई नाराजगी

कांठ (शाह टाइम्स) डिग्री कॉलेज में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान महाविद्यालय में स्टाफ कम मिला और कक्षाओं में ताले लटके हुए थे एक कक्षा में केवल तीन छात्र मिले। कुलपति जब निरीक्षण करने के लिए

महाविद्यालय पहुंचे तो वहां पर शैक्षिक संबंधी गतिविधियां दिखाई नही दीं। शिक्षक व कार्यालय स्टाफ समेत पूरे महाविद्यालय में कुल नौ लोग मिले। एक भी क्लास महाविद्यालय में नहीं लग रही थी। बताया गया कि कुलपति को महाविद्यालय में शिक्षण कार्य संचालित न होने की शिकायतें मिली थीं उनको बताया गया था कि यहां अधिकांश स्टाफ अनुपस्थित रहता है जिसकी वजह से विद्यार्थी भी कम आते हैं। कुलपति अब शैक्षिक स्तर चेक करने के लिए अन्य महाविद्यालयों में भी औचक भ्रमण करेंगे।

विवाहिता के साथ ससुराल में मारपीट अस्पताल में किया भर्ती

कांठ (शाह टाइम्स) जनपद संभल के थाना असमोली क्षेत्र के गांव सीडल माफी निवासी शीला पत्नी हरि सिंह का कहना था कि उसकी पुत्री गंगावती की शादी थाना छजलैट के गांव दयनाथपुर निवासी जयकुमार पुत्र अनूप के साथ हुई थी काफी दिनो से जय कुमार व इसका पिता अनूप सिंह पुत्री को मारते पिटते व गाली देते व मारपीट कर घर से भगाते व खर्चे मे तंग रखते चले आ रहे थे। कई बार रिश्तेदारो द्वारा समझाने का प्रयास किया गया मगर वह नही माने 7 अप्रैल को जय-कुमार ने फोन कर पुत्री को मेरे घर से बुलाया और शाम को करीब 5.00 बजे गन्दी गन्दी गाली देते हुए लात घूसो व ईंटो से मारा पीटा जिससे उसको गम्भीर चोटे आई शोर सुनकर आस पास वालो ने उसको बचाया जो इस समय कॉस्मॉस अस्पताल मे भर्ती है। छजलैट पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

बैंक खाते से रुपये उड़ाने के मामले में 15 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज

कांठ(शाह टाइम्स) थाना क्षेत्र के गांव सिरसा ठाठ निवासी विजयपाल का बचत खाता बैंक आफ वडौदा मे है उनके खाते से यू पी आई द्वारा एक वार 28999/-तथा दूसरी वार 60997 रूपए 25 मार्च को निकल गए। पीड़ित थाने पहुंचा और तहरीर दी पुलिस ने साइबर सेल में मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

महीने से नहीं हुई वार्ड में सफाई, ईओ से शिकायत

भोजपुर। मोहल्ला वगियाबाला के बाशिंदों ने अध्यक्ष पर सफाई और निर्माण कार्य कराने में भेदभाव बरतनें का आरोप लगाते हुए अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखकर दिया है। शिकायतकर्ता मोहम्मद दानिश ने अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि शेख बाहुल्य वार्ड पांच बगिया वाला में दो महीने से सफाई व्यवस्था पूर्ण रूप से ठप पड़ी। सफाई कर्मचारी दो ढाई महीने में कुछ ही देर के लिए वार्ड में पहुंचता है और इधर-उधर घूम घाम कर बैरंग लौट जाता है। ईओ ने शिकायतकर्ता को नियमित सफाई कराने का आश्वासन दिया है।

पेड़ लगाने को मना करने पर दी जान से मारने धमकी

भोजपुर (शाह टाइम्स संवाददाता)। मोहल्ला मनिहारान निवासी किसान अफसर अली पुत्र अब्दुल वाहिद ने प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में कहा है कि बारूभूड़ा रोड पर खेत है।घ्पड़ोस में गांव मिर्जापुर निवासी किसान का खेत है जिसको मोहल्ला फतेहपुरी निवासी रशीद पुत्र छोटे जोतता बोतता है। मंगलवार को रशीद ने मेढ़ काटकर पेड़ लगा दिए। शिकायत करने पर मारपीट करने पर अमादा हो गया,जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच कर रही है।

मल्लीपुर महमूदानगला में क्रॉप कटिंग के तहत एसडीएम ने काटे गेहूं

शाह टइम्स संवाददाता बिलारी। तहसील क्षेत्र के गांव मल्लीपुर महमूदनगला में क्रॉप कटिंग कार्य के तहत एसडीएम विनय कुमार सिंह ने स्वयं खेत में जाकर गेहूं की कटाई की। इस बीच किसानों को गेहूं क्रय केंद्र पर ले जाने के लिए भी प्रोत्साहित किया। बुधवार को एसडीएम विनय कुमार सिंह क्षेत्र के गांव मल्लीपुर महमूदानगला में पहुंचे।हाथ में कस्सी लेकर वह गेहूं काटने के लिए खेत पर उतर गए। इस बीच उन्हें गेहूं काटता देख भारी तादाद में किसान भी जुट गए। क्रॉप कटिंग के तहत

गेहूं की फसल की पैदावार जानने के लिए क्रॉप कटिंग कार्य चल रहा है। जिसके तहत अंदाजा लगाया जाता है कि इस बार गेहूं की कितनी फसल कितने एरिया में पैदा हुई है और कितना किसान की उपज हुई है। फसल काटने के बाद एसडीएम विनय कुमार सिंह ने सभी किसानों से आवाहन किया कि वह गौशाला के लिए भूसा दान करें। इसके अलावा सभी अपने गेहूं को क्रय केंद्र पर लेकर जाएं ताकि उन्हें अच्छी कीमत मिल सके।

कार्यालय ग्राम पंचायत महमूदपुर माफी विकास खण्ड-छजलैट (मुरादाबाद)।

पत्रांक मीमो/ग्राम निधि-मनरेगा/ग्रा.पं./निविदा/2025-26   दिनांक: 09.04.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत महमूदपुर माफी विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त-मनरेगा/पन्द्रहवां वित्त/केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार सामाग्री आपूर्ति दिनांक 15.04.2025 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 15.04.2025 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगीं।

क्र. सं.	कार्य का नाम	मद का नाम	अनुमानित लागत	जमानत राशि	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	पानी की टंकी के पास नाली निर्माण कार्य उत्तर दिशा में।	-	505777/-	2%	150/-	3 माह
2	पानी की टंकी के पास नाली निर्माण काय दक्षिण दिशा में।	-	509481/-	2%	150/-	3 माह

शर्तें-
1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत महमूदपुर माफी
विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद

कार्यालय ग्राम पंचायत बहोरनपुर वि.ख. बनियाखेड़ा, जिला-सम्भल

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन-सूचना

ग्राम पंचायत-ग्राम पंचायत बहोरनपुर, वि.ख. बनियाखेड़ा, सम्भल में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, 15वाँ वित्त आयोग, मनरेगा, अन्य शासकीय मदों से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की, निर्माण सामग्री कार्य स्थल पर आपुर्ति/पूर्ण कार्य करने हेतु मोहर बंद निविदायें/कुटेशन आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं पूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन दरों सहित जमा कर सकते हैं। जोकि प्रकाशन की तिथि से 7 दिन बाद अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2 बजे खोली जायेंगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति/पूर्णकार्य ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति/पूर्ण कार्य ग्राम प्रधान/पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति/पूर्ण कार्य ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्य-स्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति /पूर्ण कार्य का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्ति कर्ता का जी.एस.टी रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. की दरों की गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की अपूर्ति/पूर्ण कार्य ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत किये जाने अनिवार्य है। सामग्री/कार्य की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नही पाये जाने की स्थिती में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र.सं.	सामग्री का नाम	मात्रा	दर
1	सीमेट	प्रति बैग	-
2	बालू रेत/लोकल रेत	प्रति घन मी.	
3	बजरफुट बालू रेत	प्रति घन मी.	
4	20 एम.एम. वजरी	प्रति घन मी.	
5	40 एम.एम. ब्रिक ब्लास्ट	प्रति घन मी.	
6	ईंट प्रथम श्रेणी एम-150 एम	प्रति हजार	
7	ईंट वालदार एम-275	प्रति हजार	
8	सी. सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 mm सफेद रंगीन/आर सीसी रोड	प्रति नग	
9	दीवार टाईल्स	प्रति वर्ग मी.	
10	फर्श टाईल्स	प्रति वर्ग मी.	
11	सरिया/डोर माईल्स	प्रति कुन्तल	
12	लोहे का जाल पाईप	प्रति कुन्तल	
13	मिट्टी दूरी सहित/काटेज मिट्टी	प्रति घन मी.	
14	लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टेम्बर/प्लाई	प्रति घन मी.	
15	बाल पेंटिंग, डेम प्रूफ बेदर मैक्ल प्रूफ पेन्ट	प्रति वर्ग मी.	
16	दीवार पुट्टी/समोशन दो कोट	प्रति वर्ग मी.	
17	सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग	
18	सैनेट्री सामग्री वाटर सप्लाई सामग्री	प्रति नग	
19	लोहे का फेन्सिंग तार	प्रति कि.ग्रा.	
20	आयरन एंगिल, टीनशैड	प्रति कि.ग्रा.	
21	भवन निर्माण/मरम्मत कार्य	घन मी./वर्ग मी.	
22	सीमेंट आइटम/सी. सी. ब्रेच/लकड़ी की बेंच/लोहे की बेच।	प्रति नग	
23	डस्टबिन/कुडा गाडी/सफाई किट ठेली/प्लास्टिक बैग आदि।	प्रति नग	
24	कीट नाशक/बिल्डिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड।	प्रति घन मी.	
25	फर्नीचर स्कूल बेच कम्पलीट/लैब सामग्री/लाइब्रेरी सामग्री	प्रति नग	
26	फर्नीचर कारखाना वाराणसी	प्रति नग	
27	हैण्डपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण/प्लम्विंग	प्रति नग/फिट	
28	समरसेविल पम्प नया/ मरम्मत उपकरण	प्रति नग/फिट	
29	आर.सी.सी पिलर हयूम पाईप	नग/बैग	
30	PVC पाइप PVC आइटम मोल्डिंग पैनल आदि।	प्रति मी./प्रति नग	
31	स्टील गाटर हिस्पेंसर/आर.ओ. शुद्ध पानी हेतु/वाटर कुलर	प्रति नग	
32	गौ आश्रय स्थल संबंधित सामग्री।	प्रति नग	
33	M.R.P. सम्बंधित सामग्री-	प्रति नग	
34	ओपनिंग जिम खेल मैदान/उपकरण	प्रति नग	
35	खडंजा आरसीसी सीसी रोड सीसी इंटरलॉकिंग रोड निर्माण	प्रति वर्ग मी.	
36	नाली/नाला निर्माण (यूटाईप क्रम नाली व एल टाईप नाली	प्रति वर्ग मी.	
37	इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/सोलर आइटम, न्यू/मरम्पत	प्रति मी./प्रति नग	
38	विभिन्न प्रजातियों के छायादार/शोभाकर टिम्बर पौधे।	प्रति नग	

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बहोरनपुर
वि.ख. बनियाखेड़ा, सम्भल।

ग्राम सचिव
ग्राम पंचायत बहोरनपुर
वि.ख. बनियाखेड़ा, सम्भल।

कार्यालय ग्राम पंचायत बगिया सागर विकास खण्ड-छजलैट (मुरादाबाद)।

पत्रांक मीमो/ग्राम निधि-मनरेगा/ग्रा.पं./निविदा/2025-26   दिनांक: 09.04.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत बगिया सागर विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त-मनरेगा/पन्द्रहवां वित्त/केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार सामाग्री आपूर्ति दिनांक 16.04.2025 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 16.04. 2025 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगीं।

क्र. सं.	कार्य का नाम	मद का नाम	अनुमानित लागत	जमानत राशि	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	रियाजुद्दीन के घर से मुंशीराम के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य।	122X4	499831/-	2%	150/-	3 माह

शर्तें-
1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत बगिया सागर
विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी छजलैट (मुरादाबाद)

पत्रांक: 40/-आंकिक/क्षे0पं0/नि0का0/निविदा/2025-26   दिनांक: 08.04.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

क्षेत्र पंचायत छजलैट (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 25.02.2025 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष क्षेत्र पंचायत पन्द्रहवां वित्त आयोग योजना टाईड वित्त मद में निम्न कार्य वर्ष 2025-26 में इस विकास खण्ड द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्ति कर्ता/ठेकेदार दिनांक 19. 04.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदायें आधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों एवं अर्नेस्टगनी तथा नियमानुसार जमानत राशि 2 प्रतिशत के साथ/एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदाये विकास खण्ड मुख्यालय पर दिनांक 19.04.2025 की अपराना 3.30 बजे खोली जायेगी।

क्र. सं.	कार्य तथा स्थल का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	जमानत की धनराशि	निविदा मूल्य	अर्नेस्टमनी	कार्य पूर्ण करने की अवधि	योजना का नाम
1	ग्राम संजरपुर में परम सिंह के मकान से सडक एवं भीम सैन के मकान से रामपाल के मकान तक नाली एवं सी०सी०टाइल्स निर्माण कार्य।	4.78	9560.00	1200.00	2%	3 माह	पंचम राज्य वित्त
2	ग्राम संजरपुर में रामेश सिंह के मकान से राम निवास के मकान तक नाली एवं सी०सी०टाइल्स निर्माण कार्य।	4.64	9280.00	1200.00	2%	3 माह	पंचम राज्य वित्त
3	ग्राम मल्हपुर में महादेव मन्दिर पर सी०सी०टाइल्स एवं दीवार निर्माण कार्य।	3.36	6720.00	1200.00	2%	3 माह	पंचम राज्य वित्त
4	ग्राम संजरपुर में मुन्नू के मकान से रहीश के मकान तक व कब्रिस्तान में नाली एवं सी०सी०टाइल्स निर्माण कार्य।	9.06	18120.00	1200.00	2%	3 माह	पंचम राज्य वित्त
5	ग्राम संजरपुर में सत्तरपाल सिंह के मकान से जबर के खेत तक नाला निर्माण कार्य।	4.45	8900.00	1200.00	2%	3 माह	15वां वित्त आयोग(टाईड)
6	ग्राम गढी में ठन्डी मस्जिद से इकबाल के मकान की ओर तक नाली एवं सी०सी०टाइल्स निर्माण कार्य।	7.40	14800.00	1200.00	2%	3 माह	पंचम राज्य वित्त
7	ग्राम मल्हपुर में मैन रोड से लोकेश कुमार के खेत तक खडण्जा निर्माण कार्य।	9.95	19900.00	1200.00	2%	3 माह	15वां वित्त आयोग(अनटाईड)
8	ग्राम तेलीपुरा में मैन रोड से आंगनवाडी केन्द्र तक नाली एवं सी०सी०टाइल्स निर्माण कार्य।	9.96	19920.00	1200.00	2%	3 माह	पंचम राज्य वित्त
9	ग्राम मनकुआ में मैन रोड आंगनवाडी केन्द्र तक नाली एवं सी०सी०टाइल्स निर्माण कार्य।	1.49	2980.00	1200.00	2%	3 माह	15वां वित्त आयोग(अनटाईड)
10	ग्राम नंगला जोगराज में रोहित के मकान से विजयपाल सिंह के मकान तक दोनो साइड सी०सी०टाइल्स निर्माण कार्य।	9.98	19960.00	1200.00	2%	3 माह	पंचम राज्य वित्त

खण्ड विकास अधिकारी
छजलैट (मुरादाबाद)

छात्र ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

शाह टाइम्स संवाददाता

सुरजन नगर। चौकी क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की प्रात: एक छात्र ने कमरे में पंखे में ही रस्सी का फंडा लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र मंगलवार की रात्रि को खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया था। बुधवार की जब उसकी बहन कमरे में झाडू लगने गई तो उसने अपने भाई को पंखे पर लटके देखा। तब उसने शोर मचाया तब परिजन और ग्रामीण कमरे में पहुंचे और उसको पंखे से उतार कर जसपुर ले गए।

जसपुर में उसको डॉक्टर ने काशीपुर भेज दिया । जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया मृत्यु की सूचना से घर में कोहराम मच गया। परिजन उसकी लेकर गांव आ गए और और बिना किसी कानूनी कार्यवाही के अंतिम संस्कार कर दिया। नहीं चल सका। गांव मे अनेक प्रकार की चर्चा आए हैं।

● अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में

शोभायात्रा को लेकर हुआ शांति समिति की बैठक का आयोजन

शाह टइम्स संवाददाता

बिलारी। कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विधि निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और नगर सहित ग्रामीण अंचल में निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर चर्चा की गई।

बुधवार को आयोजित बैठक में एसडीएम विनय कुमार सिंह ने कहा कि भारत रत्न और विधि निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को नगर के अंबेडकर पार्क स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण का कार्यक्रम आयोजित है और १५ अप्रैल को भव्य शोभायात्रा गत वर्षो की भांति इस बार भी निकाली जाएगी। जिसमें ग्रामीण अंचल के अनेक शोभायात्राएं बिलारी नगर में निकलने वाली शोभा यात्रा में शामिल हो जाती है और जो रिकॉर्ड में नहीं है उसको लेकर कर भी चर्चा की जाएगी। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार तिवारी ने सभी से प्रेम और सौहार्द के साथ इस शोभायात्रा को संपन्न करने का आह्वान किया। कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा ने पुराना रिकॉर्ड पढ़ कर सुनाया। इस मौके पर अंबेडकर युवक संघ के अध्यक्ष डॉ जगतपाल सिंह अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे और उन्होंने अपनी बातें भी रखी। इस दौरान यह भी तय हुआ कि जहां-जहां शोभा यात्रा निकलती हैं वहां सुरक्षा समिति का गठन करके उसकी एक प्रति कोतवाली में दें, जिससे प्रशासन उनका सहयोग कर सके, सभी से कोई भी नई परंपरा शुरू न करने का आह्वान किया गया। अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के अध्यक्ष डॉक्टर जगतपाल सिंह ने 14 व 15 अप्रैल को नशा से मुक्त रहने का जनता से आह्वान किया, परमिशन एवं झांकियां में जो समस्याएं उत्पन्न होती है उसके बारे में मंत्री केके नवल तथा डॉ कुंवर सिंह ने अपने विचार रखे तथा क्षेत्र की जनता ने अपने-अपनी समस्याओं के बारे में विस्तार से बताया।

सहसपुर में गंदगी के बारे में बताया गया तथा में रास्ते में गड्ढा होने की बात कही गई। जिसमें को बिलारी तथा एसडीएम ने उनका निस्तारण करने का वादा किया। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम तथा संचालन संजय जैन ने किया। बैठक में संघ के अध्यक्ष डॉक्टर जगतपाल सिंह, मंत्री के नवल उपाध्यक्ष डॉ कुमार सिंह क्षेत्र पंचायत सदस्य रन भारती, कुलदीप प्रधान, सिंघम विनीत कुमार, रोहतास कुमार, अमर सिंह, शिवम सागर, डॉ चरन सिंह, डॉक्टर सिंह, ज्वाला प्रसाद, विजय दीप, जितेंद्र, ब्रह्मपाल सिंह कुमार मोंटी अतुल कुमार अजब सिंह रोहतास कुमार तथा बहुत से लोग शामिल रहे एमपीएल सिंह प्यारेलाल रामपाल बादल सिंह और अनिल कुमार दीपचंद नेताजी पुनीत प्रकाश जयवीर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत नगर में अवैध ई-रिक्शों के खिलाफ पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

ठाकुरद्वारा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत पर बुधवार को नगर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने अवैध रूप से संचालित हो रहे रिक्शा चालकों के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान में बिना वैध परमिट, रजिस्ट्रेशन, व लाइसेंस के चल रहे ई रिक्शा ऑटो के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस की कार्रवाई से ऑटो ई रिक्शा चालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि नग में लंबे समय से अवैध रिक्शा संचालन की शिकायती मिल रही थी इन रिक्शाओं के कारण न केवल ट्रैफिक बांधित हो रहा था, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रही थी, इसी को देखते हुए बुधवार को पुलिस टीम गठित कर विशेष चें. कंग अभियान चलाया। टीम नें मुख्य चौराहों,, बस स्टैंड, भीड घ्भाड़ वाले क्षेत्र में ई रिक्शा चालको की पहचान, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, वाहन के कागजात, नाबालिग वाहन चालक की जांच की। जिन चालकों के पास दस्तावेज नहीं पाएंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की गई । साथ ही वैध रूप से चल रहे ई-रिक्शा ऑटो का सत्यापन किया, यह अभियान यातायात नियमों को शक्ति से लागू करने और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया गया।

इस दौरान ई रिक्शा चालकों से अपील की गई की नियम का पालन करें और अपने दस्तावेजों को अपने पास रखें।

जेब कतरे को पब्लिक ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा

ठाकुरद्वारा। नगर में दवाई लेने आए व्यक्ति की जेब से पैसे निकालकर भागे युवक को पब्लिक ने पकड़ा पुलिस को सौंपा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रतुपुरा निवासी आनंद सिंह पुत्र नेतराम सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह नगर के एक मेडिकल से दवाई लेने गया था तभी पीछे खड़े युवक ने उनकी जेब से पैसे निकाल कर भागने लगा तभी पीडिघ्त के शोर मचाने पर आस पास खड़े लोगो ने उसे दौड़ कर पकड़ लिया और कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया है। जिसमें पीडिघ्त ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर जेब कतरे के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है।वही पुलिस ने जेब कतरे को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई है।

भाजपा सक्रिय सदस्य एक दिवसीय सम्मलेन में गिनाई गई भाजपा सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

ठाकुरद्वारा। बुधवार को नगर के स्वास्तिक बैंकट हॉल, में सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें भाजपा पार्टी द्वारा दिए गए विषय प्रधानमंत्री के रुप में नरेंद्र मोदी के साथ 11 वर्षों में विक. सित भारत की योजना पर पार्टी के सक्रिय सदस्य गणों के साथ संवाद किया । सम्मेलन राष्ट्र निर्माण के महान संकल्प को साकार करने की दिशा में सार्थक सिद्ध होंगे। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए जनसेवा, सामा. जिक समरसता तथा सुशासन के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश मत्स्य बोर्ड के क्षेत्रीय संयोजक नरेंद्र पाल सिंह कश्यप ने उपस्थित सक्रिय सदस्यों को संबोधित करते हुए बताया कि २१ अक्टूबर 1951 में जनसंघ की स्थापना की गई थी उसे समय भारतवर्ष की सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति मैं सुधार लाने के लिए जनसंघ की स्थापना की गई थी। उसके बाद 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की गई थी । भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं के परिश्रम से भारतीय जनता पार्टी की 2014 से केंद्र में सरकार बनी हुई है । भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रीय मूल्यों से कभी समझौता नहीं किया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार पारदर्शिता के साथ कार्य कर रही है। भारतीय जनता पार्टी ने 2019 में कश्मीर से धारा 370 तथा 35 ए को समाप्त किया तथा अयोध्या में श्री राम के मंदिर के निर्माण के संकल्प को पूर्ण किया। मुरादाबाद के भाजपा पूर्व अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता तन मन तथा समर्पण की भावना से पार्टी का कार्य कर रहा है उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में परिवार परिवारवाद के लिए कोई स्थान नहीं है। सक्रिय सम्मेलन के तीसरे सत्र

को ठाकुर द्वारा विधानसभा के प्रत्याशी रहे ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश में योगी सरकार तथा केंद्र में मोदी सरकार की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए पूर्ण सरकारों के विदेशी कर्ज को समाप्त करने का कार्य किया। केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाएं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाएं जैसे जनधन खाता, डिजिटाइजेशन, प्रधानमंत्री आवास योजना उज्जवल गैस योजना महाकुंभ का सफल आयोजन मेक इन इंडिया स्टार्टअप इंडिया कॉरोना काल फ्री वैक्सीन देना शौचालय का निर्माण तथा एक्सप्रेसवे बनाने का कार्य किए है। भाजपा में सबका साथ सबका विकास के नारे तहत देश और प्रदेश में विकास किया है। कभी भी जातिवाद की राजनीति नही की है। कार्यक्रम में आचार्य गजेंद्र पाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख पति डॉ. वीर सिंह सैनी, जिला उपाध्यक्ष सत्य पाल सिंह, गजेंद्र चौधरी, ओमपाल सैनी, जिला मंत्री भानु प्रताप सिंह, अभय चौधरी, पूर्व चेयरमेंन प्रत्याशी पवन पुष्पद, राकेश चौहान, नवीन चौधरी, मनमोहन सिंह, मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह, दीपक बाल्मीकि, पवन शर्मा, हरपाल सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सचिन राणा, दीपक गोस्वामी, अखिलेश विश्नोई, धर्मेंद्र पाल, जितेंद्र सिंह, महिला मोर्चा से डिंपल चौहान, गार्गी सिंह, सुनीता सिंह, आदि प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

मुरादाबाद जिले को मिली 6 नई एम्बुलेंस, डीएम अनुज कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

मुरादाबाद। जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने जिले को 06 नई बेसिक लाइफ सपोर्ट (बी एल एस) एम्बुलेंस प्रदान की हैं जिन्हें आज जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह ने कलक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कुलदीप सिंह, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजीव बेलवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इन एम्बुलेंसो मे आक्सीजन सिलेंडर प्रशिक्षित स्टाफ समेत सभी आवश्यक सुविधाएं मौजूद होंगी, जिससे आपात कालीन सेवाएं और अधिक मजबूत होगी।

महिला के बेहोश होते ही चोरों ने दिनदहाड़े किया लाखों के माल पर हाथ साफ

कांठ(शाह टाइम्स) आबिहफीजपुर निवासी नरेश सिहँ पाल पुत्र मुखवा सिहँ अपने परिवार के साथ गेहू की कटाई करने खेत पर गये थे घर पर छोटे बेटे की बहू मनीता पत्नी अरविन्द थी सुबह करीब 10:00 बजे अचानक दो व्यक्ति घर मे आ गये अनजान व्यक्तियों को देख कर वह घबरा कर बेहोश हो गयी, चोर जेठानी राजेन्द्री के सेफ के ताले तोड़कर मंगलसूत्र सोने की चौन ओर मनीता के कान के कुंडल गले का मंगलसूत्र पैरो की चौन आदि करीब दो लाख का सामान ले गये। परिवार वाले जब खेत से घर वापस आये तो बहु मनीता बेहोशी की हालत मे मिली परिवार वालो ने ११२ नम्बर पर काल कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर चौकी पुलिस और थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना का जायजा लिया बताया गया कि पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। लेकिन दिन दहाड़े हुई इस घटना से गांव में डर का माहौल है।

डॉ.बलराम सिंह ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट

ठाकुरद्वारा, शाह टाइम्स संवाददाता। पूर्व ब्लाक प्रमुख डॉ. बलराम सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर प्रदेश की राजनीति व जनहित के विभिन्न विषय पर व्यापक चर्चा की। ब्लाक क्षेत्र के गांव कुआंखेड़ा खालासा निवासी पूर्व ब्लाक प्रमुख/तेजस हॉस्पिटल के डायरेटर डॉ० बलराम सिंह ने बताया कि प्रदेश के केबिनेट मंत्री अनिल कुमार, राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महा सचिव त्रिलोक त्यागी , विधायक अशरफ अली व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल के लखनऊ में प्रदेश के मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट कर प्रदेश की राजनीति और क्षेत्र के विकास पर व्यापक चर्चा की।

पब्लिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा छोटा पुत्र जितेन्द्र मेरे कहने में नहीं है। वह समाज में मेरी व मेरे परिवार की बेजजदत्ती करता है। इस कारण मैंने व मेरे परिवार ने उससे सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। मैंने उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से वंचित कर दिया है। उसके किसी भी भले बुरे कृत्य का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। चन्द्रपाल पुत्र लालजी निवासी ग्राम अल्लीपुर खादर तहसील हसनपुर जिला अमरोहा।

खोया-पाया सूचना

मैं गत 23 मार्च को दिल्ली से मुरादाबाद ट्रेन संख्या 14311 आला हजरत एक्सप्रेस से आ रहा था मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर उतरते समय मेरा बैग ट्रेन में ही छूट गया और काफी खोजने के बाद भी नहीं मिला। मेरे बैग में मेरे घर के बैनामे के कागज, पैन कार्ड, आधार कार्ड व ड्राईविंग लाइसेंस आदि वास्तव में खो गए है जिसका उपयोग अवैधानिक होगा। राज कुमार कश्यप पुत्र श्री मुलखराज कश्यप निवासी एलआईजी भवन सं. स-48 नवीन नगर शहर व जिला मुरादाबाद।

बेदखली सूचना

मैंने अपनी पुत्री ज्योति पत्नी अमित कुमार को गलत संग/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। श्रीमती सरोज पत्नी स्व. कुवरपाल शर्मा निवासी इंदिरा गांधी स्कूल, प्रकाश नगर, मुरादाबाद, **मो.** 9412151524

कार्यालय ग्राम पंचायत धनूपुरा चण्डरौआ वि.ख. बनियाखेड़ा, जिला-सम्भल

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन-सूचना

ग्राम पंचायत-ग्राम पंचायत धनूपुरा चण्डरौआ, वि.ख. बनियाखेड़ा, सम्भल में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, 15वाँ वित्त आयोग, मनरेगा, अन्य शासकीय मदों से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की, निर्माण सामग्री कार्य स्थल पर आपुर्ति/पूर्ण कार्य करने हेतु मोहर बंद निविदायें/कुटेशन आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं पूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन दरों सहित जमा कर सकते हैं। जोकि प्रकाशन की तिथि से 7 दिन बाद अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2 बजे खोली जायेंगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति/पूर्णकार्य ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति/पूर्ण कार्य ग्राम प्रधान/पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति/पूर्ण कार्य ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्य-स्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति /पूर्ण कार्य का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्ति कर्ता का जी.एस.टी रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. की दरों की गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की अपूर्ति/पूर्ण कार्य ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत किये जाने अनिवार्य है। सामग्री/कार्य की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नही पाये जाने की स्थिती में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र.सं.	सामग्री का नाम	मात्रा	दर
1	सीमेट	प्रति बैग	-
2	बालू रेत/लोकल रेत	प्रति घन मी.	
3	बजरफुट बालू रेत	प्रति घन मी.	
4	20 एम.एम. वजरी	प्रति घन मी.	
5	40 एम.एम. ब्रिक ब्लास्ट	प्रति घन मी.	
6	ईंट प्रथम श्रेणी एम-150 एम	प्रति हजार	
7	ईंट वालदार एम-275	प्रति हजार	
8	सी. सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 mm सफेद रंगीन/आर सीसी रोड	प्रति नग	
9	दीवार टाईल्स	प्रति वर्ग मी.	
10	फर्श टाईल्स	प्रति वर्ग मी.	
11	सरिया/डोर माईल्स	प्रति कुन्तल	
12	लोहे का जाल पाईप	प्रति कुन्तल	
13	मिट्टी दूरी सहित/काटेज मिट्टी	प्रति घन मी.	
14	लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टेम्बर/प्लाई	प्रति घन मी.	
15	बाल पेंटिंग, डेम प्रूफ बेदर मैक्ल प्रूफ पेन्ट	प्रति वर्ग मी.	
16	दीवार पुट्टी/समोशन दो कोट	प्रति वर्ग मी.	
17	सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग	
18	सैनेट्री सामग्री वाटर सप्लाई सामग्री	प्रति नग	
19	लोहे का फेन्सिंग तार	प्रति कि.ग्रा.	
20	आयरन एंगिल, टीनशैड	प्रति कि.ग्रा.	
21	भवन निर्माण/मरम्मत कार्य	घन मी./वर्ग मी.	
22	सीमेंट आइटम/सी. सी. ब्रेच/लकड़ी की बेंच/लोहे की बेच।	प्रति नग	
23	डस्टबिन/कुडा गाडी/सफाई किट ठेली/प्लास्टिक बैग आदि।	प्रति नग	
24	कीट नाशक/बिल्डिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड।	प्रति घन मी.	
25	फर्नीचर स्कूल बेच कम्पलीट/लैब सामग्री/लाइब्रेरी सामग्री	प्रति नग	
26	फर्नीचर कारखाना वाराणसी	प्रति नग	
27	हैण्डपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण/प्लम्बिंग	प्रति नग/फिट	
28	समरसेविल पम्प नया/ मरम्मत उपकरण	प्रति नग/फिट	
29	आर.सी.सी पिलर हयूम पाईप	नग/बैग	
30	PVC पाइप PVC आइटम मोल्डिंग पैनल आदि।	प्रति मी./प्रति नग	
31	स्टील गाटर हिस्पेंसर/आर.ओ. शुद्ध पानी हेतु/वाटर कुलर	प्रति नग	
32	गौ आश्रय स्थल संबंधित सामग्री।	प्रति नग	
33	M.R.P. सम्बंधित सामग्री-	प्रति नग	
34	ओपनिंग जिम खेल मैदान/उपकरण	प्रति नग	
35	खडंजा आरसीसी सीसी रोड सीसी इंटरलॉकिंग रोड निर्माण	प्रति वर्ग मी.	
36	नाली/नाला निर्माण (यूटाईप क्रम नाली व एल टाईप नाली	प्रति वर्ग मी.	
37	इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/सोलर आइटम, न्यू/मरम्पत	प्रति मी./प्रति नग	
38	विभिन्न प्रजातियों के छायादार/शोभाकर टिम्बर पौधे।	प्रति नग	

ग्राम प्रधान **ग्राम सचिव**
ग्राम पंचायत धनूपुरा चण्डरौआ **ग्राम पंचायत धनूपुरा चण्डरौआ**
वि.ख. बनियाखेड़ा, सम्भल। **वि.ख. बनियाखेड़ा, सम्भल।**

कार्यालय ग्राम पंचायत गुरसरी वि.ख. बनियाखेड़ा, जिला-सम्भल

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन-सूचना

ग्राम पंचायत-ग्राम पंचायत गुरसरी, वि.ख. बनियाखेड़ा, सम्भल में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, 15वाँ वित्त आयोग, मनरेगा, अन्य शासकीय मदों से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की, निर्माण सामग्री कार्य स्थल पर आपुर्ति/पूर्ण कार्य करने हेतु मोहर बंद निविदायें/कुटेशन आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं पूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन दरों सहित जमा कर सकते हैं। जोकि प्रकाशन की तिथि से 7 दिन बाद अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2 बजे खोली जायेंगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति/पूर्णकार्य ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति/पूर्ण कार्य ग्राम प्रधान/पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति/पूर्ण कार्य ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्य-स्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति /पूर्ण कार्य का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्ति कर्ता का जी.एस.टी रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. की दरों की गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की अपूर्ति/पूर्ण कार्य ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत किये जाने अनिवार्य है। सामग्री/कार्य की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नही पाये जाने की स्थिती में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र.सं.	सामग्री का नाम	मात्रा	दर
1	सीमेट	प्रति बैग	-
2	बालू रेत/लोकल रेत	प्रति घन मी.	
3	बजरफुट बालू रेत	प्रति घन मी.	
4	20 एम.एम. वजरी	प्रति घन मी.	
5	40 एम.एम. ब्रिक ब्लास्ट	प्रति घन मी.	
6	ईंट प्रथम श्रेणी एम-150 एम	प्रति हजार	
7	ईंट वालदार एम-275	प्रति हजार	
8	सी. सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 mm सफेद रंगीन/आर सीसी रोड	प्रति नग	
9	दीवार टाईल्स	प्रति वर्ग मी.	
10	फर्श टाईल्स	प्रति वर्ग मी.	
11	सरिया/डोर माईल्स	प्रति कुन्तल	
12	लोहे का जाल पाईप	प्रति कुन्तल	
13	मिट्टी दूरी सहित/काटेज मिट्टी	प्रति घन मी.	
14	लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टेम्बर/प्लाई	प्रति घन मी.	
15	बाल पेंटिंग, डेम प्रूफ बेदर मैक्ल प्रूफ पेन्ट	प्रति वर्ग मी.	
16	दीवार पुट्टी/समोशन दो कोट	प्रति वर्ग मी.	
17	सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग	
18	सैनेट्री सामग्री वाटर सप्लाई सामग्री	प्रति नग	
19	लोहे का फेन्सिंग तार	प्रति कि.ग्रा.	
20	आयरन एंगिल, टीनशैड	प्रति कि.ग्रा.	
21	भवन निर्माण/मरम्मत कार्य	घन मी./वर्ग मी.	
22	सीमेंट आइटम/सी. सी. ब्रेच/लकड़ी की बेंच/लोहे की बेच।	प्रति नग	
23	डस्टबिन/कुडा गाडी/सफाई किट ठेली/प्लास्टिक बैग आदि।	प्रति नग	
24	कीट नाशक/बिल्डिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड।	प्रति घन मी.	
25	फर्नीचर स्कूल बेच कम्पलीट/लैब सामग्री/लाइब्रेरी सामग्री	प्रति नग	
26	फर्नीचर कारखाना वाराणसी	प्रति नग	
27	हैण्डपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण/प्लम्बिंग	प्रति नग/फिट	
28	समरसेविल पम्प नया/ मरम्मत उपकरण	प्रति नग/फिट	
29	आर.सी.सी पिलर हयूम पाईप	नग/बैग	
30	PVC पाइप PVC आइटम मोल्डिंग पैनल आदि।	प्रति मी./प्रति नग	
31	स्टील गाटर हिस्पेंसर/आर.ओ. शुद्ध पानी हेतु/वाटर कुलर	प्रति नग	
32	गौ आश्रय स्थल संबंधित सामग्री।	प्रति नग	
33	M.R.P. सम्बंधित सामग्री-	प्रति नग	
34	ओपनिंग जिम खेल मैदान/उपकरण	प्रति नग	
35	खडंजा आरसीसी सीसी रोड सीसी इंटरलॉकिंग रोड निर्माण	प्रति वर्ग मी.	
36	नाली/नाला निर्माण (यूटाईप क्रम नाली व एल टाईप नाली	प्रति वर्ग मी.	
37	इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/सोलर आइटम, न्यू/मरम्पत	प्रति मी./प्रति नग	
38	विभिन्न प्रजातियों के छायादार/शोभाकर टिम्बर पौधे।	प्रति नग	

ग्राम प्रधान **ग्राम सचिव**
ग्राम पंचायत गुरसरी **ग्राम पंचायत गुरसरी**
वि.ख. बनियाखेड़ा, सम्भल। **वि.ख. बनियाखेड़ा, सम्भल।**

कार्यालय ग्राम पंचायत बलकरनपुर वि.ख. बनियाखेड़ा, जिला-सम्भल

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन-सूचना

ग्राम पंचायत-ग्राम पंचायत बलकरनपुर, वि.ख. बनियाखेड़ा, सम्भल में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, 15वाँ वित्त आयोग, मनरेगा, अन्य शासकीय मदों से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की, निर्माण सामग्री कार्य स्थल पर आपुर्ति/पूर्ण कार्य करने हेतु मोहर बंद निविदायें/कुटेशन आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं पूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन दरों सहित जमा कर सकते हैं। जोकि प्रकाशन की तिथि से 7 दिन बाद अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2 बजे खोली जायेंगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति/पूर्णकार्य ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति/पूर्ण कार्य ग्राम प्रधान/पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति/पूर्ण कार्य ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्य-स्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति /पूर्ण कार्य का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्ति कर्ता का जी.एस.टी रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. की दरों की गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की अपूर्ति/पूर्ण कार्य ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत किये जाने अनिवार्य है। सामग्री/कार्य की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नही पाये जाने की स्थिती में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र.सं.	सामग्री का नाम	मात्रा	दर
1	सीमेट	प्रति बैग	-
2	बालू रेत/लोकल रेत	प्रति घन मी.	
3	बजरफुट बालू रेत	प्रति घन मी.	
4	20 एम.एम. वजरी	प्रति घन मी.	
5	40 एम.एम. ब्रिक ब्लास्ट	प्रति घन मी.	
6	ईंट प्रथम श्रेणी एम-150 एम	प्रति हजार	
7	ईंट वालदार एम-275	प्रति हजार	
8	सी. सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 mm सफेद रंगीन/आर सीसी रोड	प्रति नग	
9	दीवार टाईल्स	प्रति वर्ग मी.	
10	फर्श टाईल्स	प्रति वर्ग मी.	
11	सरिया/डोर माईल्स	प्रति कुन्तल	
12	लोहे का जाल पाईप	प्रति कुन्तल	
13	मिट्टी दूरी सहित/काटेज मिट्टी	प्रति घन मी.	
14	लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टेम्बर/प्लाई	प्रति घन मी.	
15	बाल पेंटिंग, डेम प्रूफ बेदर मैक्ल प्रूफ पेन्ट	प्रति वर्ग मी.	
16	दीवार पुट्टी/समोशन दो कोट	प्रति वर्ग मी.	
17	सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग	
18	सैनेट्री सामग्री वाटर सप्लाई सामग्री	प्रति नग	
19	लोहे का फेन्सिंग तार	प्रति कि.ग्रा.	
20	आयरन एंगिल, टीनशैड	प्रति कि.ग्रा.	
21	भवन निर्माण/मरम्मत कार्य	घन मी./वर्ग मी.	
22	सीमेंट आइटम/सी. सी. ब्रेच/लकड़ी की बेंच/लोहे की बेच।	प्रति नग	
23	डस्टबिन/कुडा गाडी/सफाई किट ठेली/प्लास्टिक बैग आदि।	प्रति नग	
24	कीट नाशक/बिल्डिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड।	प्रति घन मी.	
25	फर्नीचर स्कूल बेच कम्पलीट/लैब सामग्री/लाइब्रेरी सामग्री	प्रति नग	
26	फर्नीचर कारखाना वाराणसी	प्रति नग	
27	हैण्डपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण/प्लम्बिंग	प्रति नग/फिट	
28	समरसेविल पम्प नया/ मरम्मत उपकरण	प्रति नग/फिट	
29	आर.सी.सी पिलर हयूम पाईप	नग/बैग	
30	PVC पाइप PVC आइटम मोल्डिंग पैनल आदि।	प्रति मी./प्रति नग	
31	स्टील गाटर हिस्पेंसर/आर.ओ. शुद्ध पानी हेतु/वाटर कुलर	प्रति नग	
32	गौ आश्रय स्थल संबंधित सामग्री।	प्रति नग	
33	M.R.P. सम्बंधित सामग्री-	प्रति नग	
34	ओपनिंग जिम खेल मैदान/उपकरण	प्रति नग	
35	खडंजा आरसीसी सीसी रोड सीसी इंटरलॉकिंग रोड निर्माण	प्रति वर्ग मी.	
36	नाली/नाला निर्माण (यूटाईप क्रम नाली व एल टाईप नाली	प्रति वर्ग मी.	
37	इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/सोलर आइटम, न्यू/मरम्पत	प्रति मी./प्रति नग	
38	विभिन्न प्रजातियों के छायादार/शोभाकर टिम्बर पौधे।	प्रति नग	

ग्राम प्रधान **ग्राम सचिव**
ग्राम पंचायत बलकरनपुर **ग्राम पंचायत बलकरनपुर**
वि.ख. बनियाखेड़ा, सम्भल। **वि.ख. बनियाखेड़ा, सम्भल।**

कोहली के फॉर्म में होने से आरसीबी मजबूत, डीसी की बढ़ी चिंता

■ विराट ने इस सीजन के चार मैचों में 54-66 की शानदार औसत और 143-85 की स्ट्राइक रेट से 167 रन बनाए हैं

बेंगलुरु, वार्ता। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन में गुरुवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और शानदार फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बीच मुक.ाबला होगा। कोहली का फॉर्म में होना डीसी के लिए चिंता का सबब बन सकता है।

कल के मैच में इस सीजन में शानदार फॉर्म में चल रहे आरसीबी की धड़कन कहे जाने वाले विराट कोहली पर होंगी। पूर्व भारतीय कप्तान ने अभी तक इस सीजन के चार मैचों में 54-66 की शानदार औसत और 143-85 की स्ट्राइक रेट से 167 रन बनाए हैं। बकौल, चिन्नास्वामी में कोहली की महारत

जगजाहिर है। कोहली ने आईपीएल में इस मैदान पर 3,000 से ज्यादा रन बनाकर शीर्ष क्रम में हैं। इस सीजन में आरसीबी फिलहाल चार मैचों में तीन जीत के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान काबिज है। वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस पर 12 रन की रोमांचक जीत के बाद आरसीबी इस मुकाबले में विजय अभियान को बरकरार रखने के लिए मैदान में उतरेगा। पिछले मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए, आरसीबी ने कोहली (42 गेंदों पर 67 रन), रजत पाटीदार (32 गेंदों पर 64 रन) और जितेश शर्मा (19 गेंदों पर नाबाद 40 रन) के योगदान की बदौलत 221/5 का बड़ा स्कोर खघ किया। हालांकि उनके गेंदबा.जों ने धैर्य का परिचय देते हुए और क्रुणाल पांड्या के चार विकेट टीम के लिए निर्णायक साबित हुए। बल्लेबाजी पर अत्यधिक निर्भरता के लिए लंबे समय से आलोचना झेल रही बेंगलुरु की टीम इस सीजन में संतुलन में दिख रही है। इस बार जोश हेजलवुड ने गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है, उन्होंने चार मैचों में 7-76 की दर से 8 विकेट लिए हैं। वहीं यश दयाल और क्रुणाल पांड्या ने भी गेंदबाजी में अपने हाथ दिखायें हैं, जबकि भुवनेश्वर कुमार के अनुभव ने नई गेंद पर बहुत नियंत्रित होकर गेंदबा.जी की है। दूसरी तरफ, दिल्ली अभी तक पांच में से चार मैच जीतकर शीर्ष स्थान पर काबिज है। हाल ही चेपॉक का मैदान जो मेहमान टीमों के लिए ऐतिहासिक रूप से कठिन साबित होती रही है, उसमें खेले गए मैच में दिल्ली ने चेन्नई सुपर किंग्स को उसी के घर में 25 रनों से मात दी थी। मुकाबले में केएल राहुल ने 51 गेंदों पर 77 रनों की बढ़िया पारी खेली, जबकि मिशेल स्टार्क ने विकेट लेने का सिलसिला जारी रखते हुए सीजन का अपना नौवां विकेट हासिल किया। वहीं अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स और अक्षर पटेल सहित डीसी का मध्य क्रम मजबूत है। हालांकि ऑस्ट्रेलियाई युवा जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने अभी तक के मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, लेकिन चिन्नास्वामी की सपाट पिच पर शायद उन्हें यह मौका मिल सकता है। अक्षर की अगुआई में टीम और बीच के ओवरों में चाइनामैन कुलद.ीप यादव की स्पिन का जादू दिल्ली कैपिटल्स की सबसे संतुलित टीमों में से एक बनी हुई है।

आईपीएल में पहली बार डरा हुआ थाः कोहली

■ कहाः द्रविड़-कुंबले जैसे दिग्गजों के साथ खेलना सपने जैसा, युवराज-जहीर को छोड़ किसी से नहीं मिला था

नई दिल्ली, वार्ता। विराट कोहली ने कहा- आईपीएलकी वजह से उनका टी-20 गेम निखरा है। जब मैंने पहली बार आईपीएल में खेला, तो मैं पूरी तरह से डरा हुआ था।

मैं जहीर-युवराज के अलावा किसी क्रिकेटर से नहीं मिला था। मेरे जैसे न्यू कमर के लिए अनिल कुंबले और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गजों के साथ ड्रेसिंग रूम शेयर करना किसी सपने से कम नहीं था। वर्तमान में विराट कोहली आईपीएलमें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। मौजूदा सीजन में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से खेल रहे हैं। उन्होंने पिछले मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 67 रनों की पारी खेली थी। कोहली ने कहा कि डेब्यू मैच में एक्साइटमेंट के साथ दबाव भी था। मुझे पता था कि मेरा खेल अभी उस लेवल का नहीं है। मुझे खुद को साबित करना था। दबाव की वजह से ही मेरा पहला सीजन अच्छा नहीं गया, लेकिन वह अनुभव शानदार था। शुरुआत में टॉप आर्डर में खेलने का मौका नहीं मिला रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ अपने शुरुआती सालों को याद करते हुए कोहली ने कहा, श्आरसीबी के साथ अपने पहले तीन सालों में मुझे टॉप आर्डर में बैटिंग करने का ज्यादा मौका नहीं मिला। मुझे आमतौर पर निचले आर्डर में भेजा जाता था। इसलिए मैं आईपीएलमें शुरुआत में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाया। 2009 का सीजन मेरे लिए थोड़ा बेहतर रहा। उस साल पिचें मेरे खेल के अनुकूल थीं, गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से आ रही थी और मैं अपने शाट्स ज्यादा आजादी से खेल सकता था। यह मेरे करियर का एक दिलचस्प दौर था। 2010 के बाद से मैंने अच्छा परफार्म करना शुरू कर दिया और 2011 तक मैं रेगुलर तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने लगा। आईपीएल अलग तरीके की चुनौती कोहली ने आगे कहा कि आईपीएलआपको बहुत ही अलग तरीके से चुनौती देता है। यह एक छोटी बाइलैटरल सीरीज की तरह नहीं है, यह कई हफ्ते तक चलता है और पाइंट्स टेबल में आपकी स्थिति बदलती रहती है। पाइंट्स टेबल में लगातार बदलते पोजिशन से अलग-अलग तरह का दबाव आता है।

संक्षिप्त खेल समाचार

सिद्धि और अभ्युदय ने केएल गर्ग मेमोरियल में किया उलटफेर

लखनऊ, वार्ता। उत्तर प्रदेश की सिद्धि ने डा- केएल गर्ग मेमोरियल आइटा सीएस-7 (अंडर-18) टेनिस टूर्नामेंट में शीर्ष वरीय इक्षिता को हराते हुए उलटफेर भरी जीत के साथ बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। बालक वर्ग में उत्तर प्रदेश के अभ्युदय ने भी उलटफेर करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं शीर्ष वरीय यूपी के रोहिन राज, दूसरी वरीय मेहर एस-खोसला, चौथी वरीय अग्रिम साहू ने भी अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। विजयंत खंड स्टेडियम के टेनिस कोर्ट पर बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल में गैर वरीय उत्तर प्रदेश की सिद्धि ने शीर्ष वरीय उत्तर प्रदेश की ही इक्षिता को सीधे सेट में 6-1, 6-4 से हराया। इसके साथ दूसरी वरीय आशी शमसेरी, तीसरी वरीय वनिशा और चौथी वरीय गीतिका भी सेमीफाइनल में पहुंच गई। उत्तर प्रदेश की आशी ने काशवी को आसानी से 6-0, 6-0 से मात दी। वनिशा ने उत्तर प्रदेश की आद्या को 7-6(7-1), 6-2 से हराया। वनिशा ने कड़े संघर्ष के बाद पहला सेट टाईब्रेक में जीता और दूसरे सेट में बेहतर स्ट्रोक खेलते हुए जीत दर्ज की। वहीं उत्तर प्रदेश की चौथी वरीय गीतिका ने प्रदेश की ही ताशी को 6-4, 7-5 से हराकर अंतिम चार में स्थान सुरक्षित किया। बालक वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में अभ्युदय ने तीसरी वरीय यूपी के अनुज कुमार को 6-2, 7-5 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। अभ्युदय ने पहला सेट संघर्ष के बाद जीता जबकि दूसरे सेट के अंतिम क्षणों में नेट पर दमदार सर्विस करते हुए मैच अपने नाम किया।

टेस्ट क्रिकेट मेरा हमेशा का सपना : पडिक्कल

■ आरसीबी के लिए 3 साल बाद फिर खेल रहे है देवदत्त, पहले सीजन में 473 रन बनाए थे

मुंबई, वार्ता। भारतीय क्रिकेटर देवदत्त पडिक्कल ने बुधवार को एक प्रेस कान्फ्रेंस में अपने टेस्ट डेब्यू के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट खेलना हमेशा से मेरा सपना था। मेरे लिए भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेलना गर्व की बात है। इंटरव्यू में विराट कोहली पर किए गए सवाल पर उन्होंने कहा, विराट मेरे मेंटर की तरह हैं और उनके साथ खेलना मेरे लिए सपना पूरा होने जैसा है। पडिक्कल आईपीएल18 में बेंगलुरु की तरफ से खेल रहे है। उन्होंने अभी तक 4 मैचों में कुल 78 रन बनाएं है। इससे पहले वे 2 साल तक आरसीबी की तरफ से खेलें थे। पडिक्कल को फरवरी 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने 7 मार्च 2024 को धर्मशाला में अपने टेस्ट करियर की शुरुआत की। अपने पहले ही मैच में उन्होंने 103 गेंदों में 65 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और 1 छक्का शामिल था।ध्‍ पडिक्कल ने 2020-21 के अपने पहले आईपीएलसीजन में ही 473 रन बनाए और इमर्जिंग प्लेयर का अवार्ड भी जीता। उन्होंने इसके अगले सीजन में भी आरसीबी के लिए 400 से रन बनाए। हालांकि, बेंगलुरु ने इसके बाद पडिक्कल को रिलीज कर दिया और राजस्थान रायल्स ने उन्हें आईपीएल2022 से पहले आक्शन में खरीद लिया। 2 साल आरआर और एक साल एलएसजी के साथ खेलने के बाद 2025 की मेगा-नीलामी में, पडिक्कल को आरसीबी ने वापस खरीद लिया।

गुजरात ने राजस्थान को 218 रन का लक्ष्य दिया

■ ओपनर साई सुदर्शन ने 82 रन की पारी खेली, बटलर-शाहरुख ने 36-36 रन बनाए

अहमदाबाद, वार्ता। गुजरात टाइटंस (जीटी) ने आईपीएल 2025 के 23वें मैच में राजस्थान रायल्स (आरआर) को जीत के लिए 218 रन का टारगेट दिया है।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। गुजरात ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 217 रन बनाए। ओपनर साई सुदर्शन ने 82 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। जोस बटलर और शाहरुख खान ने 36-36 रन बनाकर आउट हुए। राजस्थान की ओर से तुषार देशपांडे और महीश तीक्षणा को 2-2 विकेट मिले। जोफ्रा आर्चरी और संदीप शर्मा के खाते में एक-एक विकेट आया। 20वां ओवर डाल रहे संदीप

शर्मा के ओवर से 16 रन आए। उनके ओवर में राहुल तेवतिया ने दो चौके और एक छक्का लगाया। 19वें ओवर में साई सुदर्शन 82 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें तुषार देशपांडे ने संजू सैमसन के हाथों कैच कराया। इस तरह गुजराज का 5वां विकेट गिरा। इसी ओवर में टीम ने 200 रन का आंकड़ा भी पार कर लिया। आखिरी बाल पर राशिद खान 12 रन बनाकर आउट हुए। 18वें ओवर की आखिरी बाल पर साई सुदर्शन को जीवनदान मिला। जोफ्रा आर्चर के ओवर में शुभम दुबे से डीप बैकवर्ड स्क्वैयर लेग में कैच छूट गया। 16वें ओवर में शाहरुख खान 36 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें महीश तीक्षणा ने विकेटकीपर संजू सैमसन के हाथों कैच कराया। तीक्षणा ने जोस बटलर को भी आउट किया। 14वें ओवर में शाहरुख खान ने महीश तीक्षणा पर लगातार तीन बाउंड्री लगाई। उन्होंने तीसरी बाल पर छक्का जड़ा। फिर चौथी और 5वीं बाल पर लगातार दो चौके लगाए। 14वें ओवर में राजस्थान ने इम्पैक्ट प्लेयर्स नियम का उपयोग किया। टीम ने फजलहक फारुकी की जगह शुभम दुबे को मैदान पर बुलाया। बेंगलुरु का स्कोर 100 पार, शाहरुख खान ने लगातार दो चौके मारे। 12वें ओवर में गुजरात ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। फजलहक फारुकी के ओवर में शाहरुख खान ने लगातार दो चौके लगाए। 10वें ओवर में साई सुदर्शन ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने 32 बाल पर हाफ सेंचुरी पूरी की।

आईपीएलः डेवोन रिटायर आउट होने वाले दूसरे बल्लेबाज बने

■ जरूरी रन रेट बढ़ता देख कोनवे ने रिटायर आउट होने का फैसला लिया



मुल्लांपुर, वार्ता। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाज डेवोन कानवे इस आईपीएल सीजन रिटायर आउट होने वाले दूसरे बल्लेबाज बने। उनसे पहले मुंबई इंडियंस के तिलक वर्मा भी रिटायर आउट हुए थे। हालांकि, सीएसके के लिए यह दांव काम नहीं आया और उसे पंजाब किंग्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। पंजाब ने सीएसके के सामने 220 रनों का लक्ष्य रखा था।

लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके के लिए कानवे ने 18वें ओवर तक बल्लेबाजी की और 49 गेंदों पर 69 रन बनाए जिसमें छह चौका और दो छक्के शामिल हैं। कानवे ने 37 गेंदों पर अर्द्धशतक जड़ा, लेकिन जरूरी रन रेट बढ़ता देख उन्होंने रिटायर आउट होने का फैसला लिया। सीएसके को उस वक्त जीत के लिए 13 गेंदों पर 49 रनों की जरूरत थी। कानवे के रिटायर आउट होने के बाद रवींद्र जडेजा क्रीज पर आए। हालांकि, यह कदम सीएसके के लिए फायदेमंद नहीं रहा और पंजाब ने 20 ओवर में सीएसके को 201 रन पर रोक दिया। कानवे आईपीएल इतिहास में रिटायर आउट होने वाले पांचवें बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले आईपीएल में रविचंद्रन अश्विन (2022), अथर्व तायदे (2023), साई सुदर्शन (2023) और तिलक वर्मा (2025) ऐसा कर चुके हैं। कानवे के रिटायर आउट होने पर सीएसके के कप्तान ;तुराज गायकवाड़ ने कहा, कानवे शीर्ष क्रम में हमारे लिए काफी फायदेमंद हैं। जब आपके पास जडेजा हैं जो मैच फिनिश करने के लिए जाने जाते हैं, आप उनसे इसी तरह की उम्मीद करते हैं। कानवे को रिटायर आउट करने का फैसला आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क के समझ से परे था। उन्होंने इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि मुझे वह निर्णय समझ में नहीं आया, आप उस खिलाड़ी को

रिटायर आउट कर देते हैं जो 69 रन पर था और मैदान पर इतना समय बिता चुका था। मुझे पता है कि आपको छक्कों की जरूरत है, लेकिन ऐसा नहीं है कि कानवे छक्के नहीं मार सकता। कप्तान के तौर पर इस तरह के फैसले ही आपको दर्शाते हैं। इसी से हमेशा तय होता है कि आप जीतते हैं या हारते हैं। सीएसके के लिए पंजाब के खिलाफ डेवोन कानवे ने अर्धशतकीय पारी खेली। तीसरे विकेट के लिए शिवम दुबे और डेवोन कानवे ने 51 गेंदों में 89 रन जोड़े। कानवे ने इस मुकाबले में 69 रनों की दमदार पारी खेली। इसी के साथ कानवे ने आईपीएल में 1000 रन भी पूरे कर लिए। वह सबसे कम पारियों में 1000 रन पूरे करने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में साई सुदर्शन और मैथ्यू हेडन को पीछे छोड़ा। सुदर्शन और हेडन ने 25 पारियों में आईपीएल में 1000 रन पूरे किए थे, जबकि कानवे ने 24 पारियों में ही ऐसा किया।

जैक ड्रेपर मोंटे कार्लो के तीसरे दौर में

पेरिस, वार्ता। ब्रिटेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने सीजन के अपने पहले क्ले कोर्ट मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए मोंटे कार्लो मास्टर्स के तीसरे दौर में जगह बना ली हैं। ड्रेपर ने एक घंटा एक मिनट तक चले मुकाबले में अमेरिका के मार्कोस गिरोन को 6-1, 6-1 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। ड्रेपर ने मैच के दौरान पांच ऐस और 21 विनर लगाए। पहले दौर में बाई पाने वाले 23 वर्षीय ड्रेपर का अगले दौर में स्पेन के एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना और अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

मैक्सवेल पर लगा मैच फीस का 25 प्रतिशत का जुर्माना

चंडीगढ़, वार्ता। पंजाब किंग्स के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और एक डिमेरिट अंक भी जोड़ गया है।

मंगलवार की रात पंजाब और चेन्नई के बीच न्यू पीसीए स्टेडियम में खेले मैच में मैक्सवेल को आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया था। ग्लेन मैक्सवेल ने आईपीएल आचार संहिता अनुच्छेद 2-2 (मैच के दौरान गाली गलौच और तोड़फोड) लेवल 1 अपराध और मैच रेफरी की सजा को स्वीकार कर लिया हैं। आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि आचार संहिता के लेवल 1 उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। उल्लेखनीय है कि इस मैच में पंजाब किंग्स ने प्रियांश आर्य के सनसनीखेज शतक और दबाव में संयमित गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स पर 18 रनों से जीत दर्ज की थी।

फैंस को एंटरटेनमेंट पसंदः हसन अली

बोलेः अगर हम पीसीएल में अच्छा खेलें, तो वे आईपीएल देखना बंद कर देंगे

कराची, वार्ता। पाकिस्तान के गेंदबाज हसन अली ने दावा किया है कि अगर पाकिस्तानी क्रिकेट लीग में उनके खिलाड़ी अच्छा खेलते हैं, तो उन्हें देखने के लिए फैंस इंडियन प्रीमियर लीग छोड़ देंगे। 30 साल के मीडियम फास्ट बालर पाकिस्तान क्रिकेट लीग (पीसीएल) शुरू होने से पहले जियो टीवी से बात कर रहे थे।

उन्होंने पीसीएल के भारतीय लीग आईपीएलसे क्लैश के सवाल पर कहा कि फैंस ऐसे टूर्नामेंट देखते हैं, जहां मनोरंजन के साथ अच्छा क्रिकेट होता है। अगर हम पीसीएल में अच्छा खेलते हैं, तो दर्शक हमें देखने के लिए आईपीएलछोड़ देंगे।श पाकिस्तान के इंटरनेशनल शेडड्ूल के कारण पीसीएल की शुरुआत 11 अप्रैल से हो रही है। इसी समय भारत में आईपीएलचल रहा है। आमतौर पर पीसीएल का आयोजन फरवरी-मार्च के बीच होता है। हसन अली ने कहा कि अगर पाकिस्तान की नेशनल टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी तो उसका

सकारात्मक असर पीसीएल पर भी पड़ेगा। टीम के बुरे परफारमेंस के कारण लीग की इमेज डाउन हो जाती है। हसन अली का पीसीएल करियर हसन अली ने अभी तक पीसीएल में कुल 82 मैच खेलें है। जिसमें उन्होंने 8.03 की इकानमी से 108 विकेट झटके हैं। अपने पीसीएल करियर में वो पेशावर जाल्मी, इस्लामाबाद यूनाइटेड और कराची किंग्स की तरफ से खेल चुके हैं। पीसीएल भारतीय लीग आईपीएलके जैसा टी-20 टूर्नामेंट है। इस साल टूर्नामेंट का 10वां सीजन होगा। टूर्नामेंट चार शहरों कराची, मुल्तान, रावलपिंडी और लाहौर में आयोजित होगा। इसमें 6 टीमें हिस्सा लेंगी। हसन इसमें कराची किंग्स की तरफ से खेलेंगे। यह टूर्नामेंट पिछले साल इस्लामाबाद यूनाइटेड ने जीता था। उससे पहले के दोनों सीजन लाहौर कलंदर्स ने जीते थे। इस सीजन में खेलने वाली टीमों में इस्लामाबाद यूनाइटेड, लाहौर कलंदर्स, क्वेटा ग्लैडिएटर्स, पेशावर जाल्मी, कराची किंग्स और मुल्तान सुल्तांस शामिल हैं।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स : संभावित बिहार खो–खो टीम का ट्रेनिंग कैंप 12 अप्रैल से मुंगेर में

पटना, वार्ता। बिहार में आगामी 04 से 15 मई तक आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेने वाली संभावित बिहार खो-खो टीम का ट्रेनिंग कैंप आगामी 12 अप्रैल से मुंगेर में आयोजित किया जाएगा। खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव नीरज कुमार पप्पू ने बुधवार को बताया कि यह कैंप पहले गया में आयोजित होनी थी पर खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार के आग्रह पर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिद.ेशक रवींद्र शंकरण ने मुंगेर में आयोजित करने का आदेश दिया है।

उन्होंने बताया कि इस कैंप में पिछले दिनों पटना में आयोजित सेलेक्शन ट्रायल के आधार पर बालक एवं बालिका वर्ग में 25-25 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। यह कैंप 3 मई तक चलेगा। ट्रेनिंग कैंप के आधार पर फाइनल टीम की घोषणा की जाएगी। श्री पप्पू ने बताया कि बिहार राज्य खेल प्राधिकरण से जारी पत्र के अनुसार बालक वर्ग को ट्रेनिंग विनय कुमार जायसवाल और बालिका वर्ग में स्वप्ना पांडेय ट्रेनिंग देंगे। दोनों एनआईएस खो-खो कोच हैं। ये दोनों ट्रेनिंग कैंप के अलावा मैच के दौरान भी टीम से जुड़े रहेंगे। ट्रेनिंग के दौरान बालक वर्ग स्थानीय सपोर्टिंग स्टॉफ के अमन कुमार और बालिका वर्ग में हरिमोहन होंगे। ट्रेनिंग कैंप में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों में बालक वर्ग में गोलू कुमार, धीरज कुमार, आनंद कुमार, प्रियांशु कुमार (सभी पश्चिमी चंपारण), आयुष राज, अनमोल कुमार (दोनों बांका), प्रीतम राज, आयुष राज (दोनों भागलपुर), समीर कुमार, पवन कुमार (दोनों बक्सर), आयुष कुमार (शेखपुरा), नितेश कुमार, हर्ष कुमार शामिल हैं।

प्रियांश ने जड़ा आईपीएल2025 का सबसे तेज शतक

मुल्लांपुर, वार्ता। पंजाब किंग्स के प्रियांश आर्य मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ महज 39 गेंदों शतक बनाकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में सबसे तेज शतक बनाने वाले अनकैप्ड खिलाड़ी बन गए। यहां 22 वर्षीय दाएं हाथ के इस बल्लेबाज प्रियांश चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की।

इस पारी के साथ, प्रियांश आईपीएल इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले लोगों की सूची में शामिल हो गए। वह ट्रैविस हेड (2024) के साथ बराबरी पर हैं। वह क्रिस गेल (30 गेंद, 2013), यूसुफ पठान (37 गेंद, 2010) और डेविड मिलर (38 गेंद, 2013) से पीछे हैं। प्रियांश ने संकट के समय तूफानी बल्लेबाजी की पथिराना और रवींद्र जडेजा जैसे गेंदबाजों पर करारे प्रहार किए।

उनकी यह पारी दिल्ली प्रीमियर लीग में उनके कारनामों की याद दिलाती है, जहां उन्होंने एक ओवर में छह छक्के लगाए थे। प्रियांश ने अपनी 103 रनों की पारी में नौ छक्के और सात चौके लगाए। प्रियांश इस शतक के साथ शॉन मार्श (2008), मनीष पांडे (2009), पॉल वल्थाटी (2011), देवदत्त पडिक्कल (2021), रजत पाटीदार (2022), यशस्वी जायसवाल (2022) और प्रभसिमरन लसह (2023) सहित अनकैप्ड खिलाड़ियों द्वारा आईपीएल शतकों के एक विशेष क्लब में शामिल हो गए है।

टीएमयू में भव्यता से आज निकलेगी श्रीजी की पालकी

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में 24वें तीर्थंकर महावीर का 2624वां जन्मकल्याणक महोत्सव १० अप्रैल को भव्यता और दिव्यता से मनाया जाएगा। यूनिवर्सिटी जिनालय से सुबह 07:30 बजे पालकी यात्रा निकलेगी। यहां से श्रीजी पालकी पर विराजमान होंगे। दिव्य घोष की धार्मिक संगीतमय धुनों में लीन श्रावक-श्राविकाएं श्रीजी के संग परिक्रमा करते हुए रिद्धि-सिद्धि भवन पहुंचेंगे। कैंपस का परिवेश एक दम जुदा होगा। श्वेत और केसरिया परिधान में सैंकड़ों श्रावक-श्राविकाएं भक्ति भाव में लीन रहेंगे। इससे पहले प्रात: साढ़े छह बजे मंदिर में श्रीजी का अभिषेक एवम् शांतिधारा और साढ़े सात बजे पूजा होगी। श्रीजी के रिद्धि-सिद्धि भवन में विराजमान होने के बाद प्रात: साढ़े नौ बजे चार स्वर्ण कलशों से अभिषेक होगा, जबकि शांतिधारा स्वर्ण एवं रजत झारी से होगी। जिनालय और रिद्धि-सिद्धि भवन में महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने तैयारियों का जायजा लिया। दूसरी ओर जन्म कल्याणक महोत्सव में शाम साढ़े सात बजे श्रीजी की आरती और पालना विशेष आकर्षण होंगे। भव्यता से भगवान की आरती होगी। जन्मकल्याणक महोत्सव के सभी अनुष्ठान ब्रहमचारिणी डॉ. कल्पना दीदी के सानिध्य में होंगे। शाम 07:00 बजे जिनालय में श्रीजी की आरती, जबकि 07:30 बजे रिद्धि-सिद्धि भवन में श्रीजी को पालना झुलाने का कार्यक्रम होगा। रात 08:00 बजे से आरती और भक्ति महोत्सव का शुभारम्भ होगा। कैंपस में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत प्रात: साढ़े छह बजे से धार्मिक कार्यक्रमों का शंखनाद होगा। जिनालय से श्रीजी की भव्य पालकी यात्रा निकलेगी, जिसमें श्रीजी को मस्तक पर विराजमान करके जिनालय से पालकी तक ले जाने के संग-संग चार इन्द्र बनने का सौभाग्य भी श्रावक पीयूष जैन, पारस जैन, मोहित जैन और प्रांजल जैन को मिलेगा। स्वर्ण कलश से अभिषेक का सौभाग्य वीसी प्रो. वीके जैन, टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन, स्टुडेंट्स-पार्थ जैन, सम्यक जैन को मिलेगा। प्रथम शांतिधारा मोहित जैन, अनमोल जैन, अनंत चौधरी, रितेश जैन, सोर्हत जैन, जबकि पालना झुलाने का सौभाग्य डेंटल की स्टुडेंट्स को मिलेगा। पालकी यात्रा मेडिकल हॉस्टल, मेडिकल कॉलेज, क्रिकेट पवेलियन, एडमिन ब्लॉक होते हुए रिद्धि-सिद्धि भवन पहुंचेगी। रिद्धि-सिद्धि भवन पहुंचकर श्रीजी का मंत्रोजाप के बीच अभिषेक होगा।

प्राथमिक विद्यालय में किया गया वार्षिकोत्सव का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। प्राथमिक विद्यालय नियामतपुर इकरोटिया विकास क्षेत्र मूंढापाण्डे में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया।

इसके पश्चात बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने शारदा योजना के विषय में प्रकाश डालते हुए कहा कि हर दिन स्कूल जाने से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा इसलिए हमें अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजना चाहिए। ग्राम प्रधान अशोक कुमार ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को निरंतर प्रगति हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में परीक्षाफल वितरण भी किया गया। प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, प्रतिदिन विद्यालय आने वाले विद्यार्थियों और स्वच्छ रहने वाले विद्यार्थियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान अशोक कुमार ने की। मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी मूंढापाण्डे राजेश कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में एस.आर.जी. डॉ० सचिन शुक्ला तथा राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ० हरनन्दन प्रसाद रहे। कार्यक्रम का संचालन संकुल शिक्षक जितेन्द्र कुमार जौली द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाध्यपिका द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर डॉ० जाकिर, मुनव्वर जमाल, ममता सिंह, नेहा कुमारी, आकांक्षा सिंह, आरती पाल, चन्द्रशेखर आदि उपस्थित रहे।

एक नजर

पुष्टाहार बना पशुओं का चारा

डिलारी (शाह टाइम्स संवाददाता)। नोनीहाल और गर्भवती महिलाओं को मिलने वाला पुष्टाहार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है. क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्री पुष्टाहार की कालाबाजारी कर पशुपालकों के हाथों धड़ल्ले से बेच रही हैं. क्षेत्र वासियों का कहना है कि सरकार ने नौनिहाल और गर्भवती महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए बाल विकास परियोजना के अंतर्गत कल्याणकारी योजना चलाई, जिसको माफिया ने लाभार्थियों के हक पर डाका डालकर व्यापार करना शुरू कर दिया. पोषाहार की कालाबाजारी किसानों के हाथों करनी शुरू कर दी, जो पशुओं के चारे मे उपयोग करते हैं. जिसकी घपले बाजी कई बार उजागर हो चुकी है. अबसे लगभग तीन माह पहले बाल विकास परियोजना कार्यालय डिलारी मे महिला सुपरवाइजर द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्री से अतिरिक्त पोषाहार के कटटो के एवज मे रिश्वत ले रही थी, उसी समय कार्यालय के किसी कर्मचारियों ने मोबाइल फोन से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दी. जिसकी जांच की खाना पूरी तत्कालीन जिला कार्यक्रम अधिकारी अतिरिक्त प्रभार एसीएम प्रथम मुरादाबाद ने पैसों का आपसी लेनदेन बताकर घटना को प्रकरण को दबाने की कोशिश की. संबंधित सुपरवाइजर को बचा लिया. जिस पर क्षेत्र के गांव अकबरपुर ,मिर्जापुर ,करीमुद्दीन. गजरौला सैद. मासूमपुर. बहादुरगंज. गुलरिया माफी. मलकपुर. आलियाबाद. आदि, क्षेत्रवासियों ने सरकार की कल्याणकारी योजना में गड़बड़ी रोकने की मांग की है।

अधिवक्ता परिषद ब्रज ने की बैठक

चन्दौसी। अधिवक्ता परिषद ब्रज जनपद सम्भल द्वारा बुधवार को न्यायालय परिसर में बैठक आयोजित की गई जिसमें संगठन की कार्यकारिणी विस्तार एवं आगामी समरसता दिवस (डॉ भीमराव रामजी अंबेडकर जयंती) कार्यक्रम की व्यवस्था हेतु चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष राजीव शर्मा ने बताया कि अधिवक्ता परिषद डॉ भीमराव रामजी अंबेडकर जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाता है। इसी क्रम मे 15 अप्रैल को बार रूम सभागार चन्दौसी में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यकरिणी के विस्तार हेतु प्रदेश मंत्री शंकरलाल सैनी से वार्ता करके दीपक राठौर को संगठन आयाम प्रभारी, सुनील सिंह को उपाध्यक्ष, श्यामेन्द्र सिंह को मंत्री एवं विकास मिश्रा को युवा अधिवक्ता प्रभारी नियुक्त किया गया। बैठक में श्रीगोपाल शर्मा, राहुल चौधरी, विष्णु शर्मा, उज्ज्वल सिंह, प्रवीण गुप्ता आदि मौजूद रहे।

संभल व चन्दौसी में मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग की शुरुआत

चन्दौसी। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत मेधावियों को वर्ष 2025-26 में नि:शुल्क कोचिंग देने के लिए प्रशासन ने संभल के एमजीएम महाविद्यालय और चन्दौसी के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज को चुना है। बता दें कि आर्थिक रुप से कमजोर युवाओं के लिए शासन ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना शुरु कीी है। इसके तहत जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से युवाओं को नीट, जेईई, सिविल सर्विसेज, एनडीए आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नि:शुल्क करायी जा रही है। योजना के तहत संभल जनपद में संभल के एमजीएम कॉलेज व चन्दौसी को राज. पॉलिटेक्निक कॉलेज को चुना गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि पहले बहजोई में ही कक्षाएं संचालित हुई थीं लेकिन इस बार संभल के एमजीएम महाविद्यालय और चन्दौसी के राज. पॉलिटेक्निक को भी चुना गया है। 01 जुलाई से कक्षाओं का संचालन किया जायेगा।

भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में किया संवाद

शाह टइम्स संवाददाता बिलारी। नगर के देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें सक्रिय कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस बीच उनसे संवाद भी किया गया। बुधवार को कॉलेज में हुए कार्यक्रम में ऐसे कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं ने 50 प्राथमिक सदस्य बनाए थे।पार्टी द्वारा उसको सक्रिय कार्यकर्ता बनाया था, ऐसे कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी पदाधिकारी ने संवाद किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य युवा मोर्चा राजू कालरा रहे। उन्होंने

कार्यकर्ताओं को संबोधित करके कहा कि पार्टी को मजबूत करने में सक्रिय कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका होती है। ऐसे कार्यकर्ता ही बूथ स्तर तक सरकार की नीतियों को जन-जन तक लेकर जाते हैं। बूथ के कार्यकर्ता ही सक्रिय कार्यकर्ता बनते हैं। पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल चौहान, परमेश्वर लाल सैनी पूर्व एमएलसी आदि ने पार्टी को मजबूत करने पर बल दिया। इस मौके पर भाजपा नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सैनी, मुकुल पांडे, बाबूराम लोधी, मंडल अध्यक्ष बिलारी विकास गुप्ता, रवि पासी, रामनरेश यादव, दयाराम मौर्य, मनोज ठाकुर, प्रशांत चौधरी, विश्वास यादव उर्फ लवली, उदय राज सिंह, सूरज सिंह, राजीव शर्मा,ज्ञानेंद्र शर्मा, गीता चौधरी, गीता कोली, मनु सक्सेना, सुबोध गुप्ता,मनोज सक्सेना, आदि सहित अनेको मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महामंत्री चंद्रपाल सैनी व संचालन विश्वास यादव ने किया।

अप्रैल के बाद वाहन नष्ट करने का चलेगा अभियान

कांठ (शाह टाइम्स) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चल रहे ई-रिक्शा और ऑटो अभियान में अब कार्यवाही की तैयारी है। अभियान के बीच यातायात पुलिस करीब दस हजार ई-रिक्शा का सत्यापन कर चुकी है। पड़ताल के बाद यातायात व पुलिस ने तमाम जुगाडू वाहनों को पकड़ा। इन वाहनों का न रजिस्ट्रेशन था और न ही कोई नंबर। लाइसेंस आदि भी न होने पर ऐसे वाहनों को नष्ट करने का खाका पुलिस ने तैयार कर लिया है।एसपी यातायात सुभाष चन्द्र गंगवार ने कहा है कि अवैध वाहनों का संचालन रो. कने के लिए अब जुगाडू वाहनों को नष्ट किया जाएगा। ऐसे वाहनों के पकड़ने पर उन्हें थाने में रखा जाएगा। बाद में सभी वाहनों को नष्ट करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। हालांकि इसमें मिली राशि के साथ लोड बैंक वाहन स्वामियों को नया ई-रिक्शा मुहैया कराने की भी योजना है।

टीएमयू में 'जैन अहिंसा सिद्धांत' पर डॉ. वीना रानी हॉवर्ड का प्रेरणादायक व्याख्यान, कुलपति व डीन ने किया वक्ता का सम्मान व आभार व्यक्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन संस्थान (टिमिट) के छात्रों के लिए टीएमयू के सभागार में आज एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं वैचारिक दृष्टिकोण से समृद्ध व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका विषय था "जैन अहिंसा सिद्धांत: संपूर्ण परिवर्तन के लिए अहिंसात्मक क्रांति"। यह व्याख्यान अमेरिका की प्रतिष्ठित कैलिफोर्निया राज्य विश्व. विद्यालय, फ्रेस्नो से पधारीं डॉ. वीना रानी हॉवर्ड द्वारा प्रस्तुत किया गया, जो कि फुलब्राइट-नेहरू अध्येता (2024-2025) हैं। डॉ. हॉवर्ड दर्शनशास्त्र विभाग में प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं तथा वहां स्थित महात्मा गांधी केंद्र: आंतरिक शांति और सर्वोदया की निदेशक भी हैं। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वति वंदना एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। डॉ. हॉवर्ड ने अपने व्याख्यान में जैन दर्शन के मूल आधार "अहिंसा" के सिद्धांत पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि अहिंसा केवल शारीरिक हिंसा से परहेज करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक मानसिक, वाणी और आचरण की पवित्रता का समग्र दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में अहिंसा को आत्मानुशासन, करुणा, सहिष्णुता और नैतिक विकास से जोड़ा गया है, जो समस्त जीवों के प्रति संवेदनशीलता उत्पन्न करता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने जैन परंपरा की अहिंसा से गहन प्रेरणा लेकर उसे अपने स्वतंत्रता संग्राम के मूल अस्त्र के रूप में अपनाया। अहिंसा केवल राजनीतिक परिवर्तन का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, वैश्विक शांति और व्यक्तिगत विकास का भी मार्ग है। इस विचारोत्तेजक कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) विनोद कुमार जैन ने की। उन्होंने डॉ. हॉवर्ड के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि जैन दर्शन आज के युग में पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गया है।

उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे समाज को आज जिस शांति, सहिष्णुता और सह-अस्तित्व की आवश्यकता है, उसकी राह जैन धर्म के अहिंसा सिद्धांत से होकर ही जाती है। यह केवल धार्मिक अनुशासन नहीं, अपितु एक जीवनशैली है, जिसे आत्मसात कर हम अपने जीवन को दिशा और उद्देश्य दे सकते हैं। कार्यक्रम में टिमिट - कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने भी मंच से अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे बौद्धिक आयोजनों से छात्रों में वैचारिक स्पष्टता, नैतिक दृष्टिकोण और वैश्विक सोच का विकास होता है। उन्होंने डॉ. हॉवर्ड का विश्वविद्यालय में स्वागत करते हुए कहा कि उनका अनुभव और दृष्टिकोण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहेगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सभी ने डॉ. हॉवर्ड के व्याख्यान को अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक और विचारोत्त. जक बताया। कार्यक्रम का समापन वक्ता को प्रशंसा-पत्र प्रदान कर और स्मृति-चिन्ह देकर सम्मान प्रकट करते हुए किया गया।

सीएमओ के चालक पर दुष्कर्म का आरोप

चन्दौसी। सीएमओ के चालक ने युवती की अस्मत की तार-तार कर डाला। अब युवती न्याय पाने के लिए भटक रही है। आखिर पुलिस ने सीएमओ के चालक पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। यहां बताते चलें कि स्वास्थ्य विभाग में कर्मचारी युवतियों की नौकरी लगवाने के नाम पर अस्मत लूटकर स्वास्थ्य विभाग को बदनाम करने में लगे हैं। यह तो सीएमओ का चालक है, गुन्नौर में तो सीएचसी पर तैनात एमबीबीएस की उपाधि प्राप्त डॉक्टर साहब ने बीएससी उत्तीर्ण युवती जिसके पिता बेचारे चौराहे मूंगफली बेचकर परिवार का पालन पोषण करते हैं। किसी तरह अपने बेटी को पढ़ाया और उसे कुछ बनने के काबिल बनाया परंतु स्वास्थ्य विभाग गुन्नौर में तैनात डॉक्टर ने उसे अपना शिकार बना लिया। डॉक्टर की पत्नी को जब यह कुकृत्य पता लगा तब पूरा मामला सामने आया अन्यथा युवती के साथ झांसा देकर दुष्कर्म का खेल चलता रहता। डॉक्टर साहब का यह नया कारनामा नहीं था, पहले भी वह इसी तरह कई युवतियों को शिक. ार बना चुके हैं परंतु मामला तब और बिगड़ गया जब गर्भवती होने पर युवती ने सीएचसी परिसर में जहर खाकर जान देने की कोशिश की। अब सीएमओ के चालक द्वारा स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर एक युवती से कई बार दुष्कर्म किया गया। युवती के कई बार थानों में चक्कर लगाने पर अब सीएमओ के चालक ब्रह्मसिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। युवती का कहना है कि वर्ष 2022 में संभल सीएमओ कार्यालय के चालक ब्रह्मसिंह ने स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर शैक्षिक प्रपत्र ले लिये और बाद चन्दौसी स्थित सरकारी आवास पर बुलाया और कोल्ड्रिंक में नशीला पदार्थ देकर उसके साथ दुष्कर्म किया और वीडियो भी रिकॉर्ड कर ली। इधर आरोपी चालक ने युवती को शादी का झांसा भी दिया और एक वर्ष तक कई बार दुष्कर्म किया। वर्ष भर के बाद शादीशुदा होने की बात बताई। युवती द्वारा 10 अक्टूबर 2024 को आरोपी चालक के खिलाफ एसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज करायी गयी।

इस पर आरोपी युवती को साथ रखने के लिए तैयार हो गया और तीन माह साथ रखने के बाद युवती का गर्भपात करा दिया। 02 मार्च 2025 को युवती घर लौट आयी। इसी बीच आरोपी उसके जेवर और शैक्षिक प्रमाणपत्र लेकर फरार हो गया। फिलहाल युवती द्वारा चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व नगर में निकाली गई भव्य कलश यात्रा

शाह टइम्स संवाददाता

बिलारी। नगर के मंदिर पोड़ा खेड़ा पर होने वाली श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ो की तादात में महिला पुरुषों ने हिस्सा लिया। महिलाएं सिर पर कलश धारण करके पीली साड़ी पहने हुए क्रमबद्ध होकर चल रही थी। इसके साथ ही डीजे की धुनों पर श्रद्धालु महिलाएं नृत्य करते हुए चलें। बुधवार को बिलारी के मंदिर गमादेवत से कलश यात्रा बैंड बाजे व डीजे की मधुर गीतों की घुनों पर आगे आगे चली। डीजे पर मधुर भक्ति गीत चल रहे थे। महिलाएं पीले वक्त्र धारण करके सिर पर कलश रखकर नृत्य करते हुए चल रही थी। श्रद्धालु गले में भगवा पटका पहने हुए चल रहे थे। श्री राम के जयकारे लगाते हुए आगे आगे श्रद्धालु चल रहे थे। शोभायात्रा झंडा चौक, रैली चौक से होकर मंदिर पोड़ा खेड़ा के प्रांगण में आकर समाप्त हुई। जहां कथा व्यास आचार्य शंभू शरण महाराज ने सभी श्रद्धालुओं को कथा स्थल पर कलश रखने का आग्रह किया। जगह-जगह कलश यात्रा का श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। मुख्य आयोजक देवेश शर्मा एडवोकेट, यजमान दानवीर सिंह, पूनम सिंह रही। इसके अलावा कलश यात्रा में पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, पंडित मोहनलाल शर्मा, पंडित रोहित पाराशरी, राजीव शर्मा, अनिल चौधरी, आलोक चौधरी, पंकज चौहान,धर्मेंद्र शर्मा,अरविंद शर्मा,ताराचंद शर्मा, प्रवेश कुमार सभासद, निहाल सिंह सभासद, सभासद सुमित गुप्ता,विजेंद्र चंद्रवंशी, रूप शर्मा, किरण चंद्रवंशी, पूजा शर्मा आदि सहित भारी तादात में श्रद्धालु शामिल रहे।

जिलाधिकारी ने किया माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण

चन्दौसी। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा बुधवार को विकासखंड बहजोई के ग्राम खजरा खाकम स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने मंटीपल हैंडवाश यूनिट को चेक किया। जिलाधिकारी ने बच्चों को सरल शब्दों में पर्यायवाची शब्दों को समझाया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय खजरा खाकम का निरीक्षण किया तथा विद्यालय की साफ-सफाई को लेकर विशेष निर्देश दिए। संबंधित को विद्यालय की पैमाइश कराने तथा चाहरदीवारी का एस्टिमेट शीघ्र तैयार कराते हुए विद्यालय की चहारदीवारी 07 फीट ऊंची कराने के निर्देश दिए तथा आंगनबाड़ी केन्द्र को भी चेक किया। जिलाधिकारी ने कक्षा 05 के छात्र की कॉपी भी चेक की जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय के समस्त छात्रों की 'मेरी त्रुटि-मेरी सीख' की कॉपी तैयार की जाएं। बच्चे किताबों को सुरक्षित रखें।

ग्राम के पूर्व माध्यमिक विद्यालय को प्राथमिक विद्यालय में शिफ्ट कराने तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय के अध्यापक को प्राथमिक विद्यालय से अटैच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय में मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय की गतिविधियां की जाएं तथा ग्राम प्रधान को मनरेगा के अन्तर्गत विद्यालय तक के मार्ग को बनाने के निर्देश दिए। विद्यालय में विद्युत व्यवस्था को लेकर अधिशासी अभियंता को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला पंचायती राज अधिकारी को विद्यालय में नियमित साफ सफाई के लिए सफाई कर्मचारी को लेकर भी निर्देशित किया। विद्यालय में बच्चों को कंठस्थीकरण कराया जाए तथा जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय का यूट्यूब चौनल तथा फेसबुक एकाउंट भी बनाया जाए तथा उस पर विद्यालय की प्रमुख गतिविधियों को अपलोड किया जाए। जिलाधिकारी ने बच्चों के नामांकन को बढाने के लिए भी निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, तहसीलदार चंदौसी धीरेन्द्र सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी बहजोई मुंशीलाल पटेल तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

भाजपा ने किया सक्रिय सदस्य सम्मेलन

शाह टाइम्स संवाददाता

चन्दौसी। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष में राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे विविध कार्यक्रमों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सदस्य सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें चंदौसी विधानसभा के चंदौसी नगर, बहजोई नगर, बहजोई देहात, बनियाखेड़ा मंडल, नरौली मंडल और छावड़ा मंडल के सभी सक्रिय सदस्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गुलाब देवी ने डॉ० श्याम प्रसाद मुखर्जी, पं०दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता की प्रतिमाओं पर फूल माला पहनाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 वर्षों में विकसित भारत की यात्रा केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि भारत के गत ग्यारह वर्ष अनेक विशिष्ट परिवर्तन से गुजरे हैं। उन्होंने कहा कि 2014 का इतिहास अनेक. ानेक वर्षों तक याद किया जायेगा, जब भारतवर्ष के पटल पर सांस्कृतिक एवं राष्ट्रवादी पुनर्जागरण की मिशाल जलने लगी। जब 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सत्ता में आई तो मोदीजी ने गत एक दशक से थोड़े ही अधिक समय में हम सभी को गौरवान्वित किया। उन्होनें बताया कि उज्जवला योजना से भारत की करोड़ों माताओं और बहनों को 09 करोड़ से अधिक एलपीजी कनैक्शन नि:शुल्क वितरित किये गये। अपने उदबोधन के अंत में उन्होंने चन्दौसी विधानसभा से आये सभी सक्रिय सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि आप सभी भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं। आप सभी के सहयोग के कारण आज देश विकास की लहर के साथ विश्व के शिखर पर विराजमान है, सभी देश भारत वर्ष का लोहा मान रहा है।

भाजपा संभल जिलाध्यक्ष चौधरी हरेन्द्र सिंह रिंकू ने भाजपा का चुनावी एवं संगठन विस्तार पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज 45 वर्ष के बाद पार्टी केन्द्र के अलावा 20 से अधिक राज्यों में सस्वयं सत्ता में है या अपने सहयोगी दलों के साथ सरकार चला रही है। भाजपा का केन्द्रीय नेतृत्व मानता है कि अभी भाजपा का विस्तार होना शेष है। नरेन्द्र मोदी-अमित शाह की जोड़ी ने पार्टी को शिखर पर पहुँचाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए हर चुनाव एक युद्ध है। आज भाजपा भारत की सबसे खास, सबसे बड़ी एवं सबसे प्रभावशाली राजनीतिक पार्टी है। इसीलिए भाजपा गर्व से दावा करती है कि सदस्यता के हिसाब से वह विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है।

ब्लॉक प्रमुख सुगंधा सिंह ने कहा कि मुद्रा योजना के तहत ६५ प्रतिशत से अधिक लोन महिला उद्यमियों को प्रदान किये गये। योगी सरकार में ही अयोध्या में भगवान श्रीराम को टेंट से निकालकर भव्य सुन्दर मंदिर में विरा. जमान किया जाना एक बड़ी उपलब्धि है। काशी विश्वनाथ एवं महाकाल कॉरिडोर ने एक सुव्यवस्थित व्यवस्था दी। महाकुम्भ 2025 के सफल आयोजन ने जहाँ पूरे विश्व को हतप्रभ किया, वहीं देश की सांस्कृतिक चेतना को जाति धर्म से परे उठाकर उसमें नई जान फूंकी। उन्होनें कहा कि मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया जैसी योजनाओं से हुए लाभ से तो सभी परिचित हैं परन्तु जब हम ध्यान से विश्लेषण करें तो इन योजनाओं से देश के स्वावलंबन को मजबूत करने के साथ ही वैश्विकता के दौर में भी आर्थिक राष्ट्रवाद का बिगुल बजाया है। जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव ने कहा कि मोदी सरकार के ये ग्यारह साल जमीन से आसमान तक बेमिसाल हैं। उनके ये ग्यारह साल धाक, साख, सम्मान और राष्ट्र वैभव के हैं। वे गरीबों के मसीहा हैं और राष्ट्रनायक हैं। सम्मेलन की अध्यक्षता पूर्व जिला महामंत्री इंद्रपाल सिंह चौहान ने की एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष एड मनोज कठेरिया ने किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव, पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह, साध्वी गीता प्रधान, ब्लॉक प्रमुख डॉ सुगंधा सिंह, अंकित जैन, पालिकाध्यक्ष राजेश शंकर राजू, मंजू दिलेर, ओमवीर सिंह खडगवंशी, डॉ टीएस पाल, सतीश अरोरा, अंकुर अग्रवाल, ललित मोहन शर्मा, अभिनव शर्मा, गिर्राज मौर्य, हरवेश सिंह, शुभम अग्रवाल, देवेंद्र गुप्ता मोनू, विजय यादव, चंद्रसेन दिवाकर, विकास वार्ष्णेय, राजकुमार यादव, राजश्री अग्रवाल, धीरेंद्र यादव, हृदेश राणा, गिरीश रतन, सभासद तरुण नीरज, अमन कोरी, मोहित दिवाकर, रिंकू दिवाकर, आकाश आहूजा, राजकुमार ठाकरे, शीनू गुप्ता, बबिता शर्मा, पुष्पलता पाल, सुधीर मल्होत्रा, मनोज दिवाकर, शरद शर्मा, डॉ अमित वार्ष्णेय, महावीर सिंह, ओमेंद्र सिंह, कमल कुमार कमल, यश मदान, आलोक शाक्य, ऋषभ रस्तोगी, अनुज उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

करोड़ों खर्च करके गांबो को सुचारू रूप से बिजली देने की तैयारी

कांठ (शाह टाइम्स) गर्मियों में ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति देने के लिए विभाग तैयारियों में जुट गया है। ट्रांसफार्मर को फुंकने से बचाने के लिए बिजली विभाग द्वारा व्यवस्था की जा रही है, जिससे आपूर्ति बाधित न हो। ट्रांसफार्मर को सुरक्षित रखने के लिए करीब सात करोड़ रुपये से अधिक की लागत से ट्रांसफार्मरों पर टेललैस यूनिट और एलटी फ्यूज सिस्टम इंस्टॉल की जाएगा।गर्मियों में सबसे अधिक ट्रांसफार्मर फुंकने के मामले सामने आते हैं। ओवरलोडिंग के कारण ट्रांसफार्मरों में आग लगने से कई घंटों तक क्षेत्र की आपूर्ति बाधित रहती है। जिससे उपभोक्ताओं को काफी दुश्वारियां भी झेलनी पड़ती हैं। लेकिन इस बार ट्रांसफार्मर खराब न हो इसके लिए बिजली विभाग द्वारा व्यवस्था की जा रही है।

बकरी के उपले खराब करने का विरोध करने पर घर में घुसकर पीटा

भोजपुर। थाना क्षेत्र के गांव बीजना में बकरी के उपले खराब करने की शिकायत करना महिला को भारी पड़ गया। पीड़िता शमा परवीन पत्नी कलुआ खां गांव के निकट में उपले पाथकर सुखाती है। महिला का कहना है कि बुधवार को गांव के बुंदू खां की बकरी ने उपले खराब कर दिए। शिकायत की तो आरोपी बुंदू अपने साथ बेटों मोना व शहादत,मेहसर को साथ लेकर घर में घुसकर मारपीट करने लगा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच कर रही है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार , 10 अप्रैल 2025

विधेयक पर राजनीति

यह देखना बेहद विचित्र है कि जहां वक्फ संशोधन बिल लोकसभा व राज्यसभा में पारित होने के बाद राष्ट्रपति मुर्मू के हस्ताक्षर होने पर कानून का रूप ले चुका है, और आठ अप्रैल से इस विधेयक की अधिसूचना भी जारी कर दी है। तब पश्चिम बंगाल व जम्मू-कश्मीर से जिस तरह की खबरें आ रही है वह काफी चौकाती भी है और डराती भी है और सोचने पर विवश करती है कि हमारा देश किस ओर जा रहा है। मंगलवार को पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कोलकाता में जैन समाज के एक कार्यक्रम में बोलते हुए साफ बोल दिया कि नया वक्फ कानून पश्चिम बंगाल में लागू नहीं किया जाएगा। यही नहीं उन्होंने यह भी कह ढाला कि जब तक पश्चिम बंगाल में ममता दीदी है मुस्लिम समुदाय की संपत्ति की रक्षा की जाएगी। उनके अनुसार बंगाल में धर्म के नाम पर बटवारा नहीं होने देंगी और जियो और जीने दो के सिद्धांत पर ही आगे बढ़ेगी ऐसा करते हुए चाहे उनकी जान भी चली जाए उन्हे कोई प्रवाह नहीं है। वही दूसरी तरफ जम्मू-कश्मीर विधानसभा में वक्फ संशोधन बिल को लेकर लगातार तीसरे दिन भी वहां भाजपा और नेशलन कॉन्फ्रेंस के विधायकों के बीच कई बार जोरदार हंगामा देखने को मिला। जम्मू-कश्मीर विधानसभा के हालात इतने बुरे हो चले है कि विधायकों के बीच में हाथापाई हो गई। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में भी वक्फ संशोधन बिल के विरोध में हिंसा भड़क उठी जिसमें लोगों का काफी नुकसान भी हुआ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुवेंदु अधिकारी ने अपनी प्रतिक्रिया में जहां ममता बनर्जी को फर्जी हिंदू कहा है। वही यह भी कहा की मुर्शिदाबाद की हिंसा प्री प्लान्ड है। ऐसे इसलिए किया गया ताकि शिक्षक भर्ती घोटाले और 26 हजार शिक्षकों की बर्खास्तगी से लोगों का ध्यान भटकाया जा सके। असल में वक्फ संशोधन विधायक तीन व चार अप्रैल को देर रात लोकसभा व राज्यसभा से पारित हो गया था। इसके बाद पांच अप्रैल को राष्ट्रपति मुर्मू के हस्ताक्षर के बाद यह कानून का रूप ले चुका है। यह पूरी तरह लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। यहां यह भी कहना जरूरी है कि लोकतंत्र में जहां संख्या बल महत्वपूर्ण होता है वहीं आपसी सहमति का भी कम महत्व नहीं होता। यह ठीक है कि सरकार कह सकती है कि उसने विधायक को पारित करने में सभी लोकतांत्रिक तरीकों को अपनाया अब क्योंकि उसके पास प्रयाप्त संख्या बल था तो उसने वक्फ संशोधन बिल को पारित भी करा लिया। लेकिन यह तो कहना ही पड़ेगा तमाम विपक्ष व मुस्लिम संगठन इस विधेयक को मानने के लिए अभी भी तैयार दिखाई नहीं दे रहे है। दर्जनभर से अधिक याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट के द्वार भी पहुंच गई है जहां सुप्रीम कोर्ट उनपर 16 अप्रैल से सुनवाई कर सकता है। बेहतर होता कि संख्या बल से इतर लोगों के साथ आम सहमति बनाने पर गंभीरता दिखाती जोकि उसने नहीं दिखाई यही कारण है कि संसद से लेकर सड़क तक और सड़क से लेकर अदालत तक इस विधेयक का विरोध दिखाई दे रहा है। वैसे अब गेंद सुप्रीम कोर्ट के पाले में है। देखे क्या फैसला आता है।

प्रधानमंत्री व आरएसएस ने जाति जनगणना नहीं चाहते

तेलंगाना में हमने एक क्रांतिकारी कदम उठाया है, हमने जाति जनगणना कराई है, कुछ महीने पहले, मैंने संसद में प्रधानमंत्री मोदी से पूछा था कि हमें देश में जाति जनगणना करवानी चाहिए, मैं जानना चाहता था कि इस देश में किसकी कितनी हिस्सेदारी है और क्या यह देश सही मायने में आदिवासी, दलित और पिछड़े समुदायों का सम्मान करता है, प्रधानमंत्री मोदी व आरएसएस ने जाति जनगणना से साफ इन्कार कर दिया, क्योंकि वे नहीं चाहते कि इस देश में अल्पसंख्यकों को कितनी हिस्सेदारी मिलती है, यह पता चले, मैंने उनसे कहा कि हम संसद में आपके सामने ही जाति जनगणना कानून पारित करेंगे, लोकसभा में, राज्यसभा में हम कानून पास करेंगे, जाति जनगणना यहीं से निकालेंगे, मैं जानता हूं कि जो तेलंगाना की हालत है, वह हर प्रदेश की है।

राहुल गांधी
नेता विपक्ष एवं कांग्रेस सांसद

धर्मनिरपेक्ष हिंन्दुओं से 'नफरत के सौदागरों को सीख लेनी चाहिए'

पिछले दिनों देश में एक ऐसे विषय को विवाद का रूप दे दिया गया जो आजादी के 78 वर्षों बाद भी कभी विवाद का विषय था ही नहीं, उत्तर प्रदेश के कई शहरों में प्रशासन द्वारा अलविदा जुमा (रमजान का आखिरी शुक्रवार) की नमाज सड़कों पर या अपने घरों की छतों पर पढ़ने से रोक लगा दी गई, दिल्ली में भी कई भाजपा विधायकों ने एक सुर में सड़क पर नमाज पढ़ने पर रोक लगाने की मांग की

निर्मल रानी

हमारे देश के मंदिरों व शिवालों में प्रात: व सायंकालीन आरतियों के बाद जो प्रार्थनायें की जाती हैं उनमें प्रत्येक सनातनी धर्मावलंबी यह प्रार्थना भी करता है कि 'प्राणियों में सद्भावना हो', विश्व का कल्याण हो। हमारा ही धर्म हमें विश्व बंधुत्व व वसुधैव कुटुंबकम का पाठ भी पढ़ाता है और यही हमें 'सर्वे भवन्तु सुखिन:' की सीख भी देता है। यह वाक्यांश भारतीय विचारधारा में सार्वभौमिक एकता और भाईचारे की भावना के प्रतीक हैं तथा समग्र हिन्दू सोच को प्रतिबिंबित करती हैं। निश्चित रूप से यही भारतीय हिन्दू समाज का स्वभाव भी है। और भारतीय बहुसंख्यकों के यही मानवतापूर्ण संस्कार ही भारत को विश्व के सबसे बड़े धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में पहचान दिलाते हैं। परन्तु हमारे देश में दशकों से अनेक संकीर्णतावादी संगठन ऐसे भी सक्रिय हैं जिन्हें न तो 'सर्वे भवन्तु सुखिन:' की सोच पसंद है न ही विश्व बंधुत्व, वसुधैव कुटुंबकम और प्राणियों में सद्भावना जैसी बातें इन्हें पसंद हैं, और न ही इन्हें विश्व के कल्याण से कोई वास्ता है। यह संकीर्ण साम्प्रदायिकतावादी देश और दुनिया को अपने ही कट्टरपंथी रंग में रंगना चाहते हैं। यह संकीर्ण व विद्वेषपूर्ण विचार, धर्म और हिन्दू जागरण के नाम पर देश के आम शांतिप्रिय लोगों को उकसाता व भड़काता है, और इसके पीछे की सबसे बड़ी चाल यह है कि इसी वैमनस्य व साम्प्रदायिकता के नाम पर न जाने कितने निखट्टुओं को सत्ता मिल जाती है। और जो लोग लिपिक या चौकीदार अथवा सिपाही के योग्य भी नहीं होते उन्हें देश की लोकतान्त्रिक व्यवस्था में राज करने का अवसर मिल जाता है।

पिछले दिनों देश में एक ऐसे विषय को विवाद का रूप दे दिया गया जो आज़ादी के 78 वर्षों बाद भी कभी विवाद का विषय था ही नहीं। उत्तर प्रदेश के कई शहरों में प्रशासन द्वारा अलविदा (रमज़ान का आख़िरी शुक्रवार) की नमाज़ सड़कों पर या अपने घरों की छतों पर पढ़ने पर रोक लगा दी गई। जिसके कारण अलीगढ़ जैसे शहर में मुसलमानों ने प्रशासन के निर्देशों की पालना करते व सहयोग करते हुए ईद की नमाज़ ईदगाह में सुबह 7 बजे और 7:45 पर यानी दो बार में अदा की गई। ऐसा पहली बार हुआ था। दिल्ली में भी कई भाजपा विधायकों ने एक सुर में सड़क पर नमाज़ पढ़ने पर रोक लगाने की मांग की। उधर मुस्लिम धर्मगुरुओं द्वारा मुस्लिम समुदाय के लोगों से यह कहा गया कि लोग मस्जिदों में जब नमाज़ पढ़ने जाएं तो अगर एक मस्जिद में जगह ख़त्म हो जाए तो दूसरी मस्जिद में जाकर नमाज़ पढ़ लें। उन्होंने मुसलमानों से यही अपील की कि सड़कों पर नमाज़ न पढ़ी जाए और क़ानून व्यवस्था को बनाए रखने हेतु प्रशासन के निर्देशों का पालन किया जाए। परन्तु इसी सन्दर्भ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ योगी का भी एक बयान चर्चा में आया। उन्होंने सड़कों पर नमाज़ अदा करने के विरुद्ध मुसलमानों को प्रशासन द्वारा दी गई चेतावनी का पूरी तरह बचाव किया और कहा कि सड़क चलने के लिए होती है और जो लोग बोल रहे हैं उन्हें हिंदुओं से अनुशासन सीखना चाहिए। कुल 66 करोड़ लोग प्रयागराज में आए, कहीं कोई लूटपाट नहीं, कहीं कोई आगज़नी नहीं, कहीं कोई छेड़ख़ानी नहीं, कहीं कोई तोड़फोड़ नहीं, कहीं कोई अपहरण नहीं, यह होता है अनुशासन यह है धार्मिक अनुशासन। मुख्यमंत्री ने मेरठ में सड़कों पर नमाज़ अदा करने के विरुद्ध प्रशासन द्वारा दी गई चेतावनी पर उठे विवाद के बारे में पूछे जाने पर सरकार के क़दम का बचाव करते हुए कहा कि इसमें कुछ भी ग़लत नहीं है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि महाकुंभ में इस बार श्रद्धालुओं की रिकार्ड उपस्थित रही। प्रशासनिक लाप. रवाहियों के चलते भगदड़, आगज़नी व यातायात जाम जैसी कुछ घटनाएं भी हुईं। परन्तु निश्चित रूप से इन सबके बावजूद बहुसंख्य शांतिप्रिय हिन्दू श्रद्धालु देश विदेश से आए और संगम में स्नान कर वापस चले गए। निश्चित रूप से इनसे अनुशासन की सीख लेने की ज़रूरत है। परन्तु इसी कुंभ में चंद सत्ता संरक्षित लोग ऐसे भी थे जो खुले आम लोगों को आत्मरक्षा के नाम पर शस्त्र वितरित कर रहे थे। इसी महाकुंभ में कुछ लोग ऐसे भी थे जो संविधान का मज़ाक़ उड़ाते हुए हिन्दू राष्ट्र स्थापना की बातें कर रहे थे, इसी महाकुंभ में कुछ ऐसे भी थे जो 'सर्वे भवन्तु सुखिन: प्राणियों में सद्भावना और विश्व का कल्याण जैसे मूलभूत सनातनी सिद्धांतों की खिल्ली उड़ाते हुए धर्म विशेष के लोगों के मेले से बहिष्कार की बात कर रहे थे। कई संतरूपी वेषधारियों ने सत्ता के संरक्षण में केवल धर्म विशेष के विरुद्ध नफ़रत फैलाने जैसा कारोबार फैला रखा था। कुछ लोग ऐसे भी थे जो यातायात की असुविधा से खिन्न होकर बड़े पैमाने पर ट्रेंस में तोड़फोड़ कर रहे थे। परन्तु वास्तव में धन्य हैं वह करोड़ों बहुसंख्य अनुशासित देशभक्त कुंभ श्रद्धालु जिन्होंने इनके ज़हरीले व देश व संविधान विरोधी आवाहनों को धत्ता बताते हुए मेले में शांति बनाये राखी। निश्चित रूप से देश व दुनिया को ऐसे मानवतावादी हिन्दुओं से सीख लेने की ज़रूरत है। सच पूछिए तो इसी महाकुंभ के दौरान प्रशासनिक ग़लतियों के चलते जब इन्हीं श्रद्धालुओं पर भगदड़ जैसा संकट मंडराया तो इन्होंने प्रयागराज के सैकड़ों मस्जिदों, इमामबाड़ों, दरगाहों व मुस्लिम शैक्षणिक संस्थाओं में पनाह लेने के बाद वहां के मुस्लिम समाज के प्रति अपने प्रेम, विश्वास व सद्भावना के जो भाव सोशल मीडिया पर व्यक्त किए वही भाव देश के बहुसंख्य भारतीयों के भाव हैं।



धर्मनिरपेक्षता से नफ़रत करने वालों को किसी विपक्षी नेता से नहीं बल्कि स्वयं अपने ही वरिष्ठ नेता अटल बिहारी वाजपई के बयानों से सीख लेनी चाहिए। वाजपेई का कहना था कि अगर भारत धर्मनिरपेक्ष नहीं है, तो भारत बिल्कुल भारत नहीं है। यह भी वाजपेई के ही शब्द थे कि भारत भाजपा या आरएसएस की वजह से धर्मनिरपेक्ष नहीं है। बल्कि भारत धर्मनिरपेक्ष है क्योंकि इसकी 82 प्रतिशत आबादी हिंदू है। यह हिंदुओं की विचार प्रक्रिया और दर्शन है जो इस देश को धर्मनिरपेक्ष बनाता है। हिंदू किसी एक किताब या एक पैग़ंबर से बंधे नहीं हैं।

(ये लेखक के निजी विचार है)

पृथ्वी की घूर्णन शक्ति से बिजली...

आम तौर पर चुंबकीय क्षेत्र में एक सुचालक को घुमा कर बिजली उत्पन्न की जाती है जैसा कि पावर प्लांट्स में होता है, पृथ्वी का भी एक चुंबकीय क्षेत्र होता है, और जब पृथ्वी घूमती है तो इस चुंबकीय क्षेत्र का एक हिस्सा स्थिर बना रहता है, सैद्धांतिक रूप से, यदि कोई चालक पृथ्वी की सतह पर रखा जाए तो वह इस चुंबकीय क्षेत्र से गुज़रकर विद्युत धारा उत्पन्न कर सकता है हालांकि, पृथ्वी के सामान्य चुंबकीय क्षेत्र में ऐसा नहीं होता क्योंकि चालक के अंदर मौजूद आवेश खुद को इस तरह व्यवस्थित कर लेते हैं कि बिजली पैदा ही नहीं हो पाती लेकिन चायबा और उनकी टीम का दावा है कि उन्होंने इस समस्या का हल खोज लिया है

विजनगार्डन ने 2018 में इसी तरह का प्रयोग करने की कोशिश की थी, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली थी, उनका मानना है कि चायबा की परिकल्पना सही नहीं हो सकती, उनके मुताबिक चायबा के दल ने काफी सावधानी बरती है लेकिन यह भी संभव है कि दर्ज किया गया वोल्टेज तापमान में बदलाव जैसी अन्य वजहों से आया हो, फिलहाल यह अध्ययन वैज्ञानिक समुदाय में बहस का विषय बन गया है

एक हालिया अध्ययन का दावा है कि पृथ्वी के अपने चुंबकीय क्षेत्र में घूर्णन से बिजली उत्पन्न की जा सकती है।

हालांकि अध्ययन में एक विशेष उपकरण से मात्र 17 माइक्रोवोल्ट की बेहद कम विद्युत धारा उत्पन्न की गई है लेकिन वैज्ञानिकों का मानना है कि यदि यह प्रभाव वास्तविक है और इसे बड़े पैमाने पर लागू किया जा सकता है तो यह बिना प्रदूषण के बिजली उत्पादन का नया तरीका हो सकता है। खास तौर पर दूरदराज़ के इलाकों और मेडिकल उपकरणों के लिए यह तकनीक बेहद उपयोगी साबित हो सकती है। यह शोध प्रिंसटन युनिवर्सिटी के क्रिस्टोफर चायबा के नेतृत्व में किया गया और फिज़िकल रिव्यू रिसर्च में प्रकाशित हुआ है। आम तौर पर चुंबकीय क्षेत्र में एक सुचालक को घुमा कर बिजली उत्पन्न की जाती है, जैसा कि पावर प्लांट्स में होता है। पृथ्वी का भी एक चुंबकीय क्षेत्र होता है, और जब पृथ्वी घूमती है तो इस चुंबकीय क्षेत्र का एक हिस्सा स्थिर बना रहता है। सैद्धांतिक रूप से, यदि कोई चालक पृथ्वी की सतह पर रखा जाए तो वह इस चुंबकीय क्षेत्र से गुज़रकर विद्युत धारा उत्पन्न कर सकता है। हालांकि, पृथ्वी के सामान्य चुंबकीय क्षेत्र में ऐसा नहीं होता, क्योंकि चालक के अंदर मौजूद आवेश खुद को इस तरह व्यवस्थित कर लेते हैं कि बिजली पैदा ही नहीं हो पाती।

लेकिन चायबा और उनकी टीम का दावा है कि उन्होंने इस समस्या का हल खोज लिया है, खास आकार में बना एक खोखला बेलन

पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र से बिजली बना सकता है। इस परिकल्पना को जांचने के लिए वैज्ञानिकों ने मैंगनीज़, ज़िंक और आयरन वाले चुंबकीय पदार्थ से एक विशेष उपकरण बनाया। उन्होंने 17 माइक्रोवोल्ट की बहुत हल्की विद्युत धारा दर्ज की, जो पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र के सापेक्ष उपकरण की स्थिति बदलने पर भी बदल रही थी। लेकिन जब उन्होंने खोखले सिलेंडर की जगह ठोस सिलेंडर का उपयोग किया तो बिजली पैदा नहीं हुई। विस्कॉन्सिन-यूक्लेयर विश्वविद्यालय के पॉल थॉमस जैसे कुछ वैज्ञानिक इस प्रयोग को विश्वसनीय मानते हैं लेकिन फ्री युनिवर्सिटी ऑफ एम्स्टर्डम के रिंके विजनगार्डन जैसे अन्य वैज्ञानिकों को संदेह है। विजनगार्डन ने 2018 में इसी तरह का प्रयोग करने की कोशिश की थी, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली थी। उनका मानना है कि चायबा की परिकल्पना सही नहीं हो सकती। उनके मुताबिक चायबा के दल ने काफी सावधानी बरती है लेकिन यह भी संभव है कि दर्ज किया गया वोल्टेज तापमान में बदलाव जैसी अन्य वजहों से आया हो। फिलहाल, यह अध्ययन वैज्ञानिक समुदाय में बहस का विषय बन गया है। अगर आगे के प्रयोग इन नतीजों की पुष्टि कर पाते हैं तो यह बिजली उत्पादन के नए रास्ते खोल सकता है।

स्रोत फीसर्च

(महावीर जयंती पर विशेष)

भगवान महावीर: सत्य, तप और संयम की शाश्वत संहिता

'अहिंसा परमो धर्म :' के महामंत्रद्रष्टा भगवान महावीर

जैन धम के जानकारों भगवान महावीर का जन्म 599 ईसी पूर्व बिहार के कुंडलपुर के राजघराने में हुआ था, भगवान महावीर ने जीवन पर्यन्त अपने अमृत वचनों से समस्त मानव जाति को ऐसी अनुपन सौगात दी, जिन पर अमल करके मानव चाहे तो इस धरती को स्वर्ग बना सकता है



श्वेता गोयल

प्रतिवर्ष चौत्र मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी के दिन जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मोत्सव मनाया जाता है। महावीर जयंती इस वर्ष 10 अप्रैल को मनाई जा रही है। जैन धर्म के जानकारों के अनुसार भगवान महावीर का जन्म 599 ईसा पूर्व बिहार के कुंडलपुर के राजघराने में हुआ था। भगवान महावीर ने जीवन पर्यन्त अपने अमृत वचनों से समस्त मानव जाति को ऐसी अनुपम सौगात दी, जिन पर अमल करके मानव चाहे तो इस धरती को स्वर्ग बना सकता है। 'अहिंसा परमो धर्म:' सिद्धांत के लिए जाने जाते रहे भगवान महावीर का अहिंसा दर्शन आज के समय में सर्वाधिक प्रासंगिक और जरूरी प्रतीत होता है क्योंकि वर्तमान समय में मानव अपने स्वार्थ के वशीभूत कोई भी अनुचित कार्य करने और अपने फायदे के लिए हिंसा के लिए भी तत्पर दिखाई देता है।

महावीर का जन्म होते ही उनके पिता राजा सिद्धार्थ के राज्य, मान-प्रतिष्ठा और धन-धान्य में वृद्धि होने लगी थी, इसीलिए उनका नाम वर्धमान रखा गया था और चूंकि वर्धमान बचपन से ही बड़े साहसी व निर्भीक थे, इसीलिए उनके पराक्रम के कारण आगे चलकर वे महावीर के नाम से प्रसिद्ध हुए। आज के परिवेश में हम जिस प्रकार की समस्याओं और जटिल परिस्थितियों में घिरे हैं, उन सभी का समाधान महावीर के सिद्धांतों और दर्शन में समाहित है। भगवान महावीर कहा करते थे कि जिस जन्म में कोई भी जीव जैसा कर्म करेगा, भविष्य में उसे वैसा ही फल मिलेगा। वह कर्मानुसार ही देव, मनुष्य, नारक व पशु-पक्षी की योनि में भ्रमण करेगा। कर्म स्वयं प्रेरित होकर आत्मा को नहीं लगते बल्कि आत्मा कर्मों को आकृष्ट करती है। वह कहते थे कि रूग्णजनों की सेवा-सुश्रुषा करने का कार्य प्रभु की परिचर्या से भी बढ़कर है। अपने जीवनकाल में उन्होंने ऐसे अनेक उपदेश और अमृत वचन दिए, जिन्हें अपने जीवन तथा आचरण में अमल में लाकर हम अपने मानव जीवन को सार्थक बना सकते हैं।

भगवान महावीर का कहना था कि जो मनुष्य स्वयं प्राणियों की हिंसा करता है या दूसरों से हिंसा करवाता है अथवा हिंसा करने वालों का समर्थन करता है, वह जगत में अपने लिए बैर बढ़ाता है। अहिंसा की तुलना संसार के सबसे महान् व्रत से करते हुए उनका कहना था कि संसार के सभी प्राणी बराबर हैं, अत: हिंसा को त्यागिए और 'जीओ व जीने दो' का सिद्धांत अपनाइए। वे कहते थे कि संसार में प्रत्येक जीव अवध्य है, अत: आवश्यक बताकर की जाने वाली हिंसा भी हिंसा ही है और वह जीवन की कमजोरी है। उनके अनुसार छोटे-बड़े किसी भी प्राणी की हिंसा न करना, बिना दी गई वस्तु स्वयं न लेना, विश्वासघाती असत्य न बोलना, यह आत्मा निग्रह सद्पुरूषों का धर्म है। जो लोग कष्ट में धैर्य को स्थिर नहीं रख पाते, वे अहिंसा की साधना नहीं कर सकते। अहिंसक व्यक्ति तो अपने से शत्रुता रखने वालों को भी अपना प्रिय मानता है। उनका कहना था कि संसार में रहने वाले चल और स्थावर जीवों पर मन, वचन एवं शरीर से किसी भी तरह के दण्ड का प्रयोग नहीं करना चाहिए। भगवान महावीर के अनुसार किसी भी प्राणी की हिंसा न करना ही ज्ञानी होने का एकमात्र सार है और यही अहिंसा का विज्ञान है। जिस प्रकार अणु से छोटी कोई वस्तु नहीं और आकाश से बड़ा कोई पदार्थ नहीं, उसी प्रकार अहिंसा के समान संसार में कोई महान व्रत नहीं। महावीर के शब्दों में कहें तो ज्ञानी होने का यही एक सार है कि वह किसी भी प्राणी की हिंसा न करे और यही अहिंसा का विज्ञान है।

धर्म को लेकर भगवान महावीर का मत था कि धर्म उत्कृष्ट मंगल है और अहिंसा, तप व संयम उसके प्रमुख लक्षण हैं। जिन व्यक्तियों का मन सदैव धर्म में रहता है, उन्हें देव भी नमस्कार करते हैं। अपने प्रवचनों में वह कहते थे कि ब्राह्मण कुल में पैदा होने के बाद यदि कर्म श्रेष्ठ हैं तो वही व्यक्ति ब्राह्मण है किन्तु ब्राह्मण कुल में जन्म लेने के बाद भी यदि वह हिंसाजन्य कार्य करता है तो वह ब्राह्मण नहीं है जबकि नीच कुल में पैदा होने वाला व्यक्ति अगर सुआचरण, सुविचार एवं सुकृत्य करता है तो वह ब्राह्मण है। आत्मा के बारे में भगवान महावीर का तर्क था कि आत्मा शरीर से भिन्न है, आत्मा चेतन है, आत्मा नित्य है, आत्मा अविनाशी है। उनका कहना था कि मानव और पशुओं के समान पेड़-पौधों, अग्नि, वायु में भी आत्मा वास करती है और पेड़ पौधों में भी मनुष्य के समान दुख अनुभव करने की शक्ति होती है। महावीर कहते थे कि क्रोध प्रेम का नाश करता है, मान विषय का, माया मित्रता का नाश करती है और लालच सभी गुणों का। जो व्यक्ति अपना कल्याण चाहता है, उसे पाप को बढ़ाने वाले इन चारों दोषों क्रोध, मान, माया और लालच का त्याग कर देना चाहिए।

बार-बार पिंपल्स निकल आना खराब गट हेल्थ हो सकता है वजह

खराब लाइफस्टाइल और गलत खानपान के वजह से लोगों के चेहरे पर पिंपल्स बहुत ज्यादा निकलने लगते हैं। ऐसे में स्किन को पिंपल्स और पिगमेंटेशन फ्री बनाए रखना काफी मुश्किल होता है। आमतौर पर लोग महंगे-महंगे स्किनकेयर प्रोडक्ट्स खरीदते हैं लेकिन फिर भी पिंपल्स निकाल ही जाते हैं। ऐसा आपके साथ भी हो रहा तो आपको स्किन केयर के साथ ही अंदर से बॉडी डिटॉक्स करना काफी जरुरी है। इस लेख में हम आपको तीन ऐसे ड्रिंक्स की जानकारी देने जा रहे हैं, जिससे आपका गट हेल्थ बेहतर होगा और आपके चेहरा भी साफ हो जाएगा।

इन 3 हर्बल ड्रिंक्स का सेवन करें

- बॉडी को डिटॉक्स करने के लिए आप त्रिफला वॉटर का सेवन कर सकते हैं। आप रातभर एक चम्मच त्रिफला पाउडर को पानी में भिगो दें। इसके बाद अगले सुबह छानकर पी लें। यह पाचन को दुरुस्त करता है, लीवर को भी साफ होता है, कब्ज की समास्या दूर होती है। इससे स्किन अंदर से ग्लो होती है।
- नीम की ड्रिंक भी बेहद फायदेमंद होती है। नीम की कुछ पत्तियों को पानी में उबाल लें और इसे छानकर पिएं। नीम एक शद्रिशाली एंटी बैक्टीरियल है, जो खून को साफ करता है। इसके सेवन से दाग-धब्बों से छुटकारा मिलेगा। इसके अलावा, नीम ड्रिंक गट इंफ्लेमेशन को रोकता है।
- गिलोय ड्रिंक का सेवन करना भी फायदेमंद हो सकता है। गिलोय स्टेम को उबालकर उसका पानी छानकर पिएं। इसके सेवन से सूजन और पिगमेंटेशन कम होती है।

टैरिफ की धुन में मगरूर ट्रम्प ने फार्मा कंपनियों पर फेंका जाल

दावा-फार्मा कंपनियां वापस अमेरिका आएंगी

चीन ने अमेरिका पर 84 % जवाबी टैरिफ लगाया



वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ऐलान किया है कि हम जल्द ही दवाइयों पर भारी टैरिफ लगाने जा रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि उनका मकसद विदेश में दवा बना रही कंपनियों को अमेरिका में वापस लाना और घरेलू दवा इंडस्ट्री को बढ़ावा देना है। ट्रम्प ने कहा कि दूसरे देश दवाओं की कीमतों को कम रखने के लिए बहुत ज्यादा दबाव बनाते हैं। वहां ये कंपनियां सस्ती दवा बेचती हैं, लेकिन अमेरिका में ऐसा नहीं होता है। एक बार जब इन दवा कंपनियों पर टैरिफ लग जाएगा तो ये सारी कंपनियां अमे. रिका वापस आ जाएंगी। अगर अमे. रिका दवाओं पर भी टैरिफ लगाने का फैसला लेता है तो इसका भारत पर भी असर पड़ेगा। भारतीय फार्मास्यूटिकल कंपनियां हर साल अमेरिका को 40 प्रतिशत जेनेरिक दवाएं भेजती हैं। ट्रम्प ने कहा कि दवाएं दूसरे देशों में बनती हैं और इसके लिए आपको ज्यादा कीमत चुकानी पड़ती है। लंदन में जो दवा 88 डॉलर में बिकती है, वही दवा अमेरिका में 1300 डॉलर में बिक रही है। अब यह सब खत्म हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति बोले कि टैरिफ लगाने से फार्मा कंपनियां वापस आएंगी, क्योंकि अमेरिका बहुत बड़ा बाजार है। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो विदेशी दवा कंपनियों को भारी टैक्स चुकाना पड़ेगा। ट्रम्प दवाओं पर कब से और कितना टैरिफ लगाएंगे, इसकी तारीख उन्होंने नहीं बताई है। अमेरिका दुनिया में सबसे ज्यादा दवाएं खरीदने वाला देश है। यूएस ट्रेड डेटा के मुताबिक भारत, अमेरिका को सबसे ज्यादा दवा बेचने वाले टॉप-5 देशों में शामिल है। ब्यजप का अनुमान है कि अगर टैरिफ का 50 प्रतिशत बोझ मरीजों तक पहुंचाया गया, तो फार्मा कंपनियों की कमाई EBIT-DA पर 1 प्रतिशत से 7 प्रतिशत तक का असर हो सकता है। ट्रम्प के इस ऐलान के बाद मार्केट एक्सपर्ट्स ने चेतावनी दी है कि इससे दवाओं की कीमतें बढ़ सकती हैं और सप्लाई चेन पर असर पड़ सकता है। फार्मा कंपनी एली लिली के सीईओ डेविड रिक्स ने बीबीसी से कहा कि टैरिफ से R-D (अनुसंधान और विकास) पर असर पड़ेगा, जिससे नई दवाओं का विकास रुक सकता है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक अमेरिका में ज्यादातर सस्ती जेनेरिक दवाएं भारत और चीन से आती हैं। मंहगी दवा मिलने का नुकसान मरीजों को उठाना पड़ेगा। अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली सभी जेनेरिक दवाओं की लगभग 40 प्रतिशत भारत से भेजी जाती हैं।

टैरिफ की जंग में उलझे चीन और अमेरिका

कल से लागू होगा, अमेरिका के 104 प्रतिशत टैरिफ के बाद उठाया कदम

बीजिंग। अमेरिका की तरफ से लगाए गए 104 प्रतिशत टैरिफ के जवाब में चीन ने अमेरिका पर 84 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। यह टैरिफ कल से लागू होगा। इससे पहले चीन ने अमेरिकी सामान पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, जिसमें आज 50 प्रतिशत का इजाफा किया गया है। चीन के कॉमर्स मंत्रालय ने यह भी कहा है कि उसने 12 अमेरिकी कंपनियों को एक्सपोर्ट कंट्रोल लिस्ट में डाला है। इससे पहले 6 कंपनियों को गैर भरोसेमंद की लिस्ट में डाला था। वहीं, अमेरिका का चीन पर लगाया 104 प्रतिशत टैरिफ आज से लागू हो गया है। इसका मतलब है कि अब से अमेरिका पहुंचने वाले चीनी सामान दोगुने दाम से भी ज्यादा कीमत पर बिकेंगे। ट्रम्प ने फरवरी में चीन पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। इसके बाद उन्होंने मार्च में फिर से 10 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया। इस महीने की शुरुआत में ट्रम्प ने चीन पर 34 प्रतिशत और टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। इसके जवाब में चीन ने अमेरिका पर भी 34 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था। ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि अगर चीन ने अमेरिका पर लगाया गया 34 प्रतिशत टैरिफ वापस नहीं लिया तो उसे मार्च में लगाए 20 प्रतिशत और 2 अप्रैल को लगाए गए 34 प्रतिशत टैरिफ के साथ बुधवार से 50 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। इसके बाद ट्रम्प ने चीन पर 50 प्रतिशत ज्यादा टैरिफ लगा दिया, जो बढ़कर कुल 104 प्रतिशत हो गया है। ट्रम्प की धमकी पर चीन ने कहा था कि हमारे ऊपर लगे टैरिफ को और बढ़ाने की धमकी देकर अमेरिका गलती के ऊपर गलती कर रहा है।

टीटीपी ने अमेरिकी निर्मित जेवलिन मिसाइलें की हासिल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) ने अमेरिका निर्मित एफजीएम-148-जेवलिन सहित अत्यधिक परिष्कृत टैंक रोधी मिसा. इलें हासिल कर ली हैं, जिससे पाकिस्तान की सुरक्षा चुनौतियां बढ़ गई हैं। जैवलिन मिसाइल एक मैन-पोर्टेबल एंटी-टैंक सिस्टम है और इसमें टैंक, बख्तरबंद वाहन और सेना के प्रतिष्ठानों जैसे लक्ष्यों को स्वचालित रूप से निशाना बनाने और हमला करने की क्षमता है। रिपोर्ट के अनुसार, अभी तक यह पुष्टि नहीं हुई है कि पाकिस्तान में सक्रिय टीटीपी आतंकवादियों के पास यह घातक मिसाइलें हैं या नहीं। टीटीपी अपने दुश्मनों को निशाना बनाने के लिए कहीं से भी इन मिसाइलों का इस्तेमाल कर सकता है।

मस्क ने ट्रम्प के सलाहकार नवारो को बताया बेवकूफ

वॉशिंगटन। टेस्ला के CEO इलॉन मस्क ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सीनियर ट्रेड एडवाइजर पीटर नवारो को बेवकूफ बताया। नवारो ने एक इंटरव्यू कहा था कि मस्क की टेस्ला कंपनी कार निर्माता (मैन्युफैक्चरर) नहीं बल्कि कार असेंबलर है। नवारो ने कहा था कि टेस्ला ने बैटरी, इलेक्ट्रॉनिक्स और टायर बाहर से इंपोर्ट किए थे। मस्क सस्ते विदेशी पार्ट्स चाहते हैं। नवारो के मुताबिक विदेशों पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगने से यह सभी पार्ट्स महंगे हो जाएंगे। मस्क नवारो के इस बयान से भड़क गए।

उन्होंने कहा कि टेस्ला के बारे में नवारो के दावे साफ तौर पर झूठे हैं। टेस्ला के पास सबसे ज्यादा अमेरिका में मैन्युफेक्चर्ड कारें मस्क ने जवाब देते हुए कहा कि टेस्ला के पास सबसे ज्यादा अमेरिका में मैन्युफेक्चर्ड कारें हैं।

नवारो ईंटों की बोरी से भी ज्यादा मूर्ख हैं। उन्होंने केली ब्लू बुक के एक आर्टिकल लिंक पोस्ट किया, जिसमें बताया गया था कि टेस्ला व्हीकल के ज्यादातर पार्ट्स अमेरिका में मैन्युफेक्चर होते हैं। नवारो ने सोमवार को CNBC पर कहा था कि ट्रम्प अमेरिका में मैन्युफेक्चरिंग इंडस्ट्री को पुनर्जीवित करना चाहते हैं। अगर आप अभी हमारी ऑटो इंडस्ट्री को देखेंगे तो हम जर्मन इंजन और ट्रांसमिशन के लिए असेंबली लाइन हैं। हम जल्द ऐसी स्थिति में पहुंच जाएंगे जहां अमे. रिका फिर से सामान बनाएगा, मजदूरी बढ़ेगी, मुनाफा बढ़ेगा। नवारो को ट्रम्प का कट्टर वफादार माना जाता है।

नर्सिंग होम में लगी आग से 20 की मौत

शीजीयाझुआंग। चीन के उत्तरी प्रांत हेबेई में मंगलवार रात एक नर्सिंग होम में आग लगने से 20 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह आग कल रात करीब नौ बजे चेंगडे शहर के लोंगहुआ काउंटी में लगी। अधिका. रियों ने तड़के तीन बजे तक कुल 20 लोगों की मौत की पुष्टि कर दी। आग के कारणों की जांच की जा रही है।

अमेरिका में संभावित मंदी

वाशिंगटन। पूर्व अमेरिकी ट्रेजरी सचिव लॉरेंस समर्स ने कहा कि अमेरिका मंदी की ओर बढ़ रहा है, जिसमें टैरिफ वृद्धि के परिणामस्वरूप 20 लाख अमे. रिकियों की नौकरी जाने की संभावना है। ब्लूमबर्ग टीवी को दिए गए एक साक्षात्कार में समर्स ने कहा, इसकी संभावना अधिक है कि हम मंदी में जा रहे हैं।

3 लाख भारतीय छात्रों का वर्क वीजा खतरे में

ट्रम्प ने संसद में नया बिल पेश किया, भारत के तीन लाख स्टूडेंट्स की चिंता बढ़ी

अमेरिका

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग OPT को खत्म करने के लिए अमेरिकी संसद कांग्रेस में एक नया बिल पेश किया गया है। इससे अमेरिका में पढ़ने वाले 3 लाख भारतीय छात्रों समेत दुनियाभर के छात्रों की चिंता बढ़ गई है। OPT एक ऐसा प्रोग्राम है जो F-1 वीजा पर अध्ययन करने वाले छात्रों को अपनी पढ़ाई के क्षेत्र से संबंधित क्षेत्र में अस्थाई रूप से काम करने की अनुमति देता है। इससे विज्ञान, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और गणित STEM के अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को ग्रेजुएट होने के बाद अमेरिका में 3 साल तक रहने और नौकरी खोजने की परमिशन मिलती है। अगर यह बिल पास हो जाता है तो छात्रों को F-1 वीजा पर काम करने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा वे F-1 वीजा को वर्क वीजा में परिवर्तन नहीं करा सकेंगे। ऐसे छात्रों को अमेरिका में काम करने के लिए H-1B वर्क वीजा लेना अनिवार्य होगा। यह स्थिति उन छात्रों के लिए चिंताजनक है, जो H-1B वर्क वीजा के लिए आवेदन कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक 2023-24 शैक्षणिक वर्ष में अमेरिका में 3 लाख से ज्यादा भारतीय छात्र थे, जिनमें से लगभग 33 प्रतिशत OPT के लिए पात्र थे। अमेरिका में पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों के लिए चिंता बढ़ाने वाली खबर सामने आई है। हाल ही में अमेरिकी अधिकारियों ने छात्रों के F-1 वीजा को मामूली अपराधों के आधार पर रद्द करना शुरू कर दिया है। इनमें ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन, डिंक एंड ड्राइव, ओवर स्पीडिंग और शॉप-लिफ्टिंग जैसे अपराध शामिल हैं। हैदराबाद से संबंधित कई छात्रों को ईमेल के माध्यम से बताया गया कि उनका रिकॉर्ड समाप्त कर दिया गया है और अब वे अमेरिका में कानूनी रूप से नहीं रह सकते। छात्रों को तुरंत देश छोड़ने का निर्देश दिया गया है। कई छात्रों ने दावा किया कि उनकी पुरानी गलतियों को आधार बना जा रहा है, जिनकी सभी कानूनी कार्रवाई पूरी हो चुकी हैं। एक छात्र ने बताया कि उसने 2 साल पहले स्पीडिंग का उल्लंघन किया था और जुर्माना भर दिया था। एक अन्य ने शराब पीकर गाड़ी चलाने के बाद सभी शर्तें पूरी की थीं। वहीं, अमेरिकी इमिग्रेशन कानूनों से जुड़े वकीलों का कहना है कि पहले ऐसे मामूली अपराधों पर वीसा रद्द नहीं होता था। छात्रों को सलाह दी गई है कि वे तुरंत कानूनी सलाह लें, ताकि वीजा कैंसिल होने को रोका जा सके।

2032 तक भारत विश्व का छठा बड़ा बीमा बाजार होगा: सीतारमण

7.1 %

वार्षिकी वृद्धि अपेक्षित होगी वर्ष 2024-28 तक

लंदन। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत को विदेशी बैंकों के लिए एक आकर्षक विकास अवसर प्रदान करने वाला बताते हुए बुधवार को यहां कहा कि सरकार बैंकिंग क्षेत्र में विदेशी निवेश को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित कर रही है तथा भारत 2032 तक छठा सबसे बड़ा बीमा बाजार बनने के लिए तैयार है। श्रीमती सीतारमण ने यहां विभिन्न पेंशन फंड, बीमा कंपनियों, बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 60 ब्रिटिश निवेशकों के साथ भारत-यूके निवेशक गोलमेज चर्चा में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग के विस्तार और मजबूत और स्थिर नीतिगत माहौल के साथ भारत 2032 तक छठा सबसे बड़ा बीमा बाजार बनने के लिए तैयार है, जिसमें 2024-2028 तक 7.1 प्रतिशत वार्षिकी वृद्धि अपेक्षित होगी जो जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ते बीमा बाजारों में से एक। वित्त मंत्री ने नीतिगत समर्थन के साथ सतत आर्थिक विकास और निवेश अवसरों को सक्षम करने के लिए भारत सरकार की प्राथमिकताओं को रेखांकित किया, जो न्यू इंडिया को आकार दे रहा है, और अनुपालन बोझ को कम करने और व्यवसाय और निवेश के लिए सक्षम वातावरण की सुविधा के लिए विनियमन को आसान बनाने के लिए प्रक्रिया और शासन सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए भारत सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत विदेशी बैंकों के लिए एक आकर्षक विकास अवसर प्रदान करता है और भारत सरकार बैंकिंग क्षेत्र में विदेशी निवेश को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित कर रही है। मध्यम वर्ग के विस्तार और मजबूत और स्थिर नीतिगत माहौल के साथ, केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि भारत 2032 तक छठा सबसे बड़ा बीमा बाजार बनने के लिए तैयार है, जिसमें 2024-2028 तक 7.1 प्रतिशत वार्षिकी वृद्धि अपेक्षित होगी जो जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ते बीमा बाजारों में से एक। वित्त मंत्री ने निवेशकों को बताया कि भारतीय प्रतिभूति बाजार 2023 की शुरुआत में टी प्लस 1 निपटान को पूरी तरह से अपनाने वाले पहले प्रमुख बाजारों में से एक है, और भारत का बाजार पूंजीकरण 4.6 लाख करोड़ डॉलर है, जो वर्तमान में वैश्विक स्तर पर चौथे स्थान पर है। उन्होंने भारत के पहले अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र गिफ्ट आईएफएससी के बारे में विस्तार से बात की जो काफी कर छूट, कुशल जनशक्ति, विदेशी मुद्रा लेनदेन और रणनीतिक भौगोलिक स्थिति के साथ एक सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र से संपन्न है। श्रीमती सीतारमण ने निवेशकों को बताया कि मार्च 2025 तक, बैंक, पूंजी बाजार, बीमा, फिनटेक, विमान पट्टे, जहाज पट्टे, बुलियन एक्सचेंज, आदि क्षेत्रों में 800 से अधिक संस्थाएं आईएफएससी ए के साथ पंजीकृत हो चुकी हैं। भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को इसके आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के रूप में रेखांकित करते हुए, 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 11.74 प्रतिशत (402 अरब डॉलर) होने का अनुमान लगाते हुए, वित्त मंत्री ने प्रतिभागियों को बताया कि घरेलू यूनिकॉर्न की संख्या के मामले में भारत विश्व स्तर पर तीसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि भारत अग्रणी फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र का घर है, जो एक बड़ी तकनीक-प्रेमी आबादी, सहायक सरकारी नीतियों और अभिनव स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा संचालित है।

पिछले 5 वर्षों में इस क्षेत्र में तेजी से उछाल देखा गया है, जैसा कि वैश्विक औसत 64 प्रतिशत के मुक. ाबले 87 प्रतिशत अपनाने की दर और वैश्विक फिनटेक फंडिंग के 15 प्रतिशत हिस्से से स्पष्ट है। निवेशकों ने श्रीमती सीतारमण के साथ सरकार द्वारा अपनाए गए सुधारों पर अपने विचार साझा किए और मौजूदा नीति ढांचे पर प्रतिक्रिया और अवलोकन दिए। उन्होंने ब्रिटेन और भारत के बीच गहन और व्यापक निवेश सहयोग के लिए अपनी गहरी रुचि और प्रतिबद्धता के बारे में भी बात की।

यमन में अमेरिकी हवाई हमलों में छह की मौत

सना। यमन में मंगलवार को अमे. रिकी हवाई हमलों में छह लोग मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए। हूती संचालित अल-मसीरा टीवी ने स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। उसने बताया कि होदेइदाह के रेड सी पोर्ट शहर में अमेरिकी हवाई हमलों में छह लोग मारे गए और 13 लोग घायल हो गए। हमले में शहर के अमिन मुकबिल जिले के एक आवासीय क्षेत्र को निशाना बनाया गया। वहीं, धामर प्रांत में एक फार्म पर हमले में दो अन्य लोग घायल हुए। हवाई हमलों ने पश्चिम-मध्य अम्रान प्रांत और मध्य इब्ब प्रांत में संचार सुविधाओं को नष्ट कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, नागरिक सुरक्षा दल लक्षित सुविधाओं में लगी आग को बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। अमेरिका ने मंगलवार को यमन में हूती बलों के ठिकानों के खिलाफ अपने सैन्य अभियान को तेज कर दिया, जिसमें कुल 50 हवाई हमले किए गए। अमेरिकी सेना ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। उसने पहले कहा था कि जब तक हूती जहाजों और अमेरिकी युद्धपोतों पर हमले नही बंद करते, वह रोजाना हवाई हमले करता रहेगा। हूती विद्रोहियों ने दावा किया कि उनके हमलों का उद्देश्य अमेरिका समर्थित इजरायल पर गाजा पट्टी पर हवाई हमले बंद करने और एन्क्लेव में मानवीय सहायता की अनुमति देने के लिए दबाव डालना है।

प्रवासियों से मजबूत संबंध व उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध भारत: मूर्मू

लिस्बन/ नई दिल्ली। पुर्तगाल की यात्रा पर गई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत अपने प्रवासियों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने तथा उनका कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्रीमती मुर्मू ने मंगलवार को यहां भारतीय समुदाय द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में अपने संबोधन में यह बात कही। प्रवासी भारतीय दिवस भारत सरकार के कैलेंडर में एक प्रमुख और उच्च प्राथमिकता वाला कार्यक्रम है। सरकार ने प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा और कुशलता सुनिश्चित करने के लिए संकट के समय सहयोग के लिए कई पहलें की हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय मिशन विदेश में हर भारतीय की सहायता करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि आप चाहे कही भी हों, आपकी मातृभूमि हमेशा आपके साथ है। मैं अपनी जड़ों से जुड़े रहने, पुर्तगाल में भारतीय संस्कृति को जीवित रखने भारत के प्रति अपने स्नेह, और भारतीय ध्वज को ऊंचा फहराए रखने के लिए आप सभी को धन्यवाद देती हूं। उन्होंने कहा कि पुर्तगाल के साथ भारत के ऐतिहासिक और घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। द्विपक्षीय संबंध समय के साथ और भी प्रयास हो रहे हैं। दोनों देश कई क्षेत्रों, जैसे व्यापार एवं वाणिज्य, रक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, प्रवास और संस्कृति, में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि पुर्तगाल में लघु लेकिन अत्यंत सार्थक प्रवास के दौरान उन्होंने दोनों देशों के बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंधों को महसूस किया, जो भारतीय कला, संस्कृति एवं खान-पान, योग एवं आयुर्वेद की लोकप्रियता में देखे जा सकते हैं। मैंने यह भी देखा कि लिस्बन की कई सड़कों के नाम भारत से संबंधित हैं, मुझे गांधीजी व कस्तूरबा जी की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित करने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। पुर्तगाल में भारतीय समुदाय राजनीति से लेकर व्यवसाय तक, शिक्षा से लेकर उद्योग तक, वैज्ञानिक अनुसंधान से लेकर साहित्य एवं पत्रकारिता तक और मानव कार्यों से जुड़े अन्य सभी क्षेत्रों में मौजूद है।